RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 02
फरीदाबाद, रविवार, 05 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




डोप टेस्ट में नाकाम दीपा कर्माकर पर 21 महीने का प्रतिबंध

पेज - 11


TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹53,400/-
76% Gold Rate ₹44,090/-
Making Charges 8% 100% BUY BACK EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt FBD
0129-4340998, 9990032657

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com


## घर में मृत मिलीं पद्मभूषण से सम्मानित गायिका वाणी जयराम

### सिर में लगी चोट से परेशना थीं

### 77 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**एजेंसी।** चेन्नई

**हाल** ही पद्मभूषण से सम्मानित की गईं दक्षिण की मशहूर सिंगर वाणी जयराम का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। काफी समय पहले उनके सिर में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वे बीमार रहती थीं। शनिवार सुबह वे चेन्नई स्थित अपने घर में मृत पाई गईं। अभी तक उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वाणी जयराम साउथ की फेमस प्लेबैक सिंगर थीं।

1945 में तमिलनाडु के वैल्लोर में जन्मी वाणी का असली नाम कलैवानी था। वाणी ने अपने कॅरियर में तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, उर्दू समेत 19 भाषाओं में 10 हजार से ज्यादा गाने गाए। बता दें कि कुछ समय पहले ही वाणी ने अपने करियर के 50 साल पूरे किए थे। वाणी ने बॉलीवुड को भी कई बेहतरीन गाने दिए हैं। साल 1980 में वाणी को मीरा फिल्म के, मेरे तो गिरधर गोपाल...गाने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। गुड्डी फिल्म में उनका गाया बोले रे पपीहरा...गीत भी काफी मशहूर हुआ। इसके अलावा साल 1991 में उन्हें संगीत पीठ सम्मान से भी नवाजा गया। वाणी ये सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की सिंगर थीं, तब उनकी उम्र 46 साल थी। वाणी ने एमएस इलैयाराजा, आरडी बर्मन, केवी महादेवन, ओपी नैय्यर और मदन मोहन जैसे दिग्गज कंपोजर के साथ काम किया। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म स्वप्नम से की थी।



## दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर बना बैंकॉक

**बैंकॉक।** दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर बैंकॉक बन गया है। डब्ल्यूएसओ की रिपोर्ट में बैंकॉक में पीएम 2.5 का स्तर 70.5 तक पहुंच चुका है, जो कि 14 गुना ज्यादा खराब है। प्रदूषण के दौरान दोपहर भी शाम सी नजर आ रही है। लोगों को घर पर ही रहने की सलाह दी गई है।

# अडाणी मामले से देश की छवि को कोई नुकसान नहीं : सीतारमण

### कहा, देश में पहली बार एफपीओ वापस नहीं लिया गया पहले भी कई बार एफपीओ वापस लिए गए

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**अडाणी** स्टॉक क्रैश मामले पर शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले से देश की स्थिति और छवि प्रभावित नहीं हुई है। आरबीआई इस मसले पर अपना स्पष्टीकरण पहले ही जारी कर चुका है। एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। यह पहली बार नहीं है कि एफपीओ वापस लिए गए हों, इससे पहले भी कई बार एफपीओ वापस लिए गए हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमारे देश में पहली बार एफपीओ वापस नहीं लिया गया है। इससे पहले भी कई बार एफपीओ वापस लिए गए हैं। आप लोग बताएं कि इससे कितनी बार भारत की छवि खराब हुई है और कितनी बार एफपीओ वापस नहीं आए हैं? एफपीओ का आना-जाना लगा रहता है। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी शुक्रवार को प्रतिक्रिया दी थी।



केंद्रीय बैंक ने कहा था कि ऐसी खबरें आई हैं, जिनमें भारतीय बैंकों के एक कारोबारी समूह को दिए गए ऋण पर चिंता जताई गई है। यहां हम यह साफ करना चाहते हैं कि नियामक और पर्यवेक्षक के रूप में आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए बैंकिंग क्षेत्र और व्यक्तिगत बैंकों पर निरंतर निगरानी रखता है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि आरबीआई के पास सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ इंफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट्स (सीआरआइएलसी) डेटाबेस सिस्टम है। यहां बैंक पांच करोड़ रुपये और उससे अधिक के अपने एक्सपोजर की रिपोर्ट करते हैं। आरबीआई ने कहा है कि इसका उपयोग बैंकों बड़े ऋणों की निगरानी के लिए किया जाता है। बता दें कि अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के बोर्ड ने पूरी तरह से सब्सक्राइब किए गए 20000 करोड़ के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) को वापस ले लिया था। कंपनी ने इसके साथ आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया था। जिन लोगों ने अब तक एफपीओ को सब्सक्राइब किया है, उनके पैसे वापस लौटा दिए जाएंगे। अभूतपूर्व स्थिति और मौजूदा बाजार में उतार-चढ़ाव को देखते हुए कंपनी का लक्ष्य एफपीओ आय वापस करके और पूर्ण किए गए लेनदेन को वापस लेकर अपने निवेश समुदाय के हितों की रक्षा करना है।

अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि बोर्ड इस अवसर पर हमारे एफपीओ के लिए आपके समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए सभी निवेशकों को धन्यवाद देता है। एफपीओ के लिए सदस्यता सफलतापूर्वक बंद हो गई। पिछले सप्ताह के दौरान स्टॉक में अस्थिरता के बावजूद कंपनी, इसके व्यवसाय और इसके प्रबंधन में आपका विश्वास और बेहद आश्वस्त और विनम्र रहा है।

### कानून मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकारा, किरेन रिजिजू बोले

# 'कोई किसी को वॉर्निंग नहीं दे सकता, जनता देश की मालिक'

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कानून** मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकार दिया है। रिजिजू ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है, जबकि यहां कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता। हम जनता के सेवक हैं, हम संविधान के हिसाब से काम करते हैं। रिजिजू यूपी के प्रयागराज में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा कि हमें ऐसा स्टैंड लेने पर मजबूर न करें, जिससे परेशानी हो। केंद्र ने हलफनामा दाखिल कर बताया था कि सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति के लिए भेजी सिफारिश अगले पांच दिन में मंजूर हो जाएगी। हालांकि केंद्र ने 24 घंटे की भीतर ही शनिवार को पांचों सिफारिशों को मंजूरी दे दी।

शनिवार को ने कहा कि 'मैंने देखा कि मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने (कॉलेजियम पर) चेतावनी दी है। इस देश के मालिक यहां के लोग हैं, हम सिर्फ सेवक हैं। हमारी गाइड संविधान है। संविधान के अनुसार देश चलेगा। कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता है। हम अपने आप को इस महान देश के सेवक के रूप में देखते हैं, वह अपने आप में बड़ी बात है। लोगों ने हमें मौका दिया है, काम करने का। आप सब प्रिवेलेज लोग हैं, जज-वकील बने हैं, पढ़ लिखकर ही बने हैं। हम खुश किस्मत हैं कि देश के लिए काम करने के लिए जिम्मेदारी मिली है।

### पांच जजों के नियुक्ति को केंद्र की मंजूरी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के 24 घंटे के भीतर ही केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्विटर पर इसकी जानकारी शेयर की। उन्होंने लिखा कि भारत के संविधान के तहत राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के पांच जजों को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति किया है। मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए जजों की नियुक्ति में देरी पर नाराजगी जताई थी।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर को सरकार से पांच नामों की सिफारिश की थी। इनमें जस्टिस पंकज मिथल चीफ जस्टिस राजस्थान हाइकोर्ट, जस्टिस संजय करोल चीफ जस्टिस पटना हाइकोर्ट, जस्टिस पीवी संजय कुमार चीफ जस्टिस मणिपुर हाइकोर्ट, पटना हाइकोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा का नाम शामिल था। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जस्टिस एसके कौल और एएस ओका की बेंच को बताया कि पांच जजों की नियुक्ति का वारंट जल्द जारी होगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन स्ट्रेंथ सीजेआइ समेत 34 है। फिलहाल 27 जजों के साथ काम हो रहा है। पांचों जजों के शपथ लेने के बाद यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी। याद रहे, जिस कॉलेजियम पर यह पूरा विवाद हो रहा है, वह हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर की प्रणाली है। कॉलेजियम के सदस्य जज होते हैं। वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को नए जजों की नियुक्ति के लिए नामों का सुझाव भेजते हैं। मंजूरी मिलने के बाद जजों को अपॉइंट किया जाता है।

देश में कॉलेजियम सिस्टम साल 1993 में लागू हुआ था। कॉलेजियम में पांच सदस्य होते हैं। सीजेआइ इसमें प्रमुख होते हैं। इसके अलावा चार मोस्ट सीनियर जज होते हैं। अभी इसमें छह जज हैं। बता दें, 16 जनवरी को कानून मंत्री किरण रिजिजू ने सीजेआइ को पत्र लिखकर कॉलेजियम में अपना प्रतिनिधि शामिल करने की बात कही थी। केंद्र के रुख का जवाब देने के लिए सीजेआइ की अगुआई में कॉलेजियम ने तय किया कि इस बार सारे मामले को सार्वजनिक किया जाए।

## मुंबई में फायर ब्रिगेड भर्ती के दौरान हंगामा

**मुंबई।** मुंबई में शनिवार को फायर ब्रिग्रेड भर्ती के दौरान के हंगामा हो गया। इस दौरान महिला अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। महिला अभ्यर्थियों ने भर्ती के दौरान धांधली का आरोप लगाया। लड़कियों ने कई आरोप लगाते हुई भर्ती रद्द की मांग की है। मुंबई में फायरमैन भर्ती 2023 के लिए वॉक-इन के जरिए सेलेक्शन किया जाना था। जिसे लेकर कई लड़कियां शुक्रवार रात से ऑफिस के गेट के बाहर पर बैठी थीं।

मुंबई के दहिसर पश्चिम स्व. गोपीनाथ मुंडे मैदान में महिला फायर बिग्रेड ऑफिसर की भर्ती का काम चल रहा था। जहां पर लड़कियां रात से ही इकट्ठा होकर उसी जगह भर्ती की तैयारी कर रही थीं, लेकिन सुबह उन्हें गेट के अंदर घुसने ही नही दिया गया। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने बीएमसी के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। नारेबाजी के दौरान पुलिस और लड़कियों में धक्का-मुक्की भी हुई।

## कोर्ट के आदेश पर एम्स में होगी छात्रा की डिलीवरी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने 29 सप्ताह से ज्यादा समय से गर्भवती स्टूडेंट की अबॉर्शन की मांग वाली याचिका पर फैसला सुना दिया है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक सीजेआई ने अपने चेंबर में जजों के साथ 40 मिनट तक इस केस पर चर्चा की। इसके बाद एम्स के डॉक्टरों की टीम की देखभाल में बच्चे की डिलीवरी कराने का फैसला दिया।

कोर्ट ने कहा कि जन्म के बाद बच्चे को एक फैमिली को दे दिया जाएगा, जो उसे गोद लेना चाहता है। यह प्रोसेस पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी।

वही, स्टूडेंट भी बच्चे को जन्म देने के लिए तैयार हो गई है। दरअसल, एक 20 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर अबॉर्शन कराने की इजाजत मांगी थी।



### सीजेआई ने जजों के साथ चैंबर में लिया फैसला

युवती ने याचिका में बताया कि उसे अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में सात महीने बाद पता चला। याचिकाकर्ता की शादी नहीं हुई है, इसीलिए उसका परिवार बच्चे को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर एम्स के डॉक्टरों की सलाह मांगी थी। डॉक्टरों ने बताया कि गर्भ 29 सप्ताह से ज्यादा समय का हो चुका है, इसीलिए अबॉर्शन करना न जायज है और न ही सुरक्षित है।

## आईबी डायरेक्टर के घर पर तैनात अफसर ने सुसाइड किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तुगलक रोड इलाके में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) डायरेक्टर के आवास पर तैनात सीआरपीएफ ऑफिसर ने खुद को गोली मार ली। उनकी पहचान एएसआई राजबीर कुमार (53) के रूप में हुई है। घटना बीते शुक्रवार शाम करीब चार बजे की है। पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

पुलिस ने बताया कि एएसआई राजबीर कुमार ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को दो राउंड गोली मार ली। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। कुमार पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर थे और शुक्रवार को ही ड्यूटी पर लौटे थे। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार को सूचित कर दिया गया है और धारा 174 के तहत पूछताछ शुरू कर दी गई है। अभी शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### रो पड़ीं पीटी उषा, कहा

## जब से सांसद बनी परेशान किया जा रहा, एकेडमी पर हो रहा अवैध निर्माण

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** ओलिंपिक एसोसिएशन (आईओए) की प्रेसिडेंट पीटी उषा दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रो पड़ीं। उषा ने केरल के कोझिकोड में मौजूद अपनी एकेडमी 'उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स' की जमीन पर अवैध निर्माण के आरोप लगाए। उषा ने कहा कि इस एकेडमी में देश भर से बच्चियां आती हैं।

ये उनकी सुरक्षा का मामला है। एकेडमी की जमीन पर कुछ दबंग अवैध निर्माण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को इस मामले में दखल देना चाहिए। उषा ने कहा, मेरे राज्यसभा सांसद बनने के बाद से 'उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स' को निशाना बनाया जा रहा है। मुझ पर निजी हमले हो रहे हैं। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई है। पिछले साल पीटी उषा को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।



## संसद में चर्चा से भाग रहे विपक्षी दल : अनुराग ठाकुर

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विपक्षी दलों पर जन हितैषी बजट पर बहस से बचने के लिए संसद में हंगामा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अडाणी मुद्दे पर सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को रोककर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है और साथ ही मांग की कि इसके लिए विपक्ष मुर्मू से माफी मांगें। ठाकुर ने यहां भाजपा के मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, हम राष्ट्रपति के अभिभाषण और 2023-24 के बजट पर चर्चा चाहते हैं।

# कोलकाता यूनिवर्सिटी में बीबीसी की बैन डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग

### एसएफआइ ने कॉलेज के बाहर सड़क पर स्क्रीनिंग के लिए बनाया मंच

**एजेंसी।** कोलकाता

**कोलकाता** यूनिवर्सिटी में शनिवार को स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआइ) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' दिखाई। यूनिवर्सिटी के अंदर डॉक्यूमेंट्री दिखाए जाने की परमिशन नहीं थी, इसलिए इसे बाहर सड़क पर दिखाया गया। कैंपस के अंदर बिजली नहीं मिलने पर एसएफआइ ने मुख्य सड़क पर मंच बनाया। इसके बाद लैपटॉप पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई।

इससे पहले एसएफआइ ने प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी में एक सप्ताह में दो बार डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की थी। पहली बार 27 और दूसरी बार 31 जनवरी को स्क्रीनिंग की गई। बीबीसी की दो-पार्ट वाली डॉक्यूमेंट्री की जब पहली स्क्रीनिंग की गई थी तो अचानक बिजली काट दी गई थी। एसएफआइ ने दावा किया था कि बिजली कटौती यूनिवर्सिटी के अधिकारियों द्वारा डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को रोकने के लिए की गई थी। इधर, डॉक्यूमेंट्री पर लगे बैन को लेकर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है और ओरिजनल डॉक्यूमेंट्स जमा करने के आदेश दिए हैं। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई अप्रैल में होगी।

### पहली बार 27 और दूसरी बार 31 जनवरी को स्क्रीनिंग की गई




दरअसल, डॉक्यूमेंट्री पर रोक लगाए जाने के खिलाफ महुआ मोइत्रा, प्रशांत भूषण और एडवोकेट एमएल शर्मा ने याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर बैन लगाने का सरकार का फैसला मनमाना और असंवैधानिक है।

याचिका में दावा किया गया है कि इंडिया : द मोदी क्वेश्चन नामक डॉक्यूमेंट्री में 2002 के गुजरात दंगों और उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की जांच की गई है। जब दंगे भड़के थे, तब पीएम मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री थे। याचिका में यह भी कहा गया है कि डॉक्यूमेंट्री में दंगे रोकने में नाकामयाब रहे जिम्मेदारों से जुड़े कई फैक्ट्स हैं। हालांकि, सच्चाई सामने आने के डर से इसे आइटी रूल 2021 के नियम 16 के तहत बैन किया गया है।

रिकॉर्ड किए गए फैक्ट्स भी सबूत हैं और इन्हें पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जिसे न्याय नहीं मिला है। याचिका में गुजरात दंगों के लिए जिम्मेदार लोगों की जांच की भी मांग की गई है। एमएल शर्मा ने कहा है कि बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के दोनों एपिसोड और बीबीसी के रिकॉर्ड किए गए सभी ओरिजनल फैक्ट्स की जांच करें। साथ ही गुजरात दंगों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी तरह से जिम्मेदार या शामिल आरोपियों के खिलाफ आइपीसी की धारा 146, 302, 376, 425 और 120-बी और के तहत उचित कार्रवाई करें। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका को लेकर सोमवार को ट्वीट किया। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि देश में जहां हजारों आम नागरिक न्याय के लिए इंतजार और तारीखों की मांग कर रहे हैं। ऐसे समय में कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट का कीमती समय बर्बाद करते हैं।

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु : भगदड़ में चार महिलाओं की मौत



**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुपत्तूर के वानियामबाडी में शनिवार को भगदड़ में चार महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यहां थाईपुसम त्योहार के मौके पर एक व्यक्ति मुफ्त साड़ियां और वेश्टि (सफेद धोती) के टोकन बांट रहा था। टोकन लेने बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इस दौरान भगदड़ मच गई। हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है।

### ओडिशा में गैस पाइप लाइन में धमाका, दो मजदूरों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में नयागढ़ के इटामाटी इलाके के सुनलती में शनिवार को गैस पाइप लाइन में धमाका हो गया। हादसे में से दो मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर गेल इंडिया की पाइपलाइन बिछाने के काम में लगे थे। पाइपलाइन की सफाई के दौरान अचानक कंप्रेसर फट गया, जिससे पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दिल्ली में आप ऑफिस के बाहर बीजेपी का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आप कार्यालय के बाहर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

### प्रदेश में बन रहे नकली सिक्के पुलिस ने किया खुलासा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ हरियाणा में नकली सिक्के बनाए जा रहे हैं, इसका खुलासा दिल्ली-मुंबई पुलिस की संयुक्त जांच में खुलासा हुआ है। नकली सिक्कों को बनाने वाला गिरोह इन्हें मुंबई, दिल्ली सहित आसपास के पड़ोसी राज्यों के मंदिरों और मॉल्स में सप्लाई कर रहा है। दोनों राज्यों की पुलिस इस मामले में गिरफ्तार गिरोह के कुछ सदस्यों से पूछताछ के आधार पर हरियाणा में नकली सिक्कों को बनाने वाली फैक्ट्रियों की पहचान करने में जुटी हुई है।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 25.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- सूरजकुंड मेले का तीसरा दिनः सुबह 10.30 बजे
- सेक्टर-15 में बजट को लेकर परिचर्चाः सुबह 11 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैंपः सुबह 10 बजे

## निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फण्ड एक भरोसा होता है। यह निवेशकों के पारिभाषित लक्ष्य तथा प्रतिभूतियों के विभिन्न विभागों के निवेशकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत पैसे की वसूली करती है। विभिन्न प्रकार के प्रतिभूतियों में संपत्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा वसूले गए इन पैसों का निवेश किया जाता है। इसमें विशेष योजना के तहत निवेश के लक्ष्यों पर शेयर, ऋण पत्र विनिमय, प्रतिभूति, बाजार में मुद्रा के यंत्र तथा अन्य प्रतिभूतियां शामिल होती हैं। इस तरह के लक्ष्य प्रस्ताव पत्र में साफ-साफ दिए गए होते हैं। यह कोष निवेश में दो तरह से मूल्य जोड़ता है। अर्जित की गई आय तथा बिक्री के जरिए अन्य पूंजी के संपादन से।

## यूटीलिटी न्यूज

### कैंसर स्क्रीनिंग कैंप की शुरुआत

**फरीदाबाद।** जिले के अमृता हॉस्पिटल में विश्व कैंसर दिवस के मौके पर कैंसर स्क्रीनिंग कैंप उम्मीद की शुरुआत हो चुकी है। यह कैंप 3 फरवरी से 11 फरवरी तक सुबह 11 बजे से 1 बजे तक चलेगा। इस कैंप को आयोजित करने का मकसद कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और समय पर निदान कर सही उपचार करना है। कैंसर स्क्रीनिंग कैंप में पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्क्रीनिंग पैकेज हैं। इन पैकेज में पुरुषों और महिलाओं में होने वाले कैंसर से संबंधित जांचे शामिल हैं। साथ ही ये पैकेज लोगों को किफायती दर पर प्रदान किए जा रहे हैं। 2600 बेड्स वाले भारत के सबसे बड़े निजी अस्पताल, अमृता अस्पताल में कैंसर की उच्चतम देखभाल के लिए एक उत्कृष्टता का समर्पित केंद्र है। जिसका उद्देश्य स्तन कैंसर, फेफड़े के कैंसर, डिम्बग्रंथि के कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर, पेट के कैंसर आदि और रक्त कैंसर जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, और मायलोमा जैसे कैंसर से पीड़ित रोगियों को उच्चतम स्तर की देखभाल प्रदान करना है।

## चिंतक न्यूज

### उपभोक्ता विषय पर की गतिविधियां



**फरीदाबाद।** सेक्टर 9 फरीदाबाद डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस विशेष शिविर का छठा दिन रहा। इस अवसर पर जागरूक उपभोक्ता विषय पर गतिविधियां करवाई गई। मीनू शर्मा ने इस विषय पर बच्चों के सामने पीपीटी प्रस्तुत करते हुए एक उपभोक्ता के अधिकार और कर्तव्य से स्वयंसेवकों को परिचित कराया। स्वयंसेवकों ने भी अपनी समस्याओं पर खुलकर अपने विचार प्रकट किए और शंका समाधान किया गया।

# बेखबर की खबर : तो इनको किसी का डर नहीं.... कोई जोर लापरवाही पर नहीं ?






वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास

**सुबे** के मुखिया जी ने शहर को सुंदर नगरी बनाने के लिए बड़ी उम्मीद के साथ महा विभाग का गठन किया था। लेकिन महा विभाग भी धनवान निगम और विकास विभाग की राह पर चल रहा है। महा विभाग के साहब लोग भी इन दोनों ही विभागों की तरह हर काम लेट लतीफी से कर रहे हैं। शहर में पिछले लंबे समय से अधूरे पड़े सड़कों का निर्माण इस बात का जीता जागता उदाहरण है। इन अधूरी सड़कों की वजह से रोज लाखों लोगों को परेशानी हो रही है। लेकिन महा विभाग के साहब लोगों को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। यदि महा विभाग को जनता की जरा भी फिक्र होती तो विश्वस्तरीय मेला स्थल की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण समय रहते करवा देते। हर साल मेले में जाने के लिए लाखों लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। जिसे देखते हुए सुबे के मुखिया जी ने समय रहते अढ़ाई महीने पहले ही इस सड़क के निर्माण का शिलान्यास कर दिया था। लेकिन महा विभाग ने इसलिए सड़क नहीं बनाई, क्योंकि उन्हें पता था कि आखिर सड़क का इस्तेमाल जनता ही तो करेगी। विशिष्ट अतिथि तो दिल्ली के रास्ते या फिर हेलीकॉप्टर से मेले में आते हैं।

**मलाईखोरी पर डाल रहे पर्दा :** धनवान निगम के सिपाहियों की मलाईखोरी यूं ही नहीं चल रही है। इनकी मलाईखोरी पर पर्दा डालने वाले इनके कई समर्थक शहर में मौजूद हैं। पहले तो सिपाहियों की मलाईखोरी का समर्थन दबी जुबान से किया जाता था। लेकिन अब उनके समर्थक खुलकर मलाईखोरी पर पर्दा डालने आगे आ रहे हैं। हाल ही में एक विपक्षी जनप्रतिनिधि ने धनवान निगम की एक बड़ी मलाईखोरी का पर्दाफाश किया है। विकास विभाग ने शहर के सेक्टर में श्मशान के लिए वर्षों पहले जगह अलॉट की थी। इस जमीन पर स्थानीय लोगों ने एक दूसरे के सहयोग से चारदीवारी, दाह संस्कार का शैड और अन्य निर्माण करवा लिए थे। इस बात का पता चलते ही धनवान निगम के सिपाही सक्रिय हो गए। उन्होंने हो चुके निर्माण कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर आनन फानन में ठेका तक दे दिया। इसकी भनक विपक्षी जनप्रतिनिधि को लग गई। उन्होंने भी तुरंत इस मलाईखोरी का भंडाफोड़ कर डाला। पोल खुलने पर धनवान निगम तो चुप बैठ गया। लेकिन समर्थन में एक दरबारी के रिश्तेदार विपक्षी जनप्रतिनिधि का विरोध करते नजर आए।





### बड़े साहब की छुट्टियों का लाभ

**धनवान** निगम के बड़े साहब लंबी छुट्टी के बाद हाल में काम पर लौट कर आए थे। वे अभी अपने काम को फिर सम्भालने का प्रयास कर ही रहे थे कि सरकार ने उन्हें किसी अन्य राज्य में चुनावी काम-काज के सिलसिले में भेज दिया। उनके जाने पर मुखिया जी ने अन्य शहर के बड़े साहब को अतिरिक्त प्रभार दिया हुआ है। लेकिन शहर दूर होने की वजह से वे यहां आते ही नहीं हैं। अतिरिक्त साहब पहले ही लंबी छुट्टी पर चल रहे हैं। ऐसे में फिलहाल धनवान निगम के पूरे काम काज की जिम्मेदारी संयुक्त साहब के सिर पर है। लेकिन बड़े साहब की छुट्टियों का बड़े सिपाहियों द्वारा जमकर फायदा उठाया जा रहा है। वे इन दिनों जमकर अपनी स्वार्थ सिद्धी के कामों को करने में जुटे हैं। जबकि जनता समस्याओं को लेकर त्राहि-त्राहि कर रही है।

# स्मार्ट सिटी : भ्रष्टाचार के अन्य मामलों की तरह दब गई गौंछी ड्रेन घोटाले की फाइल

## निर्माण के कुछ समय बाद ही टूटने लगी थी करोड़ों की लागत से बनी यह सड़क

राजेश दास। फरीदाबाद



करोड़ों रुपये से बनी गौंछी ड्रेन रोड की हालत।



जर्जर सड़क के दोनों तरफ ग्रीनबेल्ट की जगह मिट्टी और कूड़े के ढेर।

**एनआइटी** और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाखों लोगों को जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए नगर निगम द्वारा गौंछी ड्रेन के दोनों तरफ करोड़ों रुपये की लागत से आरएमसी सड़कों का निर्माण और इससे संबंधित अन्य कामों का ठेका दिया था। इस सड़क का निर्माण पूरा हुए करीब चार साल का समय गुजर चुका है। लेकिन सड़क निर्माण के बाद ठेकेदार द्वारा इससे संबंधित अन्य काम करवाने की आज तक जरूरत महसूस नहीं की। निगम अधिकारियों ने कामों को पूरा करवाने के लिए ठेकेदार पर कभी दबाव बनाने की कोशिश भी नहीं की। जिसके गौंछी ड्रेन के दोनों तरफ आज तक ग्रीनबेल्ट विकसित नहीं की गई। जिसके अभाव में ड्रेन के दोनों तरफ लोगों ने बड़े पैमाने पर कब्जे कर कच्चे पक्के निर्माण तक कर लिये हैं। वहीं दूसरी तरफ ड्रेन के दोनों तरफ मजबूती का दावा कर करोड़ों रुपये से बनी दोनों सड़के भी जगह जगह से टूट गई हैं। कई जगह तो सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। अब रख रखा की समय अवधि तक खत्म होने वाली है। लेकिन इसके बावजूद आज तक ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत तक नहीं करवाई। मामला सदन में उठने के बाद भी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### अधर में लटकी हुई है जांच

**गौंछी** ड्रेन रोड के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी दर्जनभर कालोनियों में रहने वाले लाखों लोगों को इस सड़क से गुजरने के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सेक्टर 22 श्मशानघाट से मुजेसर की ओर जाने वाली सड़क करीब करीब पूरी टूटकर जर्जर हो चुकी है। पार्षद प्रियंका चौधरी ने यह मामला सदन की बैठक में उठाया था। तत्कालीन निगमायुक्त डॉ. यश गर्ग ने सड़क की जांच तत्कालीन चीफ इंजीनियर ठाकुर लाल को सौंपी थी। चीफ इंजीनियर ने सड़क की जांच की तो शिकायत सही पाई गई। निर्माण के दौरान बरती गई अनियमितताओं को देखते हुए उन्होंने मामले की जांच स्टेट विजिलेंस से करवाने की संस्तुति दी थी। लेकिन उनके तबादले के बाद अधिकारी लीपापोती में जुट गए। ठेकेदार को बचाने के लिए उन्होंने सड़क के छोटे से हिस्से में पेचवर्क करा दिया। साथ ही पुलिया का निर्माण कर सड़क को कनेक्ट कर दिया। लेकिन अन्य ढेरों खामियों को न तो दूर कराया और न ही मामले को जांच के लिए स्टेट विजिलेंस के पास भेजा गया।

### आज भी अधूरे हैं कई काम

**एनआईटी** इलाके की जवाहर कालोनी, पर्वतीय कालोनी, नंगला एन्कलेव, सुंदर कालोनी और संजय कालोनी के बड़े हिस्से के लाखों लोगों को काम पर जाने के लिए जवाहर कालोनी की गुरुद्वारा रोड और 60 फुट रोड का इस्तेमाल करते हुए प्याली फैक्ट्री चौक और हार्डवेयर चौक से गुजरना पड़ता है। इसी तरह संजय कालोनी, सेक्टर 22, 23 और शिव कालोनी में रहने वाले लोग भी सेक्टर 23-24 की मैन सड़क से होते हुए, हार्डवेयर की तरफ जाते थे। जिसके कारण इन सड़कों पर सुबह और शाम को व्यस्त समय के दौरान भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। जिससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए गौंछी ड्रेन और उसके दोनों तरफ सड़कों का निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण के साथ दोनों तरफ ग्रीनबेल्ट विकसित करने और स्ट्रीट लाइटें लगाने का भी ठेका दिया था। ड्रेन और सड़क तो बनी है। संजय कालोनी तरफ स्ट्रीट लाइटें भी लग चुकी हैं। लेकिन जवाहर कालोनी तरफ लाइटें नहीं लगी और न ही दोनों तरफ ग्रीनबेल्ट विकसित हुई है।

### विजिलेंस जांच में खुलेगा घोटाला



जगह जगह से इसी तरह धस रही है सड़क।

**यदि** इस मामले की जांच स्टेट विजिलेंस को सौंपी गई तो नगर निगम अधिकारियों का एक और बड़ा घोटाला जनता के सामने आ सकता है। जिस तरह से यह सड़क जगह जगह से टूट रही है, उससे लगता है कि निर्माण के दौरान मिलीभगत से घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। करीब तीन साल पहले सामाजिक कार्यकर्ता वरूण श्योकंद की शिकायत के बाद इस सड़क के छोटे से हिस्से की मरम्मत हुई थी। लेकिन अब मुजेसर की ओर जाने वाली सड़क करीब करीब पूरी जर्जर होने लगी है। गौंछी ड्रेन रोड निर्माण के बाद सड़क की पांच साल रख रखाव की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की है। लेकिन सड़क टूटने के बावजूद ठेकेदार द्वारा कभी मरम्मत करवाने की जरूरत महसूस नहीं की गई। मछली मार्केट के पास करीब 20 फुट के हिस्से में सड़क नहीं बनी। सड़क निर्माण के दौरान देख रेख कर रहे निगम के संबंधित अधिकारियों ने इस ओर कभी ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। 200 करोड़ की तरह यह मामला भी विजिलेंस को सौंपे तो एक और घोटाला उजागर हो सकता है।

### विजिलेंस जांच जरूरी



**सामाजिक** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किए जाने की वजह से शहर की ज्यादातर सड़क बनने के कुछ समय बाद ही टूटने लगती है। सम्भव है कि इसी वजह से करोड़ों रुपये की लागत से बनी गौंछी ड्रेन रोड लगातार टूट रही है। यदि गौंछी ड्रेन और अन्य सड़क निर्माण के मामलों की जांच करवाई जाए तो कई बड़े घोटाले सामने आ सकते हैं।

# सेल्फी विद पीएम के प्रति युवाओं में दिलचस्पी

## हस्तशिल्प मेले के दूसरे दिन पर्यटकों की संख्या बढ़नी शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





सेल्फी विद पीएम स्टॉल का अवलोकन करते पर्यटक

**36वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में दूसरे दिन पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा मेला परिसर में पीएम से सीधे जुड़ें के स्टॉल में विशेषकर युवाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोटो के साथ वर्चुअल सेल्फी लेने में काफी दिलचस्पी दिखाई दी। मेला के शुभारंभ के समय महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी इस स्टॉल में पहुंचकर जानकारी हासिल की थी।

इस स्टॉल पर सेल्फी विद पीएम के तहत प्रधानमंत्री के फोटो के साथ वर्चुअल सेल्फी के लिए डिजीटल डिवाइस उपलब्ध है। इस डिवाइस की मदद से पर्यटक प्रधानमंत्री की विभिन्न मुद्राओं में फोटो का चुनाव करके सेल्फी ले सकते हैं। इतना ही नहीं डिजीटल स्क्रीन पर सेल्फी विद पीएम को अपने मोबाइल नंबर पर भी शेयर करने की सुविधा है। सभी आयु के पर्यटक सेल्फी विद पीएम स्टॉल पर दिनभर सेल्फी लेते नजर आए।

**पुस्तकें भी की गई प्रदर्शित: नमो:** ऐप के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न विषयों पर लिखित पुस्तकें, उनके जीवन पर अन्य लेखकों द्वारा लिखी हुई पुस्तकों के अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रभावित करने वाले महान व्यक्तियों के बारे में भी पुस्तक उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री काल तथा प्रधानमंत्री काल के दौरान 20 वर्ष की उपलब्धियों को पुस्तक मोदी@20 में संकलित किया गया है। प्रधानमंत्री की मन की बात, विभिन्न संबोधनों से युक्त संस्करण भी स्टॉल पर उपलब्ध हैं।

**स्कैन से योजनाओं की जानकारी:** प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा लगाए गए स्टॉल पर उमंग ऐप तथा अन्य ऐप की मदद से केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी क्यूआर कोड स्कैन करके प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ऐप से लगभग 1 करोड़ 70 लाख लोग जुड़े हुए हैं। इस स्टॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कहानी के तहत डिजीटल रूप में उनके मुख्यमंत्री काल से लेकर प्रधानमंत्री काल की अब तक की पुरानी फोटो व वीडियो को क्यूआर कोड स्कैन से प्राप्त किया जा सकता है।

# थीम स्टेट के उत्पादों पर आकर्षित हो रहे पर्यटक

## पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के उत्पाद प्रदर्शित हैं पूर्वोत्तर पैवेलियन में

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बांस से निर्मित उत्तर पूर्व पवेलियन में लगी प्रदर्शनी।

**36वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला के थीम स्टेट पूर्वोत्तर के 8 राज्यों की हस्तशिल्प उत्पादों का बांस से निर्मित उत्तर पूर्व पवेलियन में प्रदर्शन किया गया है। इन आठ राज्यों परंपरागत के परंपरागत शिल्प कला का अनूठा नमूना इस पवेलियन में देखने को मिल रहा है। विशेषकर महिलाएं इस पवेलियन के उत्पादों में विशेष रूचि ले रही हैं। उत्तर पूर्व जोनल सांस्कृतिक केंद्र की समन्वयक पपली गोगोई के नेतृत्व में इन आठ राज्यों की टीमों में दो-दो शिल्पी शामिल हैं।

36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में थीम स्टेट के तहत पूर्वोत्तर के आठ राज्यों सिक्किम, असम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश तथा मिजोरम के परंपरागत शिल्प उत्पादों में पर्यटक रूचि दिखा रहे हैं। हस्तशिल्प मेला में प्रथम बार इन राज्यों को थीम स्टेट के रूप में एक छत के नीचे लाया गया है। इन राज्यों की टीमों में एक-एक मास्टर ट्रैनर एवं एक-एक शिल्पी को शामिल किया गया है। जो मौके पर अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन कर रहीं हैं।

पूर्वोत्तर पवेलियन में सिक्किम की परंपरागत शिल्पकला टांका, असम की शिल्पकला, मेघालय की ऊन के समान धागे से बनी ऐरी तथा एक्रेलिक के उत्पाद, नागालैंड की शॉल क्यूशन कवर, त्रिपुरा की रिशा, फसरा, वैस्कॉट, मणिपुर के प्योर कॉटन से बने शॉल, मेकला, रनर्स, अरूणाचल प्रदेश के विशेषकर महिला शिल्पकारों व बुनकरों के उत्पाद व मिजोरम के शिल्पकारों के बैग, शॉल, लेडी पर्स, किड्स वियर, पारंपरिक आभूषण आदि उत्पाद भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

आठ राज्यों की शिल्पकला जानकारीः प्राचीन काल में सिक्किम के नेपचा समुदाय द्वारा स्टिनजिंग नेटल के पौधे से बुने गए धागे से बने कपड़ों का प्रयोग किया जाता थो। वर्तमान में यहां के लोग कॉटन ओर ऊनी धागे का वैजीटेबल डाइंग एवं सिन्थेटिक कलर का एक साथ प्रयोग करते हैं।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103


## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**करोड़ों लोग हैं जिनका नहीं अब कोई रखवाला**
**जो ज़िम्मेदार हैं उनके तो मुख पर पड़ गया ताला**
**बनाई रब ने तो जन्नत मगर निज स्वार्थ के चलते**
**यहाँ दुनिया को इंसानों ने दोज़ख़ में बदल डाला**

# सांस्कृतिक विविधता का मंच है अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला

## पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव ने किया छोटी चौपाल का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव छोटी चौपाल का शुभारंभ करते हुए।

**शंघाई** सहयोग संगठन के 24 देशों और ईस्टर्न सिस्टर्स के रूप में कहे जाने वाले सिक्किम, नागालैंड, मणिपुर, अरूणाचल, असम आदि आठ पहाड़ी राज्यों की शिरकत ने 36वें अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले को इंटरनेशनल लेवल पर नई ऊंचाईयां प्रदान की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 देशों की समिट के समय आयोजित हुआ यह मेला सांस्कृतिक विविधता एवं रिकार्ड पर्यटकों की भागीदारी से भारत का गौरव बढ़ाने का सुअवसर लेकर आया है।

मेला परिसर में छोटी चौपाल का शुभारंभ करते हुए हरियाणा पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन अरविंद यादव ने ये शब्द कहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात चेयरमैन अरविंद यादव ने कहा कि अनेकता में एकता के दर्शन करने हों तो उसके लिए, सूरजकुंड मेला सबसे बेहतरीन मंच है। यहां अलग-अलग देशों व राज्यों के कलाकार, शिल्पकार, दस्तकार, बुनकर, पाककला के माहिरों, चित्रकार एक धरती पर एकत्रित होते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। यह मेला इन कलाकारों व हस्तशिल्पियों को 17 दिन तक दर्शकों के बीच रहने का अवसर प्रदान करेगा। जो कि यहां आने वाले सभी लोगों के लिए जीवनभर स्मरणीय पलों के रूप में याद रखे जाएंगे। उन्होंने सभी कलाकारों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको अपना आशीर्वाद दिया।

पर्यटन विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के मंच छोटी चौपाल में वीणावादिनी मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। सबसे पहले लोकेश व उनके साथियों ने छोटी सी बनड़ी, फेरां पै झगड़ी.. गीत पर हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। उसके बाद कजाकिस्तान की युवतियों ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर अपने लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। तदोपरां पंजाब से आए युवाओं ने जोरदार भंगड़ा पेश कर दर्शकों में जोश भर दिया। कश्मीर की सबरीना मुस्कान व उनकी साथी कलाकारों ने गुलपोशो जो मानियो वलकम का दशी मानिया, बुम्बरो..बुम्बरो श्याम रंग बुमरो.. गीत पर लोकनृत्य की प्रस्तुति दी।

राजकुमार व उनकी टीम ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रधान सचिव अनुराग अग्रवाल व महानिदेशक महावीर कौशिक की प्रेरणा से बाबा फरीद की नगरी फरीदाबाद में इन कलाकारों को बुलाया गया है। इस मौके पर राजपाल, राजेश डागर, रेणु हुड्डा, डा. दीपिका, सुमन, संदीप यादव, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम, नीरज कौशिक, राजेश अत्रेय, मोंटी आदि उपस्थित रहे।

# विदेशी डांस ने दर्शकों की लूटी वाहवाही



मेले की बड़ी चौपाल पर नृत्य करते मैडागास्कर के कलाकार।

**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मेले में शनिवार को विदेशी कलाकारों की धूम रही। मुख्य चौपाल के मंच पर आज मेडागास्कर, किर्गीस्तान, युगांडा, घाना, कजाकिस्तान आदि के कलाकारों ने ऐसा रंग जमाया कि हजारों की तादाद में दर्शक झूम उठे।

शनिवार को 36वें अंतर्राष्ट्रीय मेले में आज काफी रौनक देखने को मिली। फूड कोर्ट में जहां एक ओर लोग असम, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, केरल आदि राज्यों व्यंजनों का आनंद ले रहे थे, वहीं दूसरी तरफ फूड कोर्ट से नीचे मेन रोड पार करती ही बड़ी चौपाल के मंच पर विदेशी कलाकार अपनी प्रतिभा से दर्शकों का जमावड़ा लगाए हुए थे। यहां मेडागास्कर के कलाकारों ने अपने मस्ती भरे नृत्य से दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। सीटी और तालियों के साथ उनके कार्यक्रम का समापन हुआ। किर्गीस्तान के कलाकारों ने जब कोम्बोज साज पर अपनी तान छेड़ी तो श्रोता वाहवाही करने लगे। यहां के युवाओं और युवतियों को बचपन से ही इस साज को बजाने की ट्रेनिंग दी जाती है।

# मेला : पुस्तैनी काम की बदौलत मालाकार को मिले कई पुरस्कार

## सूरजकुंड मेले में लकड़ी से बनी कलाकृतियों का कर रहे प्रदर्शन

**कविता।** फरीदाबाद

**36वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में हर साल की तरह इस बार भी अनेक नेशनल और शिल्पगुरू अन्य पुरस्कार से सम्मानित हस्तशिल्पी आए हैं। इनमें नेशनल और शिल्पगुरू अवार्ड से सम्मानित शिल्पी आशीष मालाकार भी शामिल हैं। अपने पुस्तैनी काम की बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता की कहानी पायनियर के साथ साझा की।


मेले में स्टॉल पर बैठे नेशनल और शिल्पगुरू अवार्डी आशीष।


वर्ष 2018 की फाईल फोटो-जिसमें आशीष शिल्पगुरू का अवार्ड उप राष्ट्रपति से ले रहे है।

**पुस्तैनी काम में मिले कई अवार्ड :** कोलकता निवासी आशीष मालाकर ने बताया कि शोलापीत क्राफ्ट लेकर वे मेले में आए हैं। उनकी दादी कल्यायनी मालाकर और दादा मृत्युंजय मालाकर यह करते थे। शोलापीत क्राफ्ट के लिए उनकी दादी को 1979 में अहिरावण वध की मूर्ति के लिए नेशनल अवार्ड मिला था। उनके पिता आदित्य मालाकर को नेशनल अवार्ड आकाल बौधोन मूर्ति (श्रीराम द्वारा दुर्गा की पूजा की मूर्ति) के लिए 1974 में तथा वर्ष 2007 में शिल्पगुरू अवार्ड मिला था। वहीं स्वयं आशीष मालाकर को 1990 में नेशनल अवार्ड मां दुर्गा की मूर्ति के लिए मिला था। वर्ष 2018 में उप राष्ट्रपति के हाथ से उन्हें शिल्पगुरू अवार्ड सर्वबल्ली, गोपाल और मां दुर्गा की मूर्ति बनाने पर मिला था। 2014 में उन्हें कोलकता में रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय से रविन्द्र भारती अवार्ड गणपति के लिए मिला था। कोलकता में कार्निवल के दौरान उन्हें एशियन पेंट्स अवार्ड दो बार 1998 और 2015 में मिला है।

**आ रहे हैं दस साल से :** आशीष ने बताया कि वह पिछले 10 साल से सूरजकुंड मेले में आ रहे हैं। वह लकड़ी को चीरकर मूर्ति व अन्य कलाकृतियां बनाते है। हर साल कुछ नया लाने की कोशिश करते है। इस बार भी वह हाथों से बनाई गई मां दुर्गा की तीन फीट की मूर्ति और पहली बार बनाई टेबल लैम्प लाए हैं। 45 हजार रुपये की दुर्गा की मूर्ति को बनाने में दो महीने और चार हजार रुपये का लैम्प तीन दिन बनाया है। इसके अलावा मां काली और दुर्गा की मूर्तियां और मां के फेस, नाव, वाल हैंगिंग, टेबल की सजावट का सामान, लकड़ी और पानी के रंगों से बने फूल लेकर आए हैं।

**दस कंट्री में दिखाया कमाल:** आशीष ने बताया कि वह सूरजकुंड मेले के अलावा दस कंट्री में अपनी हस्तकला की प्रदर्शनी लगा चुके हैं। वह इटली में दो बार, जिम्बाबे, दुबई, पोर्ट ऑफ स्पेन, सिंगापुर में तीन बार, हॉलैंड समेत अन्य देशों में स्टॉल लगा चुके हैं। सूरजकुंड में स्थान ठीक ने मिलने के कारण दिक्कत होती है। वर्ना बिक्री तो लगातार होती रहती है।

# होटल में नाबालिग लड़के-लड़कियों के होने सूचना पर पुलिस ने मारा छापा

## जांच में बालिग पाए जाने पर पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया

## कई गेस्ट हाउसों में पहले भी कई बार हो चुका है अनैतिक धंधों का पर्दाफाश


एनएच पांच स्थित इस गेस्ट हाउस में मारा पुलिस ने छापा।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी**-पांच के ब्लॉक स्थित एक ओयो होटल में नाबालिग लड़कियां होने की सूचना पर शनिवार को थाना एनआईटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। यहां चार युवकों और चार युवतियों को कमरों में पाया गया। लेकिन मौके पर मिले युवक और युवतियां बालिग निकले। जिस पर पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को छोड़ दिया।

थाना प्रभारी का कहना है गलत सूचना देने वाले के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**यह था मामला :** थाना एनआईटी प्रभारी सुनीता को शनिवार सुबह सूचना मिली कि एनएच पांच के ब्लॉक में स्थित एक ओयो में नाबालिग लड़के और लड़कियां मौजूद हैं। जिन्हें बिना आईडी लिए कमरा दिया गया है। इस जानकारी पर थाना प्रभारी सुनीता ने पुलिस टीम के साथ होटल में छापा मार दिया। पुलिस टीम को होटल में छापेमारी के दौरान चार लड़के और लड़कियां मिली। पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई और पूछताछ शुरू कर दी। साथ ही उनके कागजात चेक किए गए। जांच में वह सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के पाए गए। जिस पर पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया।

**अधिकारी का कथन :** थाना प्रभारी सुनीता का कहना है कि पुलिस ने पूरी तरह पूछताछ के बाद ही उन्हें छोड़ा है। सभी 18 साल से ऊपर की उम्र के थे। उन्होंने बताया कि करीब तीन माह पहले भी इसी होटल में स्कूली छात्राओं को कमरा देने का मामला उठा था।

होटल के पड़ोस के दुकानदारों ने बताया था कि एक ही इमारत में दो ओयो होटल हैं। दोनों का आपस में ग्राहकों को लेकर झगड़ा रहता है। इसी कारण एक दूसरे की शिकायत करते हैं। गलत जानकारी पुलिस को देकर उनका वक्त खराब करते हैं। ऐसे में उन्होंने इन संचालकों को नोटिस जारी कर हिदायत भी दी है।

**अनैतिक घटनाओं का खुलासा:** गौरतलब है कि शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे होटल और गेस्ट हाउसों में होने वाले अनैतिक कार्यों की वजह से आसपास के लोगों को भारी परेशानी हो रही है, क्योंकि ज्यादातर ओयो गेस्ट हाउस रिहायशी इलाकों में कायदे कानून ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा इनमें छापेमारी कर कई बार कार्रवाई भी कर चुकी है।

इनमें कई बार सट्टे और वैश्यावृति के अड्डे चलाए जाने के मामलों का भी पर्दाफाश हो चुका हैं। वहीं इनमें से कई होटल और गेस्ट हाउस में हत्या और आत्महत्या की घटनाएं भी चुकी है। स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत करने पर नगर निगम, एचएसवीपी और पुलिस एक दूसरे की जिम्मेदारी बताते हुए अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

# कैंसर के प्रति जागरुकता के लिए निकाली बाइक रैली


कैंसर जागरूकता रैली को झंडी दिखा रवाना करते चेयरमैन डॉ. पुरूषोत्तम लाल व मंडलायुक्त आईएएस विकास यादव।

**फरीदाबाद।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद की ओर से शनिवार को कैंसर के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया। मेट्रो कैंसर इंस्टीट्यूट फरीदाबाद से शुरू हुई रैली में करीब 200 राइडर्स ने हिस्सा लिया।

रैली को मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम लाल और फरीदाबाद के मंडलायुक्त आईएएस विकास यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन के दौरान मेट्रो कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ सुमंत गुप्ता ने 40 वर्ष की आयु के बाद कैंसर के लिए नियमित जांच के महत्व के बारे में बताया। कहा कि कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शुरुआती पहचान महत्वपूर्ण है। बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राइडर्स और आमजन के लिए मुफ्त कैंसर जांच शिविर का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि कैंसर भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है। यह जरूरी है कि लोग भी कैंसर के शुरुआती लक्षण के बारे में जागरूकता फैलाएं। कैंसर जागरूकता बाइक रैली इस दिशा में उठाया गया कदम है। अस्पताल को गर्व है कि हम लोगों को बीमारी के बारे में जागरूक करने में सफल रहे। आईएएस व फरीदाबाद के डिवीजनल कमिश्नर विकास यादव ने कहा कि कैंसर और इसकी जल्द पहचान के बारे में जागरूकता फैलाना सभी का कर्तव्य है। मेट्रो अस्पताल ने कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अनोखी पहल की है। उम्मीद है कि यह रैली से कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा होगी। मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम लाल ने कहा कि मेट्रो अस्पताल में मरीजों को कैंसर का गुणवत्तापरक इलाज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मजबूत इच्छाशक्ति से युवती ने कैंसर को दो बार हराया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अगर** इंसान के अंदर जीने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो वह बड़ी से बड़ी बाधा पर फतेह हासिल कर सकता है। सेक्टर-16 स्थित मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में कैंसर की एडवांस्ड स्टेज में आई 41 वर्षीय टुकटुकी राय ने ऐसा ही जज्बा दिखाया। मरीज ने कैंसर को न केवल एक बार मात दी बल्कि दूसरी बार भी पूरी बहादुरी के साथ कैंसर को हरा दिया।

मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में ऑन्कोलॉजी विभाग के एचओडी एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सनी जैन ने बताया कि सन 2019 में मरीज हमारे पास आई तो उसे गले में असहनीय दर्द, खाना खाने, पानी पीने और बोलने में काफी तकलीफ हो रही थी। मरीज ने स्थानीय सेंटर से एमआरआई और पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (पेट) इमेजिंग या स्कैन कराया था जिसमें मुंह में दाएं तरफ टॉन्सिल में कैंसर का पता चला। ट्रीटमेंट कराने से पहले मरीज काफी घबराई हुई थी। हमने ठीक से जांच करने के बाद मरीज का कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के माध्यम से इलाज शुरू किया।

# रतन कान्वेंट स्कूल: विदाई समारोह में नम हुई आंखें

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रतन** कान्वेंट स्कूल, सीकरी फरीदाबाद में 12वीं कक्षा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार के कर कमलों द्वारा रिबन काटकर व दीप प्रज्लित कर किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में 11वीं कक्षा की छात्राओं तनीषा, राखी, अंजलि, विनीता, खुशी और योगिता द्वारा गणेश वंदना की सुमधुर व आनंददायक प्रस्तुति दी गई।

छात्राओं के द्वारा मधुर गीत गाकर मुख्य अतिथियों पूजा शर्मा (रतन सिंह कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन), प्रियंका पराशर (रतन इन्सिटीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी) की प्रधानाचार्या का स्वागत किया। छात्रा तनीषा और विनीता द्वारा मधुर कविता और गीत प्रस्तुत करने के साथ-साथ शिक्षा छात्रा द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति पर तालियों कई गूंज ने वातावरण कों आंनदमय बना दिया। इसके अलावा छात्राओं नंदिनी, शिक्षा, संजू, ट्विंकल, अंजलि, योगिता, तनीषा, खुशी, आरती, प्रियंका और राखी ने ग्रुप डांस से समा बांधने के साथ-साथ कक्षा 6 और 7 की नन्ही-नन्ही कलाकारों में अंशु, काव्य, भूमि, निशि और ज्योति से सोलो डांस कई प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव-विभोर कर 12 वीं की छात्रा मानवी और तनीषा द्वारा धन्यवाद भाषण दिया गया व साथ ही कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को उनके व्यवहारानुकूल व पूरे वर्ष कई छवि के आधार पर टाईटल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने फैशन शो में अपनी आकर्षक परिधानों व अदाकारी से सबका मन मोह लिया।


प्रिंसीपल संग विदाई समारोह में शामिल विद्यार्थी।

# युवा कार्यकर्ता होते हैं संगठन की रीढ़: गुर्जर

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का जन्मदिवस ग्रामीण बिल्लू भगत, पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना, चेयरमैन अनिल लोहिया व पूर्व चेयरमैन सुनील भाटी ने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ धूमधाम से मनाया। सभी नेता अपने समर्थकों के साथ सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर पहुंचे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का कई किलो का केक काटा और कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ युवा कार्यकर्ता होते है और युवा भाजपा का संगठन मजबूत होने के साथ-साथ अनुशासित भी है।

# सूरजकुंड मेले में दिव्यांगजनों के हौंसले की उड़ान


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दिव्यांगजन** सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत निगम नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डिवल्पमेंट कार्पोरेशन द्वारा 36वें सूरजकुंड इंटरनेशनल शिल्प मेले में 12 स्टॉल खरीद कर देश भर से आए दिव्यांगजन को आवंटित किया गया है। इस मेले में देश के 12 से अधिक राज्यों के दिव्यांगजन द्वारा निर्मित हस्तकला के उत्कृष्ट प्रोडक्ट्स को डिस्प्ले किया गया है।

इस इंटरनेशनल मेले के जरिए दिव्यांगजन को अपने प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग करने का अवसर दिया गया है। मेले से संबंधित व्यय के लिये नेशनल फंड फॉर पर्सन्स विद डिसेबिलिटी के तहत अनुमोदन प्राप्त किया गया है। इस मेले के जरिए दिव्यांगजन की सृजनात्मक प्रतिभा को उभारने तथा उनके आर्थिक सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। सूरजकुंड मेले में मौजूद अरुण कुमार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि इस मेले के जरिए दिव्यांगजन के प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग की जा रही है। यह मेला हुनरमंद दिव्यांगजन की काबलियत को देश और दुनिया के सामने ला रहा है।

स्टॉल नंबर 761 से 772 तक के स्टाल दिव्यांगजन को एनएचएफडीसी द्वारा फ्री में आवंटित किए गए हैं। उन्होंने एनएचएफडीसी द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु एनएचएफडीसी द्वारा चलाई जा रही आर्थिक सशक्तिकरण की योजनाओं के बारे में बताया। एनएचएफडीसी द्वारा दिव्यांगजनों को उच्च क्वालिटी की ट्रेनिंग प्रदान के लिए एनएचएफडीसी स्वावलंबन केंद्र खोले गए हैं। एनएचएफडीसी की अन्य पहल है सेफ कैब की सुविधा, जिसके तहत दिल्ली एयरपोर्ट (टी3) और इंदौर एयरपोर्ट पर सेफ कैब की सुविधा आरम्भ की गई है। ये दिव्यांगजनों की कैब महिला चालकों द्वारा चलाई जाती हैं तथा एनएचएफडीसी द्वारा फाइनेंस की गई हैं। एनएचएफडीसी देश भर में दिव्यांगजन को सरल ऋण की सुविधा प्रदान करता है।

निगम की योजनाओं के तहत दिव्यांगजन को विभिन्न आय सृजन गतिविधियों के लिए पचास हज़ार रूपये से पचास लाख रूपये तक के ऋण प्रदान किए जाते है। ये ऋण 4 प्रतिशत सालाना से 9 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं। निगम अपनी ऋण योजनाओं को विभिन्न राज्यों में मौजूद अपनी स्टेट चैनेलाइजिंग एजेंसियों, पंजाब नेशनल बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ज़रिए अमली जामा पहनाता है। सूरजकुंड मेले में में पहुंचना न केवल आपके परिवार के लिए अच्छी आउटिंग होगी, आपको देश भर के दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों को देखने और खरीदने का मौका भी मिलेगा।


मेले में मौजूद स्टॉल।

# जीवा की टीचर का टाटा एज के जोनल लेवल में चयन

**फरीदाबाद।** जीवा पब्लिक स्कूल की गणित की अध्यापिका अनुराधा शर्मा ने टाटा एज पैन इंडिया की ओर से आयोजित सातवें सीसीसी प्रतियोगिता में जोनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया। अनुराधा शर्मा का सिलेक्शन जोनल लेवल पर टॉप-8 में हुआ।

उन्होंने टाटा एज के माध्यम से गणित के पाठ्यक्रम को सरल एवं रोचक बनाया और बच्चों की गणित प्रति के रूचि को भी बढ़ाया। विद्यालय में छात्र गणित के प्रति विशेष उत्साह दिखाते हैं। जीवा पब्लिक स्कूल की यह विशेषता है कि यहां छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रत्येक पक्ष से अवगत किया जाता है एवं शिक्षा के आधुनिक ढंग व नवीनीकरण से अवगत कराने के लिए अनेक प्रकार के प्रयोग किए जाते हैं। इसके लिए विद्यालय में टाटा एज टूल्स का भी प्रयोग किया जाता है। अनुराधा शर्मा के अनुसार अधिकतर बच्चे गणित से घबराते हैं और वे विषय को ठीक से नहीं समझ पाते हैं। बच्चों का यह डर हम विभिन्न क्रियाकलापों व गतिविधियों के माध्यम से दूर कर सकते हैं।

# डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद ने शुरु की वंचित बच्चों के लिए पाठशाला


डीपीएस में रोबिनहुड अकादमी के बच्चों के लिए पाठशाला की शुरुआत के मौके प्रोत्साहित करते स्कूल के प्रो.वाइस चेयरमैन रोहिज जैनेंद्र जैन और प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना।

**प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद।**

डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद ने शिक्षा से गरीब वंचित बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने की शुरुआत की है। इस कड़ी में रॉबिनहुड अकादमी के सहयोग से स्कूल के शिक्षक बच्चों को स्कूल परिसर में शिक्षा देंगे।

स्कूल की प्रधानाचार्या सुरजीत खन्ना ने बताया कि स्कूल द्वारा उक्त बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ स्टेशनरी, कपड़े, भोजन व खिलौने भी दिए जाएंगे ताकि उनका रुझान शिक्षा की ओर बढ़े। डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद स्कूल के प्रो. वाइस चेयरमैन रोहित जैनेंद्र जैन ने बच्चों की पाठशाला का विधिवत शुभारंभ किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत भी की और उनका मनोबल बढ़ाते हुए शिक्षा ग्रहण करने के लिए उन्हें प्रेरित भी किया। इस मौके पर रोहित जैनेंद्र जैन ने कहा कि उनका उद्देश्य इन बच्चों को शिक्षित कर मुख्य धारा से जोड़ना है ताकि ये बच्चे स्वयं को उपेक्षित न समझें। उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व भी समझाया और उदाहरण देकर यह भी बताया कि किस तरह से वह मन लगाकर यदि शिक्षा ग्रहण करते हैं तो जीवन की किसी भी सफलता को अर्जित कर सकते हैं। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या सुरजीत खन्ना ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर इस अवसर पर रॉबिनहुड अकादमी के शिक्षक और स्वयंसेवक भी उपस्थित थे तथा उन्होंने इस सामाजिक हित में पहल करने पर डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।


## संक्षिप्त समाचार

### सुनपेड़ गांव में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** गांव सुन पेड़ में शनिवार को रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता मूलचंद शर्मा के बड़े भाई भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा और विशिष्ठ अतिथि के रूप में रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद ईस्ट से आशू लाल और रोटरी ब्लड बैंक के उपप्रधान दीपक प्रसाद रहे। भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा ने कहा, यह रक्तदान शिविर गांव के रहने वाले तेज सिंह ने अपनी पोती तमन्ना के पहले जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रोटरी ब्लड बैंक उपप्रधान दीपक प्रसाद ने कहा की सरकार के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट रोटेरियन आशु लाल ने बताया कि हर तीन महीने में हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रोटरी फरीदाबाद ईस्ट कार्यालय सचिव सचिन मडोतिया का कहना है कि गांव में एक व्यक्ति के द्वारा पोती के पहले जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो कि बहुत ही सराहनीय है। इस मौके पर डॉ सुशांत, समयपाल, अभिषेक, दीपक, बलॉक समिति अध्यक्ष कंचन के भाई इतेंद्र, रमेश, विशाल, धीरेंद्र आर्य, अंकित आदि लोग मौजूद रहे।

### बचाव एवं शुरुआती जांच से कैंसर का निदान संभव : डॉ. निष्ठा



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेडक्रॉस वह रेड रिबन क्लब की इकाइयों के द्वारा लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन व मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल सेक्टर 16 फरीदाबाद के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर के निवारक उपाय विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता का विषय एक युद्ध कैंसर के विरुद्ध था। अध्यक्ष व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस पर वार्ता करवाने का मुख्य लक्ष्य कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है। वार्ता की मुख्य वक्ता डॉ. निष्ठा गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि सर्वाइकल कैंसर सबसे ज्यादा मौतों का कारण है। हर 8 मिनट में इसके कारण एक महिला की मौत हो जाती है। उन्होंने इसके कारण ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के लिए टीकाकरण व टीकाकरण के लिए सही उम्र से सभी को अवगत कराया। डॉ. बालकिशन गुप्ता ने प्रिवेंशन इज द बेस्ट क्यूर विषय पर अपने विचार रखें। कहा कि हमें जब तक जीना है, ईमानदारी से जीना है। महाविद्यालय में हर वर्ष की तरह जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को जर्सियां भी वितरित की गईं। वार्ता में कुशल मंच संचालन महाविद्यालय की इतिहास की प्रवक्ता डॉ. सुप्रिया ढांडा ने किया।

### मंदबुद्धि बच्चे भी समाज का मुख्य अंग : कृष्णपाल गुर्जर



**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपना 65वां जन्मदिवस मूकबधिर बच्चों के बीच मनाया। भूपानी स्थित प्रभात एन अवेकनिग नामक संस्था में पहुंच कर केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने केक काटा और अपने हाथों से बच्चों को केक खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गोल्डी अरोड़ा, युवा समाजसेवी पारस राय के संयोजन में आयोजित हुए कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि संसार में गरीब व लाचारों की मदद करना सबसे पुण्य का कार्य है और मंदबुद्धि बच्चे भी हमारे समाज का मुख्य अंग है, इन्हें भी इस दुनिया में हंसी खुशी जीवन यापन करने का अधिकार है। श्रीगुर्जर ने प्रभात एन अवेकनिग संस्था की संचालन टीम की प्रशंसा की। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने आठ सालों के सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कार्यकाल में फरीदाबाद के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इस अवसर पर प्रभात एन अवेकनिग संस्था के संचालक अंकित नैय्यर ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 13 सालों से लावारिस अवस्था में मिलने वाले मंदबुद्धि बच्चों को आशियाना उपलब्ध करवाकर उन्हें खान-पान व स्वास्थ्य सुविधाएं देती है। कार्यक्रम में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन विनोद चौधरी, हरवीर चौधरी, युवा भाजपा नेता रंजीत रावल, विकास शर्मा, मनीष बत्रा, आशीष माटा, राजन शर्मा, सुनील नैयर, विनय कुमार, मौली मुखर्जी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### गुर्जर के जन्मदिवस पर वितरित किए फल और दूध

**फरीदाबाद।** केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के कृष्ण पाल गुर्जर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर समाजसेवी व बीजेपी नेता दीपक डागर पृथला क्षेत्र ने बल्लभगढ़ सरकारी अस्पताल एम्स की शाखा के जच्चा बच्चा वार्ड में फल, दूध वितरण किए और केंद्रीय मंत्री के कार्यालय पर जाकर मंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की ईश्वर से प्रार्थना की। गौरतलब है कि समाजसेवी दीपक डागर समय-समय पर समाजसेवा में तन -मन -धन से लगे रहते अपनी पूरी टीम के साथ। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से जनहित सेवा संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, बल्लभगढ़ अस्पताल एस एम ओ टीसी गिढ़वाल, डॉक्टर गिरीश एम्स अस्पताल, डॉ. सोनू कश्यप, सन्नी, मुकेश, जगदीश, सुधीर गौतम एवं जनहित सेवा संस्था की टीम विशेष रूप से मौजूद थी।

### वर्षगांठ पर क्यारी बनवाकर किया वृक्षारोपण



**फरीदाबाद।** पर्यावरण संरक्षण टीम के वरिष्ठ सदस्य सरदार जसमेर सिंह नरूला ने अपनी शादी की 44 वीं वर्षगांठ पर अपनी पत्नी सरदारनी हरविंदर कौर नरूला के साथ सैनिक कॉलोनी के गेट नंबर तीन की बाहरी ग्रीन बेल्ट की साइट नंबर दो पर 44 वृक्षों की एक बड़ी क्यारी बनवाकर वृक्षारोपण किया। वे अब तक लगभग 750 वृक्ष और 5500 से अधिक हज के पौधे अपनी टीम सदस्यों के सहयोग से यहां लगाए जा चुके हैं। टीम सदस्यों का कहना है कि यदि जिला प्रशासन और नगर निगम उन्हें शहर की सभी ग्रीन बेल्ट विशेषकर सैनिक कॉलोनी की ग्रीन बेल्ट को अवैध कब्जों से मुक्त करवा कर वायर फेंसिंग इत्यादि करवाकर सौंप दें तो वह इन्हें गोद लेने के लिए तैयार हैं। हजारों पेड़ अपने खर्चे पर लगाकर और उनका पालन-पोषण व संरक्षण करके पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस अवसर पर टीम पर्यावरण संरक्षण के सभी सदस्य एवं निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना, गुलशन गाबा, अनिल अरोड़ा, मनोहर लाल अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, राजीव भाटिया, रमेश अग्रवाल, कुलदीप अहूजा, देवेंद्र अहूजा, विनय अत्री, सतीश अरोड़ा,अनिल गर्ग, ओम प्रकाश, निखिल मितल, केपी शर्मा और विशेष रूप से आमंत्रित फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल भी उपस्थित रहे। प्रात: ठीक 7.30 बजे सभी ने वृक्षारोपण स्थल पर पहुंचकर उनकी निरोगता, दीर्घायु, खुशहाल जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते वाहेगुरु जी से अरदास की। वृक्षारोपण के बाद सभी के लिए कड़ाह प्रसाद, मिष्ठान, चाय, समोसे, नमकीन, बिस्कुट इत्यादि की नरूला परिवार की ओर से व्यवस्था की गई थी। सभी सदस्यों ने प्रण किया है कि वे अपने किसी भी शुभ अवसर पर वह अपने परिवार के लोगों और टीम पर्यावरण संरक्षण के सदस्यों के साथ मिलकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी भविष्य में देखभाल की जिम्मेदारी निभाने में अपने तन-मन-धन से मिलकर कार्य करेंगे।

# हरेरा के गठन से बीते पांच साल में ढाई लाख लोगों को मिला समय पर कब्जा : डा. केके खंडेलवाल

**हरेरा के चेयरमैन डा. केके खंडेलवाल ने 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर उपलब्धियों की दी जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा), गुरुग्राम के पांच साल पूरे होने पर अध्यक्ष डॉ. केके खंडेलवाल, सेवानिवृत्त आईएएस ने कहा कि हरेरा अदालत ने बीते पांच वर्षों के दौरान 7000 से अधिक फैसले किए हैं। हरेरा की गतिविधियों से बीते पांच वर्ष के दौरान 2.5 लाख लोगों को बिल्डर्स ने निर्धारित समय पर पजेशन दिए। उन्होंने यह बात शनिवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बात कही। डा. केके खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने 5 फरवरी 2018 को हरेरा गुरुग्राम की स्थापना की थी और उन्हें इसका अध्यक्ष नियुक्त किया था। 4 फरवरी को इसके पांच साल पूरे हुए हैं। हरेरा चेयरमैन के रूप में कार्यकाल के अंतिम कार्य दिन डा. खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री का दृष्टिकोण घर खरीदारों को राहत देना और रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने में मदद करना था। हरेरा गुरुग्राम ने पांच साल में यह काम बखूबी किया है और आगे भी अथॉरिटी अच्छा काम करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि पांच साल के कार्यकाल में वैश्विक महामारी देखी गई जिसने अदालत के कामकाज को भी प्रभावित किया। इसके बावजूद हरेरा ने पांच साल के कार्यकाल में 900 दिन सफलतापूर्वक काम किया। हरेरा गुरुग्राम में प्रतिदिन 60 से 100 मामलों की सुनवाई की और रोजाना 8 से 10 फैसले सुनाए। विशेष रूप से हरेरा ने विलंबित कब्जा शुल्क (डीपीसी) के 4115 मामलों का फैसला किया है जिसमें शिकायतों को डिफॉल्टर प्रमोटरों से 3500 करोड़ रुपये मिले। इसी तरह कोर्ट ने रिफंड की शिकायतों के 2246 मामलों का फैसला किया जिसमें प्रमोटरों से 2500 करोड़ रुपये का रिफंड उपभोक्ताओं को मिला। हरेरा से पहले के दौर में प्रमोटरों से इस तरह की वसूली अविश्वसनीय थी। डॉ. खंडेवाल ने कहा कि हरेरा ने मील का पत्थर स्थापित किया है, जिससे प्रमोटरों को समय पर परियोजनाओं को पूरा करना और प्रतिबद्धता के अनुसार इकाइयों को हैंडओवर करना सुनिश्चित हुआ है। अब प्रमोटर नियमों और अधिनियमों का पालन कर रहे हैं। और वर्तमान में, प्राधिकरण के पास पंजीकृत विभिन्न परियोजनाओं में 3.5 लाख से अधिक इकाइयां सौंपे इसकी देखरेख में हैं। प्रमोटरों द्वारा 2.54 लाख से अधिक इकाइयों को पहले ही आवंटियों को वितरित किया जा चुका है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि हरेरा गुरुग्राम को अब तक 25509 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 12640 मामलों को शिकायतकर्ताओं द्वारा अदालत के बाहर सुलझा लिया गया है।

**अधिवक्ताओं ने किया डा. केके खंडेलवाल का अभिनन्दन किया** : डा. केके खंडेलवाल को कार्यकाल पूरा करने पर अधिवक्ताओं ने सम्मानित किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि उन्होंने हरियाणा सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप रियल एस्टेट क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। इस दौरान हरेरा गुरुग्राम के सदस्य वीके गोयल ने कहा कि डॉ. खंडेवाल की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर अग्रणी आदेशों की घोषणा हुई है। उनका मार्गदर्शन विभिन्न मुद्दों को हल करने में सराहनीय रहा है। अशोक सांगवान ने डॉ. खंडेवाल को मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उन्हें पता था कि चीजों को कैसे हैंडल किया जाता है। संजीव कुमार अरोड़ा ने कहा कि डॉ खंडेवाल सभी ट्रेडों के मास्टर हैं।

साथ ही शेष 12869 मामलों को हरेरा के हस्तक्षेप के कारण से आगे बढ़ाया गया और अदालत के बाहर पक्षों के बीच सुलझा लिया गया है।

# मोदी सरकार में लोगों के सपने हो रहे साकार : मनसुख मांडविया

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई परिचर्चा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दिए सवालों के जवाब**

**बजट पर परिचर्चा में प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने बजट को देश का गौरव बढ़ाया**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**संसद** में पेश किए गए बजट पर शुक्रवार को बीच सेक्टर-44 स्थित एपेरल हाउस में बुद्धिजीवियों की परिचर्चा हुई। 'अमृत काल का पहला बजट' विषय पर परिचर्चा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, राज्यसभा सदस्य डीपी वत्स ने अपने विचार रखे। परिचर्चा के दौरान बुद्धिजीवियों ने केंद्रीय मंत्री से अनेक सवाल पूछे जिनका मनसुख मांडविया ने एक-एक कर जवाब दिया। इसके बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब भी केंद्रीय मंत्री ने बेबाक तरीके से दिया।

मनसुख मांडविया ने कहा कि मोदी सरकार में देश के लोगों के सपने साकार हो रहे हैं। अमृत काल का पहला बजट संपूर्ण समाज के उत्थान का बजट है। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, उद्योग, आईटी, छोटे उद्योग सभी क्षेत्र में उन्नति के अवसर हैं। बजट वंचितों व बुजुर्गों के लिए कल्याणकारी है और युवाओं के लिए उन्नति के रास्ते खोलने वाला है। मांडविया ने कहा कि वर्तमान में रिसर्च और एनिमेशन देश की मांग है और मोदी सरकार के इस बजट में सबको महत्व दिया गया है।

परिचर्चा के बाद प्रेस वार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मनसुख लाल मांडविया ने कहा कि यह बजट देश के अमृतकाल का पहला बजट है। जिसमें आगामी 25 साल का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के सशक्तिकरण, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट, वंचितों के विकास, सर्वसमाज को आगे बढ़ाने और किसानों को प्रोत्साहित करने वाला सर्वसमावेशी बजट है। कहा कि यह बजट पीएम मोदी की सरकार चलाने की नीति के अनुसार है। इसमें हेल्थ सेक्टर को डेवलपमेंट के साथ जोड़ा गया है। देश में मेडिकल कालेजों को अपडेट किया जाएगा। मोदी सरकार ने यूजी की सीटें 51 हजार से बढ़ाकर 99 हजार कर दी है। मेडिकल क्षेत्र में पीजी की सीट 34 हजार से बढ़ाकर 67 हजार कर दी हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आज गरीबों का निशुल्क इलाज हो रहा है। अस्पतालों में डाक्टरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। 157 नए नर्सिंग कालेज खोलने की सरकार की योजना है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के युवा हेल्थ सेक्टर में रिसर्च करते हैं, इसको बढ़ावा देने के लिए सरकार ने योजना बनाई है। प्राइवेट सेक्टर के युवाओं को भी आईसीएमआर की लैब उपलब्ध कराई है। इससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन के अवसर उपलब्ध होंगे।

पीएम प्रणाम योजना का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार रसायनों के इस्तेमाल को कम करके वैकल्पिक उर्वरकों के इस्तेमाल में बढ़ोतरी करना चाहती है। इस योजना से राज्यों में केमिकल उर्वरकों के यूज में कमी आएगी और खेती को केमिकल मुक्त करने में मदद मिलेगी। इससे मिट्टी का संरक्षण भी होगा और किसानों को लंबे समय तक बड़े लाभ मिलेंगे। जो राज्य केमिकल फर्टीलाइजर का उपयोग कम करके अल्टरनेट उर्वरकों का प्रयोग करेंगे उनको योजना के अनुरूप लाभ दिया जाएगा। उन्होंने किसानों को संदेश दिया कि एग्रीकल्चर में तकनीकी का इस्तेमाल करें। जिससे उनका काम भी तेजी से हो और समय की बचत हो।

सिकिल सेल अनीमिया बीमारी के बारे में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह बीमारी आदिवासी क्षेत्रों में काफी फैली हुई है। आने वाले 25 वर्षों तक इसका समूल नाश करने पर काम चल रहा है। 200 जिलों में स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसके तहत 40 साल तक की उम्र के 7 करोड़ लोगों को शामिल किया जाएगा और उनका स्पेशल कार्ड बनाया जाएगा ताकि इस बीमारी को नई पीढ़ी में जाने से रोका जा सके।

देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए बजट में 10 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।



## सही रास्ते पर है भारतीय अर्थव्यवस्था : ओपी धनखड़

**हरियाणा** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि 2023 के इस बजट में समृद्ध एवं समावेशी भारत की सोच है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और चुनौतियों के इस समय के बावजूद उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है, आज भारत सिर ऊंचा करके खड़ा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है और भारत को देखने का नजरिया भी बदला है। भारत ने जब दुनिया के देशों को वैक्सीन देनी शुरू की तब इजरायल के राष्ट्राध्यक्ष ने हनुमानजी की तस्वीर पर ट्वीट किया था कि हनुमान जी की तरह भारत दुनिया के लिए औषधी पहुंचाकर उनके नागरिकों की जान बचा रहा है। यह बहुत बड़े गौरव की बात है। 23 करोड़ वैक्सीन 98 देशों को पहुंचाकर दुनिया में हमारा सम्मान बढ़ा है। भारत वासुदेव कुटुंबकम की केवल बात ही नहीं करता बल्कि उसके भाव को जीता है। फार्मेस्टिकल में भारत दुनिया का तीसरा देश है, जिसकी दवाएं लोगों को मानक के अनुसार उपलब्ध हो रही है। जैनरिक दवाओं में भारत लीडर है। अमृतकाल का पहला बजट देश का गौरव बढ़ाने वाला बजट है।

## आर्थिक क्रांति की प्रक्रिया में मील का पत्थर साबित होगा यह बजट: कैप्टन अभिमन्यु

**पूर्व** वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोग देश के भाग्य विधाता हैं। जो देश की सम्पूर्ण व्यवस्था को चलाए रखने के लिए बूंद-बूंद योगदान देते हैं। जनता को अपने योगदान के स्वरूप दिए पैसे का ज्ञान होना जरूरी है। जिस दिन नागरिक तंत्र तैयार हो जाएगा उसी दिन देश का लोकतंत्र परिपक्व हो जाएगा और शासनतंत्र नागरिक तंत्र से चलने लगेगा। हमें अब एक ऐसी ही जन शक्ति का निर्माण अमृतकाल में प्रारंभ करना है। परिचर्चा के दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, मेयर मधु आजाद, रश्मी खेत्रपाल, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, जिला महामंत्री मनीष गाडौली, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सेवाभाव का दूसरा नाम रेडक्रॉस : शशि अहलावत

**पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण कैंप का हुआ समापन**


**गुरुग्राम।** रेडक्रॉस वह मंच है जिसके माध्यम से बुरे से बुरे व्यक्ति के मन में भी सेवाभाव के गुण उत्पन्न होते हैं और वह अच्छे व्यक्तित्व वाला इंसान बन सकता है। सेवाभाव का दूसरा नाम रेडक्रॉस है। यह विचार रेडक्रॉस भवन में आयोजित पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम शशि अहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि प्रकट किए।

शशि अहलावत ने कहा स्कूल के बच्चे कच्ची मिट्टी के घड़े के समान होते हैं। जिन्हें इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाग दिलाया जाता है वह अर्जित ज्ञान से पक्के होकर आत्मविश्वासी सकते हैं। इससे पहले रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार ने मुख्य अतिथि शशि अहलावत का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। विकास कुमार ने रेडक्रॉस कैम्प में आए सभी सदस्यों को शिविर को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं। भविष्य में रेडक्रॉस के साथ सामाजिक कार्य करने व गतिविधियों में जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

कैम्प डायरेक्टर जितिन शर्मा ने बताया कि रेडक्रॉस की ओर से आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के स्कूलों में जीएमएस घाटा, अर्जुन नगर, तिगरा, न्यू कॉलोनी, चौमा खेड़ा, सेक्टर 9, फाजलपुर झाड़सा, शिवाजी नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 47, गुरुग्राम जगतपुरा, जैकबपुरा सिनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल, भीम नगर, अर्जुन नगर, सराय अलावर्दी, झाड़सा शिवाजी नगर सहित स्कूलों के 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इन प्रतिभागियों को डॉ. एके शर्मा, कल्याणी सचान, देवऋ षि सचान, डॉ. नितिका शर्मा, विजयालक्ष्मी, शिल्पा रैना, कायना मलिक इत्यादि मुख्य प्रवक्ता द्वारा प्राथमिक चिकित्सा, टीबी उपचार, संयुक्त परिवार, एचआईवी, रक्तदान करना, कन्या भ्रूणहत्या आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त शिविर में पेंटिंग, दौड़, भाषण, प्रश्नोत्तरी इत्यादि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि शशि अहलावत ने सम्मानित किया। अंत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अध्यापिका ममता रानी ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट करते हुए शिविर को सफल बनाने में जिले के सभी स्कूलों से आए प्रतिभागियों, अध्यापक, अध्यापिकाओं के साथ-साथ जिला रेडक्रॉस सोसाइटी का आभार प्रकट किया।

# विश्व कैंसर डे : छात्राओं ने ड्राइंग से बताए कैंसर से बचने के उपाय



सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में विश्व कैंसर डे के अवसर पर छात्राएं ड्राइंग प्रतियोगिता में पेंटिंग करती छात्राएं।

**सोहना।** शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में विश्व कैंसर डे के अवसर पर छात्राओं की ड्राइंग प्रतियोगिता कराई। जिसमें 18 छात्राओं ने ड्राइंग के माध्यम से कैंसर को जन्म देने वाले नशीले पदार्थों का नहीं करने को जागरूक किया।

शनिवार को शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में विश्व कैंसर डे के असवर पर छात्राओं की ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं को उच्च रक्तचाप, शुगर और कैंसर रोग की जानकारी दी गई। नागरिक अस्पताल से आए डॉ. कुलभूषण ने छात्राओं को बताया कि उच्च रक्तचाप, शुगर और कैंसर छूत की बीमारियां नहीं हैं। इनसे बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रहा खान-पान में भी सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। इस ड्राइंग प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को जानलेवा बीमारी कैंसर के लक्षण और बचाव की जानकारी मिली। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में होनी चाहिए। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थी अच्छे से समझ आता है।

# डेरा सच्चा सौदा की संगत ने मात्र 5 घंटे में सफाई कर अलवर को संवारा

**अलवर।** हो पृथ्वी साफ मिटे रोग अभिशाप का ध्येय लेकर डेरा सच्चा सौदा की ओर से एक बार फिर से शनिवार को राजस्थान को साफ करने करने अभियान चलाया। इसी कड़ी में अलवर में सफाई महा अभियान की शुरुआत जेल सर्किल के पास विजय नगर ग्राउंड से की गई। विधायक संजय शर्मा ने स्वयं झाड़ू लगाकर यहां सफाई अभियान शुरू किया। मात्र 5 घंटे में ही साध-संगत ने अलवर को सफाई कर दी।

राजस्थान की साध संगत ने करीब पांच साल बाद परम पिता शाह सतनाम जी महाराज का एमएसजी रहमोकर्म माह का शुभ भंडारा गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के साथ मनाने की खुशी में मरुभूमि राजस्थान को स्वच्छता की सौगात दी। अलसुबह ही सेवादार निर्धारित स्थल पर पहुंचने शुरू हो गये। सभी ने सफाई का सामान झाड़ू, कस्सी, तसले, फावड़े, कस्सी आदि लिया हुआ था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अदालत** में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 फरवरी को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 फरवरी को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है।

# सेवाभाव का दूसरा नाम रेडक्रॉसः शशि अहलावत

**पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण कैंप का हुआ समापन**

**गुरुग्राम।** रेडक्रॉस वह मंच है, जिसके माध्यम से बुरे से बुरे व्यक्ति के मन में भी सेवाभाव के गुण उत्पन्न होते हैं। वह अच्छे व्यक्तित्व वाला इंसान बन सकता है। सेवाभाव का दूसरा नाम रेडक्रॉस है। यह विचार रेडक्रॉस भवन में आयोजित पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम शशि अहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि प्रकट किए।

शशि अहलावत ने कहा स्कूल के बच्चे कच्ची मिट्टी के घड़े के समान होते हैं। जिन्हें इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाग दिलाया जाता है। वह अर्जित ज्ञान से पक्के होकर आत्मविश्वासी सकते हैं। इससे पहले रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार ने मुख्य अतिथि शशि अहलावत का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। विकास कुमार ने रेडक्रॉस कैम्प में आए सभी सदस्यों को शिविर को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं। भविष्य में रेडक्रॉस के साथ सामाजिक कार्य करने व गतिविधियों में जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। कैम्प डायरेक्टर जितिन शर्मा ने बताया कि रेडक्रॉस की ओर से आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के स्कूलों में जीएमएस घाटा, अर्जुन नगर, तिगरा, न्यू कॉलोनी, चौमा खेड़ा, सेक्टर 9, फाजलपुर झाड़सा, शिवाजी नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 47, गुरुग्राम जगतपुरा, जैकबपुरा सिनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल, भीम नगर, अर्जुन नगर, सराय अलावर्दी, झाड़सा शिवाजी नगर सहित स्कूलों के 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों को डॉ. एके शर्मा, कल्याणी सचान, देवऋषि सचान, डॉ. नितिका शर्मा, विजयालक्ष्मी, शिल्पा रैना, कायना मलिक इत्यादि मुख्य प्रवक्ता द्वारा प्राथमिक चिकित्सा, टीबी उपचार, संयुक्त परिवार, एचआईवी, रक्तदान करना, कन्या भ्रूणहत्या आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त शिविर में पेंटिंग, दौड़, भाषण, प्रश्नोत्तरी इत्यादि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि शशि अहलावत ने सम्मानित किया।

**शिविर के समापन प्रस्तुत की रिपोर्ट**

**शिविर** के समापन अवसर पर जैकबपुरा विद्यालय की छात्रा तनु एवं जगतपुरा विद्यालय की अध्यापिका सीमा रानी ने प्रशिक्षण शिविर की रिपोर्ट मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए अध्यापक एवं अध्यापिका जिसमें ईश कुमार, अनीता, राजेश कुमार, राकेश कुमार, उषा यादव, प्रमिला, भगवान, पंकज रानी संदीप प्रदीप कुमार विजय कुमार जगबीर सिंह सीमा रानी ललित कुमारी के साथ-साथ जैकबपुरा के प्रधानाचार्य सुशील कनवा भी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। समापन समारोह में जिला रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के कुणाल मंगला आकांक्षा, श्यामा राजपूत, कविता सरकार, अजय कुमार, आशीष कौशिक, जयभगवान, सरोज एवं कमला को भी सम्मानित किया गया।

# आम आदमी पार्टी का वॉलिंटियर्स मैपिंग एवं झंडा अभियान प्रारंभ

**दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से होगा मामलों का निपटाराः ललिता पटवर्धन**



पायनियर समाचार सेवा। पटौदी


**आम** आदमी पार्टी के प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने शनिवार को पटौदी कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं सांसद संदीप पाठक की टीम द्वारा आयोजित वॉलिंटियर्स मैपिंग कार्यशाला के उपरांत कहा कि पटौदी विधानसभा क्षेत्र में आज से वॉलिंटियर्स मैपिंग एवं झंडा अभियान प्रारंभ हो गया है।

समस्त पटौदी विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की मेक इंडिया नंबर वन विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं को चिह्नित करके गावों और शहरों में बूथस्तर तक संगठन को सुदृढ़ किया जाएगा। प्रदेश, जोन, जिला एवं विधानसभा स्तर पर संगठन को भंग किया जा चुका है। संगठन के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया जारी है। सभी कट्टर ईमानदार एवं देशभक्त और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जायेंगी। राष्ट्र की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर बोले कि वर्तमान केंद्र सरकार अतीत में विभिन्न सरकारों द्वारा जनता के खून-पसीने की आय से अर्जित विभिन्न कर्रो से निर्मित सरकारी उपक्रमों को बेच रही है, जिससे सरकारी रोजगार में भारी गिरावट आ रही है। अनेक पूंजीपति लाखों करोड़ का घोटाला करके सरकारी संरक्षण में राष्ट्र से विदेशों में भाग चुके है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के निरंतर गिरते शेयर और केंद्र सरकार की चुप्पी आश्चर्यजनक है।

अगर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में सच्चाई है फिर राष्ट्र की विभिन्न संस्थायें क्या कर रही थीं। अडानी समूह की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक और जीवन बीमा निगम का धन किसके निर्देश पर निवेश किया गया। अनेक उदाहरण हैं जिनसे ये प्रमाणित होता है कि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों की पोषक और आम आदमी की शोषक है।

# मुम्बई एक्सप्रेस वे शुरु होने से एलिवेटेड मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ी

**सोहना।** मुम्बई एक्सप्रेस वे मार्ग चालू होने से गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। क्षेत्रवासियों को एलिवेटेड मार्ग पर अपने वाहन सावधानी से चलाने होंगे। मालूम रहे कि मोदी मुम्बई एक्सप्रेस वे का पहले चरण का राजमार्ग राजस्थान से गुरुग्राम तक बनकर तैयार हो चुका है।



गुरुग्राम-सोहना में बीच भोंडसी में बना टोल प्लाजा पर नहीं लग रही है वाहनों की लाइन।

12 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र 230 किलोमीटर लंबे इस हिस्से का उद्घाटन करेंगे। मुम्बई एक्सप्रेस वे मार्ग चालू होने के साथ ही वाहनों की संख्या में दो से तीन गुणा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। एलिवेटेड मार्ग पर भोंडसी स्थित टोल को पार करने वाले वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाएंगी। अभी तक टोल प्लाजा को पार करने में एक वाहन को एक मिनट से भी कम समय लग रहा है। जिसके कारण टोल प्लाजा को पार करने वाले वाहनों की लाइन दिखाई नहीं दे रही है। वर्तमान में टोल पर 24 घंटा में 12 से 15 हजार वाहन गुजरते है। वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से इनकी संख्या 24 घंटा में 25 से 30 हजार होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**6 माह में घटे हैं 10 हजार वाहन :** एलिवेटेड मार्ग पर बने टोल प्लाजा पर शुल्क दर में अगस्त माह में बढ़ोत्तरी हो गई थी। टोल में वृद्धि होने के साथ ही एलिवेटेड मार्ग पर दौड़ने वाले वाहनों की संख्या में तेजी से गिरावट आई। बीते 6 माह में 10 हजार वाहन एक दिन में कम हुए गए। अप्रैल से जुलाई माह के बीच में एलिवेटेड मार्ग पर दौड़ने वाले वाहनों की संख्या 20 से 25 हजार थी।

**गुरुग्राम से दौसा तक का सफर हुआ आसान :** 12 फरवरी के बाद दिल्ली व गुरुग्राम से राजस्थान के शहर दौसा-जयपुर के बीच की दूरी को पार करने में लगने वाला समय कमी आएगी।

# फोर्ब्स-30 अंडर 30 की लिस्ट में मेरठ के अतुल्य कौशिक शामिल

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**मेरठ** के गतिशील उद्यमी अतुल्य कौशिक (27) को फोर्ब्स 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया गया है। यह संस्था 30 वर्ष से कम उम्र के शीर्ष 30 प्रतिभाशाली युवा उद्यमियों, नेताओं, नवप्रवर्तकों, अभिनेताओं, प्रभावितों को पहचान, प्रोत्साहन और मान्यता प्रदान करती है। इस साल फोर्ब्स इंडिया 30 अंडर 30 सूची में 21 श्रेणियों से ऐसे 30 सफल व्यक्तियों के नाम शामिल हैं जिन्हें व्यापक समीक्षा के बाद एक ज्यूरी ने चुना गया है।

अतुल्य कौशिक ने कहा कि मैंने हमेशा माना है कि उद्यमशीलता के लिए धन से अधिक सुनियोजित जोखिम, दृढ़ संकल्प और साहस की आवश्यकता होती है। मुझे बेहद खुशी है कि स्पॉटलाइट से दूर मेरी दृढ़ता और समर्पण के वर्षों को अंततः इस तरह के प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा मान्यता दी गई है। वह प्रेपइंस्टा



(PrepInsta) के सहसंस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)हैं। अतुल्य ने बताया कि मेरा करियर आसान नहीं रहा है, 16 साल की छोटी उम्र मैंने अपने कॉलेज शुल्क और अन्य जीवन व्यय को निधि भरने के लिए एक लाभदायक यूट्यूब चैनल चलाया।

उन्हें बीआईटी (VIT), वेल्लोर से सीएसई (CSE) स्नातक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चांसलर पुरस्कार मिला। प्रेपइंस्टा प्राइम PrepInsta) लॉन्च करने से पहले, उन्होंने गूगल इंडिया (Google India) के लिए काम किया। उन्होंने बंगलुरु स्थित फिनटेक स्टार्टअप, इंस्टामोजो (Instamojo) के लिए भी काम किया है।

अतुल्य, 200 करोड़ मूल्य वाली प्रेपइंस्टा प्राइम (PrepInsta Prime) के संस्थापक है, जो कौशल, कोडिंग, प्लेसमेंट और नौकरियों के अलावा नेटफ्लिक्स (NetFliX) या हॉटस्टार (Hotstar) जैसे ओटीटी (इंड्रस्ट्र) प्लेटफॉर्म की तरह काम करती है। प्रेपइंस्टा (PrepInsta) ने कौशल विकास और प्रमाणन के लिए टीसीएस आयओएन (TCS iON) के साथ भी भागीदारी की है। प्रेपइंस्टा (PrepInsta) के साथ, अतुल्य का उद्देश्य, अपने सपनों की नौकरी हासिल करने के साथ - साथ, कुशल उम्मीदवारों को नियुक्त करने के लिए भारत को एक शीर्ष गंतव्य बनाने में 10 मिलियन से अधिक इच्छुक छात्रों की सहायता करना है।

# पारिवारिक पुरानी रंजिश में हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौत

### पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

### गुस्साए ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए पुन्हाना होडल मार्ग पर जाम लगाया

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**शहर** के साथ लगते शमशाबाद खेंचातान में पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामला पारिवारिक रंजिश व बदले की भावना से जुड़ा हुआ है। हत्या की सूचना मिलते ही पुन्हाना डीएसपी शमशेर सिंह, पुन्हाना थाना प्रभारी अरविंद कुमार, सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार भारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मांडी खेड़ा स्थित अल आफिया अस्पताल भेज दिया है। परिजनों की शिकायत पर पुन्हाना पुलिस ने नौ नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खबर लिखे जाने तक आरोपी फरार हैं। गुस्साए ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए पुन्हाना होडल मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस के आश्वासन के कुछ मिनटों बाद जाम खोल दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पहले पुन्हाना के नजदीक शमशाबाद


घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

खेंचातान निवासी नसरू व समसु दो भाइयों के बच्चों में लकड़ी काटने को लेकर हुए विवाद हो गया था। जिसके बाद आज सुबह करीब नौ बजे नसरू पेट्रोल पंप के पास होटल पर चाय पी रहा था। तभी उसके भतीजे सादिल, एहसान व अन्य मौके पर आए और नसरू को गोली मारकर फरार हो गए। गोली नसरू के सिर में लगी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। वहीं पुन्हाना थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर सादिल पुत्र समसु, वाजिदा पुत्री समसु, एहसान पुत्र समसु, जरीना पत्नी समसु, राजीदा पुत्री समसु, नवाब पुत्र सुलेमान, मिसरुद्दीन, अजहरूद्दीन व हसीन के खिलाफ भादस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**पुरानी रंजिश के चलते पहले भी हुई है हत्या :** समसु, नसरू व हसन तीनों सगे भाइयों में पुरानी रंजिश चली आ रही थी। जिसके चलते वर्ष 2017 में समसु, उसकी पत्नी जरीना व पुत्र सादिल ने 18 वर्षीय मोहम्मद शाद पुत्र हसन की हत्या कर दी थी। जिस के आरोप में समसु व अन्य आज भी जेल में बंद है और सादिल व समसु की पत्नी जमानत पर रिहा होकर कुछ दिन पूर्व आये थे। मामले में नसरू घटना का गवाह था। जिसके बाद दोनों के बच्चों में लकड़ी काटने को लेकर हुए झगड़े के बाद आज फिर से खूनी संघर्ष हो गया।

**आरोपियों की धरपकड़ के लिए चार टीमें बनाई गईं : डीएसपी**

**पुन्हाना** डीएसपी शमशेर सिंह का कहना है कि मामले में दो बाइक सवार सामने आ रहे हैं। आस–पास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों की धरपकड़ के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रोजका मेव में इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक आज : हाजी खेड़ी

### इनेलो की 22 की परिवर्तन यात्रा की सफलता को आज रोजका मेव आईएमटी में होगी अहम बैठक

### कहा, पैदल यात्रा का उद्देश्य है प्रदेश में परिवर्तन लाकर संविधान को बचाना

**नूंह।** मेवात से शुरू होने वाली आगामी 22 फरवरी को इनेलो की परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए रविवार 5 फरवरी को रोजका मेव आईएमटी में कार्यकताओं की एक अहम बैठक होगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन सिंह चौटाला पहुंचेंगे। जो परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को दिशा निर्देश देंगे। यह जानकारी इनेलो के वरिष्ठ नेता नूंह विधानसभा के भावी विधायक हाजी शोहराब खान खेड़ी ने दी है।

उन्होंने बताया कि इनेलो द्वारा मेवात से शुरू होने वाली पैदल यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में परिवर्तन लाकर संविधान को बचाना है। इस यात्रा में मेवात से भारी संख्या में लोग बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। ये यात्रा सफल साबित होगी। उन्होंने कहा कि मेवात की जनता का पहले से ही चौटाला परिवार के साथ लगाव है। है इसीलिए इनेलो पार्टी ने परिवर्तन यात्रा की शुरूआत मेवात से की है, क्योंकि इनेलो पार्टी मेवात के लोगों को आगे रखना चाहती है। हाजी शोहराब खेड़ी ने कहा कि 22 फरवरी को परिवर्तन यात्रा की शुरूआत मेवात के सिंगार गांव से शुरू होगी जो पूरे हरियाणा में चलेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा को सफल बनाने के लिए इनेलो का प्रत्येक कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करने में जुटा हुआ है। इस यात्रा में भाग लेने के लिए मेवात के बुजुर्ग व युवाओं के मन में पहले से ही उत्साह दिखाई दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐतिहासिक होगा तब्लीगी जलसा, कई लाख लोग होंगे शामिल



**मेवात।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने 11 से 13 फरवरी तक नूह के यासीन मेव डिग्री कॉलेज स्थित ईदगाह में होने वाले हजरत मौलाना मोहम्मद साद साहब के तब्लीगी–जलसे की तैयारियों का जायजा लिया। चौधरी साहब ने जलसे की पूरी तैयारियों को देखा और मौके पर ही कॉलेज के प्रिंसिपल व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 11 से 13 फरवरी तक चलने वाले इस तब्लीगी जलसे में कई लाख लोग शामिल होंगे। सभी मौलाना व उलेमा हाजरात लगातार तैयारियों में लगे हुए हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक के साथ अमीर–ए–जमात मास्टर हारून साहब, हाफिज ईशाक, मास्टर इरफान, हाजी दाउद, बाबर, हारून भाई, मौहब्बत आदि प्रमुख मौजूद रहे।

### डॉ. शिव सिंह रावत की सेवानिवृति पर सम्मान समारोह

**गुरुग्राम।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग गुरुग्राम के अधीक्षण अभियंता डॉ. शिव सिंह रावत की सेवानिवृत्ति पर विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैनाल कालोनी गुरुग्राम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 25वर्ष की सेवा देकर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए डॉ. रावत को विभाग के कर्मचारियों, नहर कॉलोनी निवासियों और कई पूर्व अधिकारियों ने विदाई दी। समारोह में इजराइली दूतावास से राजदूत रैंक के जल प्रतिनिधि डॉ. लियोर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. रावत ने हमेशा जल संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के विषय में नए सुझाव दिए हैं। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता भीम आर्य, उपमंडल अधिकारी विकास कटारिया, पूर्व अधीक्षक भारत भूषण भाटिया एवं अनूप सिंह पार्षद सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### आपदा मित्रों की ट्रेनिंग संपन्न

**गुरुग्राम।** हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) द्वारा किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे आपदा मित्रों की ट्रेनिंग आज संपन्न हो गई। प्रशिक्षण उपरांत 43 आपदा मित्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के संजय चुघ, सिविल डिफेंस के डिप्टी चीफ वार्डन सहित नागरिक सुरक्षा वार्डन, पुलिस और अग्निशमन कर्मचारी, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य स्वयंसेवक, आशा वर्कर आदि शामिल हैं। प्रदेश सरकार द्वारा किसी हादसे या आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए तैयार किए जा रहे आपदा मित्र को हिपा में 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। हिपा के डॉक्टर भुवन कुमार ने बताया कि आपदा कभी बताकर नहीं आती। इन आपदाओं एवं हादसों से निपटने के लिए आम लोगों को आपातकालीन मशीनरी के बेहतर ढंग से इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है। 23 जनवरी को प्रारंभ किए गए इस प्रशिक्षण का यह आपदा मित्रों का पहला बैच है। दूसरे बैच का प्रशिक्षण 6 फरवरी से प्रारंभ होगा। गुरुग्राम में आपदाओं से निपटने के लिए मार्च तक लगभग 300 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में व्यवहारिक रुप से भी पूरी जानकारी दी जाती है। इस प्रमाण पत्र वितरित कार्यक्रम में हिपा के डॉक्टर भुवन कुमार, डिजास्टर मैनेजमेंट गुरुग्राम की प्रोजेक्ट ऑफिसर पूनम दहिया और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रविन्द्र फागना ने तीन विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली के ग्राउंड पर खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली और दिल्ली कैपिटल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने दिल्ली कैपिटल क्रिकेट अकादमी को तीन विकेट से शिकस्त दी। इस मैच पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 45 ओवर का था। दिल्ली कैपिटल क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। दिल्ली कैपिटल अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 45 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 141 रन का लक्ष्य दिया। दिल्ली कैपिटल क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पर्व सिंगला ने 65 गेंदों पर 5 चौकों और एक छक्का की मदद से सार्वाधिक 48 रन, हर्ष कुमार ने 32 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 27 रन, संकेत ने 23 गेंदों पर 1 चौका की मदद से 16 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए युवराज सिंह ने 9 ओवर में 1 मैडेन 18 रन देकर 4 विकेट, इंजमाम, प्रियांशु, करन और रिजवान ने 1/1 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने 32.2 ओवर में 7 विकेट खोकर 144 रन बनाकर जीत हासिल की। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली की ओर से गुणसेहेज बांगा ने 39 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से सार्वाधिक 29 रन और रिजवान खान ने 35 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्का की मदद से 26 रन, यश कौशिक ने 43 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्का की मदद से 25 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए ध्रुव सेंगर ने 8 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट, श्रेष्ठ भड़ाना ने 4 ओवर में 19 रन 2 विकेट और आदित्य और सिद्धार्थ ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच युवराज सिंह को घोषित किया गया।

# बीडीपीओ कार्यालय में जल्द शुरू होगा अस्थाई न्यायिक परिसर



### कार्यालय परिसर का निरीक्षण करते हाईकोर्ट के जज संदीप मुदगिल

**तावडू।** खंड पंचायत विकास कार्यालय में अब में जल्द ही अस्थायी रूप से न्यायिक परिसर की शुरुआत होगी। शनिवार को हरियाणा पंजाब हाईकोर्ट के जज संदीप मुदगिल तावडू खंड पंचायत एवं विकास कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर अधिवक्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ सेशन जज संदीप गर्ग भी मौजूद रहे। हाईकोर्ट जज ने जिला उपायुक्त अजय कुमार, उपमंडल अधिकारी सिद्धार्थ दहिया सहित तहसीलदार शालिनी लाठर सहित अन्य अधिकारियों को अस्थायी तौर पर न्यायिक परिसर का जल्द संचालन करने से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत गुढी में प्रस्तावित मिनी सचिवालय व न्यायिक परिसर भूमि का भी निरीक्षण किया। इधर हाई कोर्ट जज ने जिला उपायुक्त व उपमंडल अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ भूमि में निर्माण कार्य से संबंधित जरूरी मापदंडों को लेकर विस्तारित चर्चा की। अंत में अधिवक्ताओं से रूबरू होते हुए कहा कि ग्राम पंचायत गुढी और झामुवास में न्यायिक परिसर और मिनी सचिवालय के लिए करीब 11 एकड़ से अधिक भूमि पहले से ही चिन्हित है। इनके निर्माण कार्य की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी। यह प्रक्रिया पूरा होने तक तावडू पंचायत कार्यालय में ही अस्थायी न्यायिक परिसर का संचालन होगा। अधिवक्ता रमजान चौधरी, नरेंद्र टोकस, ताहिर, यूनुस, मुबारिक, गगन, सुदेश, सचिन मेहता दीपक सतीजा, सब्बीर हुसैन, नागपाल, कमल, मनीष सहित लगभग दो दर्जन से अधिक अधिवक्ता गण मौजूद रहे। जिन्होंने हाईकोर्ट जज के इस कदम का स्वागत किया। बता दें कि वर्ष 2017 में तावडू को उपमंडल बनाने की घोषणा हुई थी, लेकिन अभी तक यहां पर मिनी सचिवालय और न्यायिक परिसर का निर्माण नहीं हो सका। फिलहाल नई अनाज मंडी के किसान भवन में एसडीएम का कार्यालय संचालित है, तो वहीं न्यायिक परिसर की शुरुआत भी नहीं हो सकी है। शनिवार को हाईकोर्ट के जज द्वारा यहां पर निरीक्षण करने के बाद अब न्यायिक परिसर की शुरुआत होने की उम्मीद बढ़ी है।

# पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद ने बजाया चुनावी बिगुल

### 18 फरवरी को फिरोजपुर झिरका में एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन होगा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**पूर्व** डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद इस बार फिरोजपुर झिरका विधानसभा से चुनावी ताल ठोंकने का पूरा मन बना चुके हैं। शनिवार को बुबलहेड़ी गांव के सरपंच जब्बार के पिनगवां स्थित आवास पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की एक बैठक पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद की तरफ से बुलाई गई।

बैठक में तय किया गया कि आगामी 18 फरवरी को इसी स्थान पर एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। जिसमें हजारों समर्थकों की भीड़ जुटाकर चुनावी शंखनाद का ऐलान कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद दो बार विधायक चुने गए थे। एक बार मंत्री बने तो दूसरी बार डिप्टी स्पीकर चुने गए। उसके बाद पिछले लगातार दो विधानसभा चुनावों में उन्हें टिकट नहीं मिला। जिसके कारण उन्होंने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा। पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद पर


पिनगवां में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहमद एवं पूर्व विधायक रहीसा खान।

उनके समर्थक लगातार विधानसभा चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे थे। इस बार पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद ने खुलकर मैदान में उतरने का ऐलान मीडिया के सामने कर दिया है। शनिवार को पिनगवां में हुई बैठक में भारी तादाद में फिरोजपुर झिरका विधानसभा के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। फैसला लिया गया कि इससे भी अधिक संख्या जुटाकर आगामी 18 फरवरी को चुनाव लड़ने का अंतिम फैसला कर लिया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ उनके छोटे भाई पूर्व विधायक चौधरी रहीसा खान भकलू सरपंच, मजीद, रहमान, सुलेमान, चांदखान, इकबाल सरपंच, सूबेदीन, रसीद डूंगेजा, गफ्फार सरपंच बुबाका, सुभान खां सरपंच बड़ेड, चौधरी हाजी मोहमद हुसैन, लियाकती पंचायत समिति सदस्य, हसन सरपंच पापड़ी, साहिब कलाम वाइस चेयरमैन, आस मोहमद खानपुर, चौधरी मोहमद हनीफ, जमालुदीन पंचायत समिति सदस्य, सपात सरपंच ढाढोली, तैयब झिमरावट, युसुफ सरपंच, सोहराब, हसन तेड, आलम ठेकेदार, हक्कू, हिदायत तेड, जुबेर, युनुस, समून, पंचायत समिति सदस्य, हसन हिगनपुर , जब्बार सरपंच, असलम बुबलहेड़ी, इमरान इंदाना, शाहिद मेंबर, महबुल्ला, अरशद इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# खसरा टीकाकरण मिशन को सफल बनाने में जुटे शिक्षक

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक के अध्यापकों ने की एक अहम पहल

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** प्रदेश के मेवात जिले में रुबेला बीमारियों से रोकथाम के लिए छह फरवरी से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इसकी शुरुआत सभी विद्यालयों से की जाएगी। इस अभियान के तहत जिले में 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया जाएगा। इसके लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय के मुख्य शिक्षक हसमत अली की अध्यक्षता में अभिवावकों की और अध्यापकों की मीटिंग ली गई। जिसमें विशेष सहयोग के लिए नीति आयोग द्वारा पीरामल फाउंडेशन से सुश्री पूजा की उपस्थिति भी रही। हसमत अली ने सभी अभिभावकों को खसरे के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया और अभिभावकों से अनुरोध किया जो भी स्कूल को मेडिकल की तरफ से तिथि मिलेगी। उस तिथि पर बच्चों के साथ आकर यह वैक्सीनेशन जरूर लगवाएं। यह वैक्सीन 9 महीने से 15 साल के बच्चे को अतिरिक्त डोज के रूप में लगाई जा रही है, यदि किसी बच्चे को पहले भी एमपी खसरा टीका लगा हुआ है, उसको भी जरूर लगवाएं। वहीं हसमत अली ने बताया कि हमारे यहां कार्यरत इंदिरा स्वास्थ्य कार्यकर्ता इस वैक्सीन को लगाएंगी। जिसकी कार्यशैली से आप सभी अवगत हैं तथा जिन कारणों से टीका नहीं लगेगा। उन कारणों के बारे में आप स्वयं आकर जैसे कोई दूसरी मर्ज की दवाइयां बच्चा खा रहा है। उनकी वजह से टीका नहीं लग रहा है तो इंदिरा से संपर्क करके उस बच्चे को टीका ना लगाएं। इसी बीच सुश्री पूजा ने बताया हेल्थ टीम स्कूल के अध्यापक और गांव के मौजूद लोग इस बात का खास ख्याल रखेंगे। किसी बच्चे को वैक्सीनेशन के बाद कोई परेशानी ना हो बच्चे को जो भी जरूरत होगी। वह उसकी पूरी की जाएगी तथा सभी अध्यापकों ने यह प्रण लिया है कि अपनी कक्षा में पढ़ रहे हर छात्र–छात्रा के मां बाप से संपर्क करके इस जानकारी को उन तक जरूर पहुंचाया जाएगा। हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा चलाए जा रहे इस मिशन को सफल बनाने की हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

### भगवामय हुआ शहर ओम नमः शिवाय के गगनचुंबी जयघोष से गूंजा शहर

### शहर के मुख्य बाजारों को भगवा तोरण द्वारों व रंग बिरंगी झंडी और बैनरों से सजाया

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका


शोभायात्रा में कलश लेकर चलती महिलाएं।


मनमोहक आकर्षक शिव पार्वती की झांकी।

**श्रीसनातन** धर्म सभा समिति के तत्वावधान में आयोजित रुद्राभिषेक पूजा व शिव महापुराण कथा के चलते धर्म प्रेमियों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें करीब 501 महिलाओं ने कलश को उठाया। कार्यक्रम से पूर्व एक दिन पहले शहर के मुख्य बाजारों को भगवा तोरण द्वारों व रंग बिरंगी झंडियों व बैनरों से सजाया। इसके अलावा शहर के चौक चौराहों पर स्वागत द्वार भी बनवाए गए। पूरा बाजार भगवामय हो गया।

कार्यक्रम के शुभ अवसर पर ढोल नगाड़े, डीजे व आकर्षक मनमोहक शंकर–पार्वती, काली एवं हिंदू देवी–देवताओं से संबंधित इलेक्ट्रिकल झांकियों का भी आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शनिवार प्रातः 9.00 बजे सीताराम बगीची से पांच सौ एक महिला कलश यात्रा के साथ शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से निकाली गई। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमी महिलाएं व पुरुष गुरुग्राम की मशहूर बैंड व मथुरा की शहनाई बैंड के सुमधुर भजनों पर नाचते गाते नजर आए।

वहीं मुख्य बाजारों में स्थित दुकानदारों ने शोभायात्रा में स्थित सभी धर्म प्रेमियों का जगह जगह स्वागत किया। कलश यात्रा का स्वागत फल–फ्रूट, चाय– बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक शुद्ध पेयजल तथा नाश्ते का सामान वितरण कर किया। सभी धर्म प्रेमियों के ऊपर पुष्प वर्षा भी की गई। शोभायात्रा इतनी विशाल थी कि पूरा बाजार धर्म प्रेमियों के भीड़ से खचाखच भरा नजर आया।

इस विशाल कार्यक्रम की व्यवस्था को चाक–चौबंद रखने के लिए शिव मंदिर समिति, श्रीश्याम सखा मंडल व अन्य धार्मिक, सामाजिक संगठन तथा पुलिस टीम पूरी तरह से कार्यरत रहे। इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ध्वज यात्री भी नजर आए। शोभायात्रा इतनी विशाल थी की पहली बार फिरोजपुर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन हुआ जो कि अपने आप में ऐतिहासिक रही। इसके उपरांत यह शोभायात्रा मुख्य बाजारों से होते हुए अपने गंतव्य स्थान गढ़ अंदर सीताराम मंदिर पहुंची। इसके उपरांत कथा वाचक बालकृष्ण महाराज द्वारा दोपहर 1.00 बजे से लेकर शाम 5.00 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन हुआ। जिसमें सभी धर्म प्रेमी महिला व पुरुष ने कथा का अनुसरण किया और उपरांत समस्त धर्म प्रेमी लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीसनातन धर्म सभा समिति के प्रधान डा. वेद प्रकाश महेश्वरी, छगन शर्मा, गिरिराज प्रसाद गोयल, शिव मंदिर समिति के प्रधान अनिल गोयल, पंडित विट्ठललाल शर्मा, सुभाष सर्राफ गोयल, अमित गोयल, प्रवीण गोयल, शेखर गुप्ता, प्रेम योगी सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# कई स्थानों से चोरी हुई चार मोटर साइकिलें बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** में बढ़ रहे अपराधों के रोकथाम के तहत फिरोजपुर झिरका क्राइम सेल की टीम ने दो मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। जिसमें पूछताछ के दौरान चार मोटरसाईकिलें बरामदी की है। वहीं क्राइम सेल के इंचार्ज वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा शिकायत मिली थी कि एक फरवरी को वो शिव–शनि मंदिर आला घाटी पूजा अर्चना करने गया था। करीब 30 मिनट बाद ही उसने आकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। उसने फिरोजपुर झिरका सिटी चौकी में अपनी मोटरसाइकिल का मुकदमा दर्ज कराया।

पीड़ित की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए क्राइम सेल की टीम ने 3 फरवरी को दो आरोपी हाकम पुत्र रशीद व फैसल पुत्र सिराजुद्दीन निवासी भादस थाना नगीना को फिरोजपुर झिरका आला घाटी शनि मंदिर से चोरी हुई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। जब दोनों आरोपियों से सख्ती के साथ पूछताछ


पुलिस की गिरफ्त में बैठे दो आरोपी।

की गई तो उन्होंने इसके अलावा अन्य तीन मोटरसाइकिल की चोरी करना कबूला। जो क्राइम सेल की टीम ने बरामद कर लीं। जिसमें से एक मोटरसाइकिल गुरुग्राम से इसके अलावा दो मोटरसाइकिल करीब एक माह पहले राजस्थान के कामां से चोरी की हुई थी। जिनको क्राइम सेल की टीम ने पहाड़ों में से बरामद कर लिया और दोनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर माननीय अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत नूंह जेल भेज दिया गया।

### डीएवी कॉलेज में छात्र अभिभावक परामर्श सत्र का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद के वाणिज्य विभाग ने छात्र अभिभावक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को उनके नियमित अध्ययन के साथ उनकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के तरीकों का पता लगाना था। इसके अलावा अभिभावकों को यह जानकारी देना था कि वह समय समय पे अपने बच्चों की प्रगति के बारे में चर्चा करने के लिए और उनसे जुड़ी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए शिक्षकों से मिलने कॉलेज आ सकते हैं। अरुण भाटिया जो कि डीएवी शताब्दी महाविद्यालय 1985 सत्र के प्रथम छात्र थे उन्होंने भी अभिभावकों को बताया कि उनके बच्चे इस कॉलेज में शिक्षकों के मार्गदर्शन में सुरक्षित है। कार्यक्रम में मंच संचालन रुचि सिन्हा ने किया। डॉ अंजु गुप्ता ने विभाग के सदस्यों का अभिभावकों से परिचय करवाया।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Nitin Mata S/o Raj Kumar R/o 558, Sector 16, Faridabad have changed to NITIN KUMAR S/o Raj kumar matta.

I, Yogita Khanna D/o Surender Khanna R/o 558, Sector 16, Faridabad have changed to YOGITA MATTA W/o NITIN KUMAR.

I, Usha Rani Arora W/o Kishan Lal R/o 678, New Janta Colony, Faridabad, HR-121001 have changed my name to Usha Rani.

मैं बन्दी दे पत्नी श्री सुजय, मकान नंबर 0382 अमरचन्द कालोनी छज्जन नगर पल्ला नंबर 4, तिलपत रोड अमर नगर फरीदाबाद, मेरा शादी से पहले नाम बन्दी घोष था, जिसे अब मैं शादी के बाद बन्दी दे करना चाहती हूं। भविष्य में मुझे बन्दी दे के नाम से जाना जाए।

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं सूरजभान पुत्र बंसीराम निवासी म.न. ई 579 एसजीएम नगर फरीदाबाद सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि दलबीर सिंह मेरा पुत्र है तथा ऋतु मेरी पुत्रवधू है। यह दोनों ही असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त है तथा हम से लड़ते–झगड़ते है। मैंने इन दोनों को अपनी चल–अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है तथा मैंने व मेरे परिजनों ने इन दोनों से संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मैं या मेरा कोई भी परिजन इन दोनों की किसी भी गतिविधि या लेन–देन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# हिंडेनबर्ग रिपोर्ट

## अडाणी पर संकट

**हिंडेनबर्ग** रिपोर्ट के बाद अडाणी की कंपनियों पर संकट मंडरा रहा है। ऐसे में सरकार व नियामकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि अडाणी समूह पर आए इस संकट का असर आम शेयरधारकों पर न पड़े। यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से कहा था कि 'आज का युग युद्ध का नहीं है।' आजकल प्रकारान्तर से दलाल स्ट्रीट पर 'रक्तपात' हो रहा है, ऐसे में सरकार को विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को भी यही संदेश देना चाहिए जो संभवत: अपने चुनावी लाभ के कारण सरकार पर हमलावर हैं। हिंडेनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद अडाणी समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी में लगभग 100 बिलियन डालर की कमी आई। अपने निवेशकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए अडाणी समूह ने देश में सबसे बड़े 20,000 करोड़ रुपये की 'पब्लिक आफरिंग'-एफपीओ को रद्द करने का निर्णय लेना पड़ा है। समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने एक बयान में कहा, एफपीओ पर आगे बढ़ना 'नैतिक रूप से सही नहीं होगा।' वास्तव में पूरा शेयर बाजार, खासकर बैंकों के शेयर अडानी के शेयरों का मूल्य गिरने से प्रभावित हुए हैं। यहां तक आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने वाले शानदार केन्द्रीय बजट के बावजूद निवेशकों का उत्साह नहीं बढ़ा। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अडाणी के शेयरों में तेज गिरावट का संबंध केवल उनके संस्थागत या खुदरा प्रमोटरों व निवेशकों की चिन्ता से नहीं है, बल्कि इसका असर उन बैंकों पर भी पड़ सकता है जिन्होंने इस समूह को कर्ज दिया है। इससे सरकारी खजाने पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि देश के अधिकांश बैंक




सार्वजनिक क्षेत्र में हैं और उनका नुकसान होने पर उनके पुन: पूंजीकरण की जरूरत होगी जिसका बोझ करदाताओं को वहन करना होगा। इस तथ्य पर गौर किया जाना चाहिए कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पुन: पूंजीकरण के लिए केवल चार साल में 2016-17 से 2020-21 के बीच करदाताओं के पैसे से 310,997 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए।


इस पृष्ठभूमि में देखें तो अमेरिकी शार्ट-सेलर हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट पर राजनेता वर्ग की प्रतिक्रिया जिम्मेदार नहीं कही जा सकती है। संकट के सीधे समाधान पर जोर देने के बजाय कुछ राजनेता इससे लाभ उठाना चाहते हैं। संसद में विपक्षी दलों ने अडाणी समूह के शेयरों में तेज गिरावट को देखते हुए भारतीय निवेशकों को पैदा जोखिम पर चर्चा की मांग की। उन्होंने एक संसदीय समिति या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति से जांच की मांग भी की। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इन मांगों को मानने से इनकार कर दिया जिससे दोनों सदनों में गतिरोध पैदा हो गया। इस प्रकरण का समाधान होना चाहिए क्योंकि गतिरोध किसी के हित में नहीं है। अडाणी समूह निवेशकों को समझाने में विफल रहा है। हालांकि, उसने हिंडेनबर्ग द्वारा उठाए सवालों का विस्तृत जवाब देते हुए हिंडेनबर्ग को 'मैनहटन का पागल' कहा है जिसकी 'कोई विश्वसनीयता या नैतिकता' नहीं है। अडाणी समूह ने यह भी कहा है कि हिंडेनबर्ग के आरोप 'केवल किसी खास कंपनी पर अनावश्यक हमले न होकर भारत पर सुनियोजित हमला हैं।' हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद 'भारत-विरोधी' शक्तियां किसी भी रूप में सक्रिय हो सकती हैं, लेकिन शायद निवेशक इसे फिलहाल समझने को तैयार नहीं हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत की नियामक संस्थायें जल्द ही मामले पर कार्रवाई कर 'दूध का दूध और पानी का पानी' कर देंगी। भारत की औद्योगिक व आर्थिक प्रगति के लिए भारतीय उद्यमों में निवेशकों तथा आम जनता का विश्वास बनाए रखना जरूरी है।

# भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी से कांग्रेस में उत्साह

तिरंगा फहराने के बाद श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में राहुल गांधी ने विपक्षी एकता पर किए गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि विपक्षी एकता बातचीत और दृष्टिकोण के बाद आती है और यह कहना सही नहीं है कि विपक्ष बिखरा है।



निशिकांत ठाकुर
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक है)



**वर्ष** 2023—24 भारतवर्ष के लिए अभूतपूर्व होगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। जिस तरह कड़कती ठंड, वर्षा और बर्फबारी के बावजूद भव्यता के साथ श्रीनगर के ऐतिहासिक लालचौक पर भारतीय तिरंगा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और संसद राहुल गांधी ने फहराया, वह अद्भुत और आह्लादित करने वाला था। यहां श्रीनगर में 4,080 किलोमीटर की %भारत जोड़ो यात्रा% का 30 जनवरी को औपचारिक समापन हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की छवि और काबिलियत को, जिसे सत्तारूढ़ ने नकार दिया था, उसे सकारात्मक बनाने में राहुल गांधी को जी-तोड़ मेहनत भले करनी पड़ी, लेकिन उनकी इस दूरदर्शिता का लाभ कांग्रेस सहित देश को भविष्य में बखूबी मिलेगा। 7 सितंबर से अब तक देश के हर कोने में यही बात गूंजती रही है कि क्या कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की कांग्रेस की यह दुरूह भारत जोड़ो यात्रा सही-सलामत श्रीनगर पहुंच जाएगी? और, यही तो यात्रा के समापन के दौरान गृहमंत्री अमित शाह को चुनौती देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर के हालात सही हैं, तो वह जम्मू से श्रीनगर तक की पदयात्रा क्यों नहीं करते? सच में यह लंबा सफर बहुत ही कठिन था, लेकिन पार्टी की एकजुटता, जनसमर्थन और शीर्ष नेतृत्व ने इस पहली यात्रा को सफल बना दिया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने इस यात्रा की व्याख्या करते हुए बताया कि %भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया एक जनांदोलन है, जिसका उद्देश्य नई दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ देश को एकजुट करना है। इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन द्वारा 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी में प्रायोजित किया गया था। इसे मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से %भय और कट्टरता% की राजनीति और %नफरत% के खिलाफ लड़ने के लिए बनाया गया था%।

तिरंगा फहराने के बाद श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में राहुल गांधी ने विपक्षी एकता पर किए गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि विपक्षी एकता बातचीत और दृष्टिकोण के बाद आती है और यह कहना सही नहीं है कि विपक्ष बिखरा है। उन्होंने स्वीकार किया कि मतभेद तो हैं, लेकिन वह विपक्ष साथ खड़ा होगा और लड़ेगा; क्योंकि एक तरफ कांग्रेस का नजरिया है और दूसरी तरफ भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अहंकार तथा नफरत का नजरिया है। यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ने का था। यह यात्रा नफरत और हिंसा के खिलाफ थी। उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि धारा—370 समाप्त होने की वजह से ही राहुल गांधी ने शांति से श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया। भाजपा प्रवक्ता और पूर्व केंदीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने कश्मीर में ऐसा माहौल बना दिया है कि हर भारतीय वहां आसानी से झंडा फहरा सकता है। राहुल गांधी के नेतृत्व में की जा चुकी इस यात्रा में कई विपक्षी पार्टियों को बुलाया गया था, जिसमें से कई दलों ने यात्रा से दूरी बनाने का फैसला किया। वहीं, यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मैंने इस यात्रा से बहुत कुछ सीखा है और लोगों ने अपार समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कोई भाजपा नेता इस तरह से नहीं चल सकता, क्योंकि वे डरे हुए हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती राहुल की इस यात्रा के समापन कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। उन्होंने बर्फबारी के बीच लोगों को संबोधित किया और राहुल गांधी की खूब प्रशंसा की। मुफ्ती ने कहा कि राहुल ने यात्रा में कहा था कि वे कश्मीर में अपने घर आ गए हों, ऐसा लगता है, लेकिन यह उनका घर ही है। पीडीपी नेता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि गोडसे की विचारधारा ने जम्मू-कश्मीर से जो छीन लिया, वह इस देश से वापस मिल जाएगा और राहुल गांधी में देश आशा की किरण देख रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण 2 अक ?टूबर से शुरू हो सकता है। कांग्रेस ने यात्रा के पहले चरण की सफलता के बाद दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। योजना के मुताबिक राहुल 2024 चुनाव से ठीक पहले गुजरात से शुरू होने वाली यात्रा को अरुरणाचल प्रदेश में खत्म करेंगे। राहुल गांधी ने 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी, जो 30 जनवरी को श्रीनगर में खत्म हो गई, लेकिन उसके पहले ही यात्रा से मिले जनसमर्थन से उत्साहित कांग्रेस ने दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने इस बाबत चर्चा शुरू कर दी है कि दक्षिण से उत्तर तक भारत भ्रमण करने वाले राहुल गांधी अब पश्चिम से पूर्व की तरफ भी वैसी ही यात्रा करें। भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण 2 अक्टूबर से शुरू हो सकता है। यात्रा गुजरात से अरुणाचल प्रदेश जाएगी। गुजरात के पोरबंदर या साबरमती आश्रम से शुरू होकर यह यात्रा लगभग 3100 किमी चलेगी, जबकि पहला चरण 4080 किमी का था। इस यात्रा में 140 से 150 दिन लगने की उम्मीद है। हालांकि, कांग्रेस अब भी कह रही है कि चर्चा चल रही है, सुझाव आए हैं, लेकिन अब तक तारीख तय नहीं है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी कहते हैं कि भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे फेज को लेकर कई तरह के सुझाव मिले हैं और चर्चा निरंतर जारी है।

वैसे इस भारत जोड़ो यात्रा को गैर राजनीतिक यात्रा बताया गया है, लेकिन इस बात से कोई कैसे इनकार कर सकता है कि कांग्रेस के सभी शीर्ष नेताओं द्वारा इसमें भाग लिया गया और पांच महीने तक कठिन दौर से गुजरते हुए अपनी मंजिल (श्रीनगर) तक का सफर पूरा किया, फिर यह गैर राजनीतिक यात्रा कैसे? इस यात्रा से राहुल गांधी की छवि से लेकर दल की भी सक्रियता बढ़ी है और कांग्रेस से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का आत्मबल भी बढ़ा है, तभी तो यात्रा खत्म होने से पहले ही अपनी दूसरी पदयात्रा का संकेत पार्टी द्वारा दे दिया गया था। मूलत: यात्रा का उद्देश्य इस वर्ष नौ राज्यों में होने जा रहे विधानसभा और अगले वर्ष 2024 में देश के लोकसभा का चुनाव ही है। वर्ष 2023 के शुरू से लेकर अंत तक नौ राज्यों में चुनाव होने हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इन्हें सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। कर्नाटक, मध्य प्रदेश और त्रिपुरा में भाजपा की सरकार है, जबकि नगालैंड, मेघालय और मिजोरम की सत्ता पर क्षेत्रीय दल काबिज हैं, लेकिन भाजपा सहयोगी दल के तौर पर है। वहीं, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है, तो तेलंगाना में केसीआर की पार्टी बीआरएस काबिज है।

अब ऐसा लगने लगा है कि अपनी केवल एक यात्रा के बल पर हिमाचल प्रदेश का चुनाव जीतकर भारत जोड़ो यात्रा ने अपने कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिया है कि 137 वर्ष पुरानी पार्टी कांग्रेस में अभी भी दम है। एक समय ऐसा भी कांग्रेस के लिए आ गया था, जब सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था और आमलोगों में यह भ्रम फैलाने का भरपूर प्रयास किया कि कांग्रेस अब समाप्त हो गई और अब वह लंबे समय तक देश पर शासन करती रहेगी। लेकिन, अब इस भारत जोड़ो यात्रा से ऐसा लगने लगा है कि सबके दिन अच्छे आने की जो बात कही जाती है, लगभग उस जैसी स्थिति कांग्रेस की हो गई है और उसके दिन बदलने वाले हैं। यह असर तो केवल इस यात्रा को लेकर माना जाता है, लेकिन यदि पूर्व निर्धारित अपनी योजना के अनुसार इसी तरह की दूसरी यात्रा फिर पश्चिम से पूर्व की और के लिए कांग्रेस आयोजित करती है, तो यह मान लिया जाना चाहिए कि लोकसभा 2024 का चुनाव कांग्रेस के लिए सफलता की आखरी सीढ़ी होगी।

# तकनीकी शिक्षा एवं साइबर सुरक्षा का बढ़ता महत्व

अभिषेक मित्रा
(लेखक इंडियन सायबर सिक्योरिटी साल्यूशंस के



**स्टा**र्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार मौजूदा और नए व्यवसायों के लिए वैश्विक यूनिकॉर्न बनने के लिए एक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित पहल चलाने में सबसे आगे रही है। इसलिए, भारतीय साइबर सुरक्षा के द्वार पर युवा प्रतिभाओं को पेश करने के लिए भारतीय छात्रों को साइबर सुरक्षा को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा समय है। भारत में शिक्षा क्षेत्र युवाओं के बीच तकनीकी शिक्षा की सुविधा प्रदान करने और एक साथ इसकी प्रवृत्ति से निपटने के लिए विस्तृत मास्टरक्लास और क्रैश कोर्स दोनों के साथ उभर रहा है। यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है तो भविष्य में साइबर सुरक्षा रोजगार की भारी मांग होगी। भारत के साइबर सुरक्षा कॉलेज विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं जो स्थानांतरण स्थितियों के लिए प्रासंगिक हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की भारत में भारी मांग को देखते हुए, साइबर सुरक्षा शिक्षा का अध्ययन करने में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति को लंबे समय में लाभ होगा। तकनीकी शिक्षा जनशक्ति विकास को बढ़ावा देती है और व्यक्तियों को कौशल से लैस करती है जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग बनाने, विकसित करने और स्थापित करने में सक्षम बनाती है।

साइबर सुरक्षा और तकनीकी शिक्षा से संबंधित शिक्षा क्षेत्र में चर्चा के कई कारण हैं। भारतीय छात्रों को साइबर सुरक्षा और तकनीकी शिक्षा-आधारित पाठ्यक्रमों की ओर अधिक झुकाव देने वाले प्रमुख कारकों में से एक इन विषयों में कुशल संसाधनों की मांग की वैश्विक लहर है। मांग में यह उछाल प्रौद्योगिकी आधारित क्रांति के आगमन के साथ आया है जिसने सरकार से लेकर बैंकिंग तक सभी क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। डिजाइन के हिसाब से भी यह चलन सदाबहार है, क्योंकि उद्योगों की नई सीमा के लिए ज्ञान और तकनीक-कौशल-आधारित कार्यबल की आवश्यकता होगी। इसके चलते



छात्र इससे जुड़े और कोर्स की मांग कर रहे हैं। साथ ही, एक टिकाऊ करियर की मांग भी है, जो फ्यूचर शॉक प्रूफ हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन के क्षेत्र में बढ़ती प्रगति मानव श्रम शक्ति के उन्मूलन का कारण बन रही है, इस चर्चा से हम सभी परिचित हैं। हालांकि, यह खतरा साइबर सुरक्षा और अन्य तकनीकी-आधारित नौकरियों के क्षेत्र में नहीं है क्योंकि इसके लिए नए ढांचे और फायरवॉल के निर्माण के साथ-साथ निरंतर मानवीय हस्तक्षेप और जांच की आवश्यकता होती है, यह आज के रूप में अकेले एआई या एमएल द्वारा कुशलतापूर्वक संभव नहीं है। नतीजतन, हाई स्कूल, सामुदायिक कॉलेज, नीति निर्माता और परिवार तेजी से बदलते भविष्य के लिए बच्चों को तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं, और भारतीय शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारक उन्हें बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इंटरनेट और सॉफ्टवेयर एकीकरण ने सभी उद्योगों, क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों को कैसे प्रभावित किया है, इसके परिणामस्वरूप एक सक्षम साइबर सुरक्षा जानकार और तकनीकी रूप से ध्वनि कार्यबल की भारी मांग विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न हुई है, जिससे एक मौलिक परिवर्तन आया है। चीजें की जाती हैं। वित्तीय संस्थान, कानून व्यवसाय, रियल एस्टेट कंपनियां, स्टॉक ब्रोकरेज फर्म, बीमा कंपनियां, और कई अन्य मांग की सीमा और मात्रा के उदाहरण हैं, जिसमें से छात्र चुन सकते हैं। सरकार को तकनीकी पाठ्यक्रमों के महत्व का एहसास हुआ और वे कैसे देश के समाज और अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकते हैं। सभी ज्ञान रूपों की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी अध्ययन में बहु-अनुशासन और समग्र शिक्षा नई शिक्षा नीति-2020 की एक प्रमुख विशेषता है।

सरकार ने राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न संस्थानों की स्थापना करके देश भर में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जिसमें 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान शामिल हैं। अनुसंधान और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए योजना (स्पार्क), डिजाइन नवाचार के लिए राष्ट्रीय पहल (एनआईडीआई), विज्ञान में परिवर्तनकारी और उन्नत अनुसंधान के लिए योजना (स्टार), आदि तकनीकी शिक्षा के प्रचार के लिए शिक्षा मंत्रालय में लागू की गई हैं और उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाया दिया जाता रहा है। साइबर सुरक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रचार के तेजी से विकास के लिए जिम्मेदार सहायक कारक टेक-फर्स्ट लेबर मार्केट में कुशल प्रतिभा की कमी है, जो सभी क्षेत्रों में संगठनों द्वारा विशाल और विविध मांग के साथ युग्मित है, मौद्रिक पारिश्रमिक काफी आकर्षक है। एक विशिष्ट अनुशासन या साइबर सुरक्षा के उप-क्षेत्र की ओर निर्देशित लघु-अवधि के प्रमाणन कार्यक्रम युवा छात्रों और पेशेवरों दोनों के बीच त्वरित गति और विशद लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं। ये इन विस्तृत अध्ययनों में एक त्वरित मार्गदर्शक और प्रवेश द्वार के रूप में कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में, भारतीय शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी अध्ययन, व्यावसायिक अध्ययन, और साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम जैसे जोखिम मूल्यांकन, वित्तीय धोखाधड़ी संरक्षण, और सिस्टम ऑडिटिंग से संबंधित गतिशील मांग में वृद्धि देखने को मिलेगी, साथ ही यह संस्थाओं एवं शिक्षा-तकनीकी कम्पनियों में परिलक्षित होगा।

## आप की बात

### खतरनाक पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में मस्जिद पर हुए फिदायीन हमले में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की घटना आतंकवादियों के बढ़ते हौसले का सबूत है। पाकिस्तान को इसे अपने द्वारा ही खोदे गए गड्ढे में खुद ही गिर जाने वाली घटना मानना चाहिए। देश के अंदरूनी हालात बद से बदतर हो रहे हैं, मगर पाकिस्तान का ध्यान अब भी भारत में आतंकवाद की फसल काटने पर ही है। यदि ऐसे हादसों के बाद भी पाकिस्तानी हुक्मरान और सेना अपने आतंकवादियों के प्रशिक्षण केंद्र को बंद नहीं करती हैं तो भविष्य में यह भस्मासुर खुद उसे ही भस्म कर देंगे। संभावना है कि आतंकियों के समर्थक जिहादी व कट्टरपंथी तत्व पाकिस्तान की सत्ता और परमाणु बम तक हथिया लेंगे। यह पाकिस्तान के शासकों के साथ ही दुनिया के उन देशों के लिए भी सबक है जो पाकिस्तान की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए उसके पुराने पापों को भुला कर उससे गलबहिंयां करने लगते हैं। दुनिया को उस भयावह स्थिति के बारे में विचार करना चाहिए जब पाकिस्तान के आणविक हथियार कट्टरपंथियों के हाथ लग जाएंगे और वे भारत समेत पश्चिमी देशों को नाभिकीय ब्लैकमेल का शिकार बनाने का प्रयास करेंगे। यह उत्तर कोरिया के बाद सर्वाधिक खतरनाक देश होगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### राक्षसी प्रवृत्ति

**प्राचीन** समय में निशाचरों को रूप बदलने की विद्या आती थी जिस कारण कालनेमि, मारीच, सूपर्णखा, पूतना, रावण सहित समस्त निशाचर अपना रूप बदलकर ऋषि मुनियों व ईश्वर भक्तों को पीड़ा पहुचाते थे। शायद भारत की वर्तमान राजनीति ने राक्षसों की रूप बदलने की प्राचीन परंपरा को जीवित कर दिया है। अभी भारत की आस्था के केंद्र श्री राम के जीवन पर आधारित रामचरितमानस को लेकर सपा के राष्ट्रीय सचिव स्वामी प्रसाद मौर्या ने ऐसी टिप्पणी की है जिससे देश का हिन्दू समाज आहत है। स्वामी प्रसाद मौर्या अपने बयान पर कायम है और लगातर उसमें नए-नए आयाम जोड़ते जा रहे हैं। शायद अखिलेश यादव सहित समस्त सपाइयों का इसमे सहयोग व पूर्ण समर्थन है। यह केवल राजनीतिक लाभ पाने के लिये भारत की सबसे प्राचीन परंपरा को बदनाम करने की सोची समझी साजिश है ये। यही स्वामी प्रसाद मौर्या जब भाजपा में बड़े मंत्री थे तब इनके मुख से कभी भी कोई टिप्पणी ऐसी नही आई। देखना होगा कि देश-प्रदेश की जनता मौर्य व अखिलेश यादव की अवसरवादिता व राक्षसी प्रवृत्ति का चुनावों में कैसा जवाब देती है।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### विपक्षी विलाप

**आम** बजट आम लोगों के साथ ही सभी वर्गों को संतुलित और व्यवहारिक लगा किन्तु विघ्नसंतोषी विपक्षियों को नागवार लगा। इसका प्रमुख कारण यह है कि उन्हें कभी भी सरकार की बात उनके मन को भायी ही नहीं तब बेहतर बजट भी असंतुलित लगना स्वाभाविक ही है। पूर्व वित्तमंत्री पी चिदम्बर ने कहा कि इसमें गरीबी और बेरोजगारी मिटाने के लिए कुछ नहीं, जैसे वित्त मंत्री रहते हुए उन्होंने तो सारी गरीबी और बेरोजगारी मिटा कर ही रख दी थी। मजेदार बात है कि उनके बेटे कीर्ति चिदम्बर ने बजट का स्वागत किया। कुल मिलाकर बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है साथ ही सभी ने इसका स्वागत किया है। विपक्ष ने भाजपा पर चुनावी बजट पेश करने का आरोप भले ही लगाया हो, पर वित्त मंत्री ने जोखिम उठाते हुए भी लोकरंजक योजनाओं से दूरी बनाए रख कर अच्छी राजनीति व अच्छी अर्थनीति में भी संतुलन बनाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी देश के बेघरों को घर तथा हर घर को नल से जल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जबकि विपक्ष ने कभी इतना बड़ा सपना देखा ही नहीं था।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारतीय** रेलवे का आबंटन 2.40 लाख करोड़ हो गया है जो अब तक सबसे ज्यादा तथा 1993 का 6 गुना है।

- **निर्मला सीतारमण**
वित्तमंत्री

**यह** कर्मचारियों या नई भर्ती के लिए है अथवा निजी कंपनियों को बेचने के पहले रेलवे आधुनिकीकरण के लिए है।

- **भूपेश बघेल**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री





**यह** बजट गरीब-विरोधी व जन-विरोधी है। मैं इसकी निन्दा करती हूं।


- **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

# देश में महंगाई बढ़ेगी और गरीब व्यक्ति उसकी चपेट में आएगा : पूर्व सीएम हुड्डा

## कांग्रेस मजबूत है और पूरी शक्ति से आगे बढ़ रही, आने वाला समय कांग्रेस का होगा

### किसान की दोगुनी आय करने का जो वादा किया था वह पूरा नहीं हुआ

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत


पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा।

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शनिवार को सोनीपत जिले के गांव बड़वासनी में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे। इस दौरान हरियाणा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि अब हर वर्ग दुखी है। किसान की दोगुनी आय करने का जो वादा किया था, वह पूरा नहीं हुआ है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया है, वह जनहित के लिए नहीं है। क्योंकि इसमें किसान का हित नहीं है। छोटे व्यापारी का हित नहीं है और ना ही गरीब आदमी के लिए इसमें कुछ खास हुआ है।

किसान की फसलों का दुगना भाव करने का जो वादा किया था, वह भी पूरा नहीं हो पाया है। खाद की सब्सिडी जहां कम कर दी गई। वहीं पेट्रोल और डीजल का भाव भी वही रखा। जिससे देश में महंगाई बढ़ेगी और गरीब व्यक्ति उसकी चपेट में आएगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जल्द ही हरियाणा में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 2 से 3 महीने तक हरियाणा में चलेगा। जिसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए जा चुके हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस में किसी भी तरह की फूट नहीं है।

कांग्रेस काफी मजबूत है और शक्ति से आगे बढ़ रही आने वाला समय कांग्रेस का होगा। हरियाणा में दिन-प्रतिदिन हो रहे अपराधों पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि हरियाणा में अब ऐसा लगता है कि कोई सरकार है नहीं। अपराधी अपराध करके गायब हो जाते हैं, जिससे जनता में खौफ का माहौल बन रहा है। महंगाई, बेरोजगारी सबके लिए परेशानी बनी हुई है। वर्ष 2014 में जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी तब प्रति व्यक्ति आय और निवेश में हरियाणा नंबर वन था। अब हालात ऐसे बन चुके हैं कि हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन पर पहुंच चुका है।


कलश यात्रा में भाग लेती पूर्व मंत्री कविता जैन।

# पूर्व मंत्री कविता जैन ने किया देवरू रोड से कलश यात्रा का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**पूर्व** शहरी निकाय मंत्री कविता जैन ने देवडू रोड से प्रारंभ हुई कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए इस पुण्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने स्वयं भी कलशयात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं। कलश यात्रा का आयोजन देवडू रोड शिव मंदिर तक किया गया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि ऐसे शुभ अवसरों पर कलश यात्रा पारंपरिक रूप में आयोजित की जाती है, जिसके दर्शन मात्र से पुण्य मिलता है। भागवत कथा 4 फरवरी से 10 फरवरी तक देवडू रोड गली नंबर 9 में चलेगी। पंडित योगेंद्र शास्त्री द्वारा की जाने वाली भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा का अयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणियों का कल्याण संभव है। हर किसी को कथा का श्रवण पर पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ करना चाहिए। मानवीय जीवन को दिशा मिलती है। पूर्व मंत्री कविता जैन ने आम जनमानस को प्रोत्साहित किया कि वे कलश यात्रा व श्रीमद् भागवत कथा सरीखे कार्यक्रमों में बढ़-चढकर हिस्सा लें। साथ ही नई पीढ़ी को भी प्रतिभागी बनायें, ताकि वे अपनी संस्कृति से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी।

लोगों का जीवन सरल होगा और संपन्नता में वृद्धि होगी। इस मौके पर आयोजकों ने पूर्व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश, सुरेश, राजू, सुरजीत राठी, राजकुमार, जोगेंद्र, संजय, सुनीता, राजेंद्र, प्रमोद, गोमती, रितु, पूनम, बबली, सुदेश, कृष्णा और काफी गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### नेहरू युवा केंद्र ने तीन दिवसीय श्रमदान शिविर शुरू किया


कार्यक्रम को संबोधित करती एक अधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र द्वारा तीन दिवसीय श्रमदान शिविर गांव झीवरहेडी में युवा मंडल व ग्राम पंचायत झीवरहेडी की सरपंच लखबीर कौर धर्मपत्नी पवन कुमार के सहयोग से शुरू किया। प्रथम दिन युवा मंडल की कोषाध्यक्ष विजेता सैनी ने बताया कि इस तीन दिवसीय श्रमदान शिविर के माध्यम से गांव में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जल संरक्षण पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज प्रथम दिवस पर गांव के सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति स्थलों की साफ-सफाई का कार्य किया जाएगा तथा सार्वजनिक स्थान पर होद का निर्माण करवाया जाएगा, जिसमें साफ पेयजल की आपूर्ति भी करवाई जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता रैली, शपथ, योगा, रैली व अन्य कार्यक्रम करवाए जाएंगे। नेहरु युवा केंद्र युवाओं को बढ़ चढ़ कर इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है। कल्पना चावला युवती मंडल ठोल से संबंधित सुनीता देवी द्वारा नेहरू युवा केंद्र की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। उषा देवी द्वारा युवा मंडलों के कार्यों से युवाओं को रूबरू करवाया गया।

### विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का करवाया गया अभ्यास


सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते विद्यार्थी।


**कुरुक्षेत्र।** रॉयल आर्य शिक्षा निकेतन कैलाश नगर कुरुक्षेत्र में हरियाणा योग के अंतर्गत 75 लाख सूर्य नमस्कार के अभियान के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। अभ्यास का प्रारंभ कृष्णा जिले के प्रधान देवी दयाल सैनी प्रधान श्याम प्राचार्य, केंद्र प्रमुख मिथिलेश रानी एवं मांगेराम के नेतृत्व में किया गया। विद्यार्थियों को देवी दयाल सैनी एवं श्याम पाराशर द्वारा सूर्य नमस्कार का महत्व इससे होने वाली इससे होने वाले लाभ विद्यार्थियों को बताए। विद्यार्थियों को बताया गया कि योग का हमारे जीवन में क्या महत्व है एवं उन्हें योग को अपने नियमित दिनचर्या का एक हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी गई। प्रधानाचार्य राकेश गिराने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस विषय पर अधिक जोर दिया कि आज की भाग दौड़ में शरीर को स्वस्थ रखना सबसे महत्वपूर्ण विषय है तथा योग के द्वारा ही हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं तथा सभी भी प्रकार की बीमारियों से मुक्त रह सकते हैं। इस अवसर पर अनीता रानी, कुसुम, नेहा अनेजा, आरती, काजल, नीलू, पूनम, मनीषा, अन्नू, नीतू रानी आदि उपस्थित रहे।

### सोनीपत का हैरिटेज पार्क हुआ बदहाल


पार्क में टूटे डस्टबिन व सूखी घास।

**सोनीपत।** एनसीआर सोनीपत की ओर जहां के पार्कों का भी बुरा हाल है। यहां हेरिटेज पार्क की दयनीय हालात हो चुकी है, जो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, लेकिन सरकार, प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। फिलहाल यहां पर घास सूख चुकी है। दीवार जगह-जगह से टूट कर जर्जर हो चुके हैं और पार्क में रोशनी के लिए लगाई गई लाइटें भी टूटी हुई हैं। यहां पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है और आने जाने वाले लोगों के लिए सुलभ शौचालय भी नहीं है। जब इस विषय को लेकर यहां पार्क में पहुंचने वाली महिलाओं से बात की तो उनका दर्द भी छलक आया।

### मुस्कान ने झलक-2023 में हासिल किया दूसरा स्थान


शनिवार को स्कूल में मुस्कान का स्वागत करती प्रिंसिपल दीपांश कौर और अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगुरु नानक प्रीतम गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा मुस्कान ने झलक-2023 सेकेंड नेशनल लेवल इंटर स्कूल कल्चर एंड लिटरेचर कम्पीटिशन में सोलो डांस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रिंसिपल दीपांश कौर ने शनिवार को मुस्कान का इस उपलब्धि के लिए स्वागत किया। बताया कि यह प्रतियोगिता सिग्नस हाई वर्ल्ड स्कूल द्वारा गैलेक्सी ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंबाला में आयोजित करवाई गई थी। जिसमें दूसरा स्थान हासिल करके मुस्कान ने स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि झलक 2023 की तरफ से मुस्कान को 1100 रुपये की नकद राशि, एक ट्रॉफी और सर्टिफिकेट भी दिया गया है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य और स्टाफ उपस्थित रहा।

# सकारात्मक विचारों से हमारे शरीर पर पड़ता है अच्छा असर : बीके मीनाक्षी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


ब्रह्माकुमारी बहनों का स्वागत करते ग्रामीण।

**ब्राह्मण** धर्मशाला अमीन में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीके शिवाली बहन ने बताया कि भगवान शिव के शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने का रहस्य बताया। बेल पत्र तीन पत्र यानि ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के कर्तव्य का परिचायक है। बेर चढ़ाने से आपसी बैर भाव समाप्त कर भाईचारे की भावना को बढ़ाती है।

शनिवार को ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र से गांव अमीन में शिव बाबा के बारे जानकारी दी गई। बीके मिनाक्षी बहन ने सकारात्मक विचारों बारे बताया कि अच्छे विचारों से हमारे शरीर पर भी बहुत अच्छा असर पड़ता है। नकारात्मक विचारों से बुरा असर व शरीर को कई प्रकार के रोग लग जाते हैं। उन्होंने गांव वासियों को प्रतिदिन शिव की वाणी मुरली सुनने पर जोर दिया। अमीन गांव के नवनियुक्त युवा सरपंच गौरव चौहान ने गांव में पहुंचने पर ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार जताया। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज द्वारा किये जा रहे नेक कार्यों की प्रशंसा की। डा. आरडी शर्मा ने अपना अनुभव सुनाया। उन्होंने बताया कि मेरे जीवन में बहुत बदलाव आया है। आप सभी भी इसका पूर्ण लाभ उठा सकते हैं। प्रो. सुरेश चन्द्र ने नवनियुक्त सरपंच का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर सन्तरो देवी, राजबाला, प्रवेश, लक्ष्मी देवी, कान्ता देवी, सोनिया, शीला देवी व चमेली, जगदीश चन्द्र शर्मा, रामेश्वर शर्मा, जोगिन्द्र सिंह चौहान, हुकम सिंह चौहान, मनीश शर्मा, महेन्द्र सिंह व मुकेश आदि मौजूद रहे।

# बाल वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में दिखाया जलवा



मुख्य अतिथि से टीम के मेडल लेते हुए बाल वैज्ञानिक।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**30वीं** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन एनसीएसटीसी, डीएसटी भारत सरकार एवं गुजरात कौंसिल आफ साईंस एंड टैक्नोलोजी द्वारा संयुक्त रूप से साईंस सिटी गुजरात में पांच दिवसीय किया गया।

हरियाणा से 21 सदस्यीय बाल वैज्ञानिकों एवं एस्कार्ट अध्यापकों ने कृष्ण वत्स राज्य संयोजक के नेतृत्व में भाग लिया। कार्यक्रम में पूरे देश व खाड़ी देशों के लगभग 680 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। बाल वैज्ञानिकों ने इस वर्ष के मुख्य विषय स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारितंत्र विषय पर लगभग 16 भाषाओं में अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुतियां दीं। बाल वैज्ञानिकों ने रचनात्मक एवं नवाचारी वैज्ञानिक समाधान दिये। बाल वैज्ञानिकों ऐतिहासिक स्थलों साबरमती आश्रम, अटल ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचे स्टेच्यू आफ यूनिटी, जंगल सफारी व बांध का भ्रमण रोंमांचपूर्ण रहा।

# कोरोना से मौत में मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये प्रति केस मिलेंगे

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कोविड-19 के कारण हुई मृत्यु के मामलों में मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये प्रति केस अनुग्रह सहायता दी जा रही है। इसके लिए मृतक मरीज के परिजनों को अंत्योदय सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर अब को कोई ऐसा पात्र परिजन बचा है, जिसने इस योजना के अनुग्रह राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन नहीं किया है तो वह अपना आवेदन तुरंत करें और इस योजना का फायदा उठाएं। उन्होंने कहा कि जिन आवेदकों के खातों में अनुग्रह राशि भेजी गई है, उन सभी आवेदकों की सूची आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भेजी गई।

# बीपीआर कालेज की एनएसएस इकाई ने लगाया शिविर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


स्वयंसेवकों को पेड़ों के महत्व के बारे बताते प्रोफेसर।

**भगवान** परशुराम कॉलेज की एनएसएस इकाई ने एक दिवसीय शिविर लगाया। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को एनएसएस के बारे बताना, बागवानी सिखाना तथा पर्यावरण में पेड़ों के महत्व के बारे में बताना रहा। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के 34 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने किया।

प्राचार्य ने कहा कि अगर हम देखें तो राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्रों का चहुमुखी विकास करना है और इस सम्बन्ध में कॉलेज की एनएसएस इकाई समय-समय पर अनेक गतिविधियां करवाती रहती है, जिससे छात्रों के व्यक्तित्व में विकास हो सके तथा छात्र समाज से जुड़ कर समाज सेवा का हिस्सा बन सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी हमारे कॉलेज के छात्र इसी प्रकार से एनएसएस इकाई द्वारा करवाई जाने वाली गतिविधियों में भाग लेते रहेंगे। प्राध्यापक डॉ. नंद किशोर ने पर्यावरण के महत्व के बारे में स्वयंसेवकों को बताया तथा कॉलेज प्रांगण में उगाए गए विभिन्न पेड़ों के बारे में बताया। मुख्य रूप से उन्होंने औषधीय पौधों के बारे में विस्तार से बताया।

# राजकीय महाविद्यालय कालका में सूर्य नमस्कार आयोजित

**चंडीगढ़** । राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या कामना के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्राचार्या कामना ने अपने संबोधन में कहा कि हमें योग को जीवन में अपनाना चाहिए। करो योग रहो निरोग। सूर्य नमस्कार योग का प्रमुख हिस्सा है। रोजाना सूर्य नमस्कार करने से शरीर स्वस्थ रहता है। सूर्य नमस्कार शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ रखता है और बीमारियां दूर होती है। प्रस्तुत कार्यक्रम सेलिब्रेशन ऑफ डेस कमेटी की प्रभारी प्रोफेसर नीना शर्मा सदस्या प्रोफेसर डॉक्टर बिंदु, डॉ रमाकांत, डॉ नमिता और डॉक्टर पूनम दहिया के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया।

# संत रविदास ने समाज से जातिगत भेदभाव मिटाने का दिया संदेश : प्रो. अमरजीत सिंह

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण व विद्यार्थी।

**जगत** गुरु नानक देव पंजाब स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी पटियाला के पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमरजीत सिंह ने कहा है कि संत रविदास ने अपनी वाणी में समाज से जातिगत भेदभाव मिटाने का संदेश दिया है। उनकी वाणी में बार-बार अपनी जाति का नाम लेकर रचना करना जाति से ज्यादा कर्मों की महानता को दशार्ता है। वे शुक्रवार का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग में पंजाबी साहित्य सभा की तरफ से भगत रविदास जी की जयंती को समर्पित भगत रविदास वाणी और विचारधारा विषय पर आयोजित विचार-गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भगत रविदास की वाणी मानवता की सेवा करने, असहाय एवं गरीब लोगों को हमेशा साथ लेकर चलने और समाज से जातिगत भेदभाव मिटाते हुए एकता के साथ जीने का संदेश देती है। डॉ. अमरजीत ने जीवन के उद्धार के लिए गुरु के महत्व को वेदों के समकक्ष प्रस्तुत किया एवं गुरु ग्रंथ साहिब को दुनिया की सबसे महान रचना बताया। उन्होंने कहा कि भगत रविदास की मधुर वाणी विश्व को परमात्मा से मिलन के रूहानी मार्ग पर चलने का संदेश देती हुई शरीर की नाशमानता को भी प्रकट करती है तथा भगत रविदास की वाणी समाज में समानता का सन्दर्भ निर्मित करती है।

# दंगल-2 चैनल पर आ रहा है मनोरंजक और पारिवारिक शो प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**देश** के अग्रणी एंटरटेनमेंट चैनल दंगल-2 नेअनूठे अंदाज में दर्शकों को हंसाने-गुदगुदाने का इंतज़ाम कर दिया है। चैनल पर जे एस डब्ल्यू सीमेंट द्वारा को-पावर्ड शो प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार का प्रसारण जल्द ही शुरू होनेवाला है। जो दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट करने के साथसाथ उन्हें सोचने पर भी मजबूर करेगी और दर्शकों कोपारिवारिक रिश्तों की अहमियत के बारे में भी बहुत कुछ सिखाएगी।

इस शो की कहानी भोपाल शहर की पृष्ठभूमि को आधार बनाकार लिखी गई है। शो की कहानी वहां रहने वाले पांच परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती है। शो में दिखाया गया है कि कैसे एक मोहल्ले में रहनेवाले पांच परिवार अलग-अलग रहते हुए भी एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं और हमेशाएक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े होते हैं।

दंगल-2 चैनल पर आने वाला शो प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार संयुक्त परिवार में रहने की दर्शकों के खुशनुमां अनुभवों और यादों को ताज़ा कर देगी। यह शो इस गलतफहमी को भी दूर कर देगी कि संयुक्त परिवारों में लोग सहज तरीके से नहीं रह सकते हैं। इस शो में दिखाया गया है कि कैसे पांच एकल परिवार एक ही मोहल्ले में एकजुट होके, संयुक्त परिवार की तरह रहते हैं और सभी का आपस में गहरा लगाव है। एंटर-10 टीवी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष सिंघलकहते हैं। एंटर-10 टीवी नेटवर्क के अंतर्गत दंगल टीवी ने सफलतापूर्वक उम्दा तरह के कई पारिवारिक शोज का निर्माण किया है जिसके चलते एफटी स्पेस में चैनल को अग्रणी स्थान प्राप्त करने में खासी मदद मिली है।

एंटर-10 टीवी नेटवर्क के तहत अब दंगल-2 पारिवारिक और मनोरंजक चैनल की अपनी रोचक यात्रा की शुरुआत करने जा रहा है। चैनल केलाइन-अप में पहला नंबर आता है प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार का जिसे सीरियल की दुनिया के बेहद अनुभवी निर्माताओं-टोनी और दीयासिंह ने प्रोड्यूस किया है। हम दंगल-2 के अंतर्गत दिखाए जाने वाले ऐसे हास्यप्रधान व पारिवारिक शोज के माध्यम से दर्शकों में ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील हैं।

# प्राचीन श्रीशिव मंदिर ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष में निकाली प्रभातफेरी

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद


प्रभातफेरी में शिव भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

**श्रीमारकंडेश्वर** महादेव शिव मंदिर सभा के तत्वावधान में प्राचीन श्रीशिव मंदिर द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला में शनिवार की प्रभातफेरी संदीप नैय्यर, दिनेश नैय्यर द्वारा हुडा स्थित अपने निवास पर आयोजित करवाई गई।

विधायक रामकरण, नगरपालिका प्रधान डा. गुलशन कवातरा, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान रोहित वधवा, पंचनंद स्मारक ट्रस्ट के ब्लॉक प्रधान राजेश चावला, युवा भाजपा नेता गौरव बेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुलख राज गुंबर, कृष्णा मंदिर के प्रधान ढूंढ राज आनंद, पार्षद ईशु सचदेवा, हेल्पर्स के प्रधान तिलक राज अग्रवाल एवं डिवाइन पब्लिक स्कूल के वाइस प्रिंसिपल मनीष मलिक आदि गणमान्यों की उपस्थिति आयोजित आज की प्रभातफेरी में नैय्यर परिवार के घर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शिव मंदिर के विद्वान पंडित महावीर शर्मा द्वारा आयोजक परिवार को पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाने के उपरांत प्रभातफेरी का शुभारंभ प्रदीप करावा ने गणपति वंदना गाकर एवं अजय मोंगा ने महामंत्र ओम नम: शिवाय की मधुर धुन के साथ किया। भजनों की श्रृंखला में रिंकू रामनगर, प्रवीन मेहता, आशा रेवड़ी, अंकुश गोयल, सागर कोहली, सुमित मक्कड़, रविराज व मोहित गोस्वामी ने भगवान भोलेनाथ की वंदना में सुंदर भजन प्रस्तुत किए। श्रीमारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा की ओर से विधायक रामकरण, मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा, सचिव संजीव भसीन, सुमित चड्ढा, विजय तुली एवं रोहित चड्ढा ने प्रभातफेरी के आयोजक संदीप नैय्यर, दिनेश नैय्यर व उनके परिवार को स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान भोलेनाथ का मनमोहक स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया।

# छह वर्षीय बच्ची की कॉक्लियर इम्प्लांट के जरिए सुनने की क्षमता बहाल की गई

पायनियर समाचार सेवा। जींद



**फरीदाबाद** के अमृता अस्पताल में हरियाणा के जींद जिले की एक छह वर्षीय लड़की, जो जन्म से ही दोनों कानों के बहरापन से पीड़ित थी, की सफलतापूर्वक कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की गई। इस प्रोसीजर के साथ ही 2,600 बेड्स वाले अमृता अस्पताल में कॉक्लियर इम्प्लांट की शुरुआत हो चुकी है।

अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के सीनियर कंसल्टेंट ईएनटी सर्जन डॉ. शोमेश्वर सिंह ने कहा, लड़की की सर्जरी सफल रही। इलेक्ट्रो-फिजियोलॉजिकल असेसमेंट ने पुष्टि की है कि डिवाइस के साथ उसकी सुनने की क्षमता वापस आ गई है। बच्ची को अब इस नई श्रवण शक्ति का पूर्ण उपयोग करना सीखने के लिए प्रशिक्षण और पुनर्वास से गुजरना होगा। इस उपकरण के उपयोग से, एक बाहरी उपकरण और उचित प्रशिक्षण और पुनर्वास के साथ, वह दुसरे बच्चों की तरह सुन और बोल सकेगी। उसे यह ध्यान रखना होगा कि वो किसी भी ऐसे खेल में भाग न ले, जिसमें एक खिलाडी दुसरे खिलाडी को छुए और यह सुनिश्चित करना होगा कि बाहरी उपकरण पानी से सुरक्षित रहे।

उन्होंने आगे कहा, कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप के तहत की जाती है और इसके लिए उप-मिलीमीटर परिशुद्धता की आवश्यकता होती है। सर्जन द्वारा की गई कोई भी त्रुटि चेहरे के पक्षाघात का कारण बन सकती है और सुनने की क्षमता को वापस लाने के लिए डिवाइस को मस्तिष्क से कनेक्ट करने नहीं होती है। सर्जन का अच्छी तरह से प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी है। प्रशिक्षित हाथों में जटिलताओं की घटना 1 प्रतिशत से भी कम है।

अमृता अस्पताल के ईएनटी विभाग की कंसलटेंट डॉ. अपर्णा महाजन, ने कहा, कोक्लियर इम्प्लांट एक बायोनिक कान है जिसे सर्जरी के माध्यम से व्यक्ति के आंतरिक कान के अंदर प्रत्यारोपित किया जाता है। यह प्रोसीजर ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप के तहत किया जाता है और उप-मिलीमीटर परिशुद्धता की आवश्यकता होती है। प्रति 1,000 जन्मों पर लगभग 4 से 8 बच्चे दोनों कानों में बहरेपन के साथ पैदा होते हैं। दोनों कानों में बहरापन, अगर अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो रोगी में बोलने और सुनने की क्षमता विकसित नहीं होने देता है। जिसके कारन मरीज को संवाद करने के लिए सांकेतिक भाषा का उपयोग करने के लिए मजबूर किया जाता है।

# देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से हर वर्ग दुखी : अशोक अरोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कांग्रेस** के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की थानेसर में पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में शुरूआत की गई। थानेसर में फौजी कॉलोनी से अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि थानेसर के ग्रामीण क्षेत्र को अभियान के तहत सात जोनों में बांटा गया है वहीं शहर में भी जोन के हिसाब से अभियान चलाया जाएगा।

शनिवार को फौजी कॉलोनी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत की गई है। कांग्रेस कार्यकताओं ने घर घर जाकर राहुल गांधी द्वारा निकाली गई यात्रा के मकसद को समझाया। पूर्व मंत्री अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से लगातार लोगों के हित में कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। सत्ता पक्ष जब बेलगाम हो जाए तो विपक्ष को आगे आकर लोगों की आवाज को बुलंद करना होता है। ऐसे ही आज देश में बेरोजगारी व महंगाई के कारण जनता बेहाल है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सुरेश वाल्मिकी किरमच, इंप्रुवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा निंदी, राजकुमार पिडांरसी, दीना नाथ अरोड़ा, विवेक मेहता विक्की, कृष्ण गुप्ता, निशी गुप्ता, मीना शर्मा, वीना रंगा, नीलम बडौदा, सतबीर शर्मा, टेक चंद बारना सहित अन्य मौजूद रहे। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि एसबीआई व एलआईसी द्वारा अडानी ग्रुप की मदद की है और पार्लियामेंट में इसकी जांच की मांग उठ रही है लेकिन सरकार जांच को तैयार नहीं हो रही है। इसके विरोध में छह फरवरी को एसबीआई व एलआईसी के बाहर सुबह 10 बजे प्रदर्शन किया जाएगा।


अभियान की शुरुआत करते कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा।


पूजा में शामिल यजमान।

## मां बगलामुखी पूजन से जीवन में आती सकारात्मकता : आचार्य रविशंकर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**श्री** स्थाणवीश्वर महादेव मंदिर के निकट श्रीसाक्षी गोपाल मंदिर में शनिवार को चार दिवसीय मां बगलामुखी (पीतांबरा) प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ पूणार्हुति, भजन-कीर्तन और भंडारे के साथ संपन्न हुआ। मंदिर के पीठाधीश आचार्य पण्डित रविशंकर कौशिक के सान्निध्य में मुख्य यजमान हिमाचल प्रदेश से भूरि सिंह, प्रदीप कुमार राणा, सुरेश गुप्ता, देवेन्द्र शर्मा, अजय गुप्ता व शिवकुमार तायल इत्यादि परिवार सहित शामिल हुए।

मंदिर में माँ बगलामुखी (पीतांबरा) मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ भैरव एवं पंचमुखी हनुमान मूर्ती भी विधिवत प्रतिष्ठित की गई। आचार्य रविशंकर कौशिक ने मां बगलामुखी पूजा की महिमा बताते हुए कहा कि माता बगलामुखी की साधना करने से भक्तों के सभी दुखों का नाश हो जाता है और जीवन में आने वाली सभी प्रकार की परेशानियां भी दूर होती हैं यदि कोई भक्त सच्चे मन से इनकी पूजा करता है, तो उसे वाकसिद्धि प्राप्त होती है, इससे वाद-विवाद की स्थिति में वे अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के संरक्षक पण्डित जय नारायण शर्मा, प्रधान श्याम सुन्दर तिवारी, दीनानाथ अरोड़ा, करण शर्मा, गौरीश शर्मा, गौरी शंकर कौशिक, पण्डित सुनील भारद्वाज, विक्रम, शिवनारायण, संजीव, रिद्धि, वंशिका और अंकित आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसएस यूनिट द्वारा लगाया हीमोग्लोबिन चेकअप कैंप



गांव रतनगढ़ में ग्रामीणों का हीमोग्लोबिन का निःशुल्क चेकअप करते लैब टेक्नीशियन।

**शाहाबाद।** आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन की शुरुआत एनएसएस ऑफिसर्स डॉ. पूनम सिवाच तथा डॉ. हेमा सुखीजा के निर्देशन में योगा के साथ हुई। तत्पश्चात गांव रतनगढ़ में स्वयंसेविकाओं ने डिजिटल लेनदेन व साइबर सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया व नशा मुक्ति पर जागरूक रैली निकाली। इसके बाद गांव रतनगढ़ में हीमोग्लोबिन चेकअप का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत लैब टेक्नीशियन, बंसल पाथ लैब, से ललित अरोड़ा द्वारा ग्रामीण लोगों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया तथा जिनका हीमोग्लोबिन कम था उनको आयरन की दवाई निःशुल्क दी गई।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाई गुरु रविदास जयंती


संत रविदासजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते प्रधानाचार्य अमित कुमार व छात्र-छात्राएं।

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-3 में गुरु रविदास जयंती मनाई गई। इसका उद्देश्य छात्रों को आपसी भेदभाव मिटा कर प्रेम से रहने का संदेश देना था। कार्यक्रम का आयोजन शिवाजी सदन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले विद्यालय आचार्य रश्मि शर्मा ने संत रविदास जी के जीवन के बारे में बताया। रश्मि शर्मा ने बताया कि गुरु रविदास जी 15वीं शताब्दी के महान संत समाज सुधारक और कवि थे। उन्होंने समाज और लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए बहुत से कार्य किए। रविदास जी अपनी कविताओं के माध्यम से समाज में बुराइयों को खत्म करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे। कक्षा तृतीय के छात्र लक्ष्य ने संत रविदास जी के जीवन से संबंधित एक घटना सुनाई एवं कक्षा अष्टम की छात्रा हर्षिता ने भी संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य एवं छात्रों ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि संत रविदास जी ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी निर्वाह किया। उन्होंने आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी। संत रविदास जी परिश्रम करने में विश्वास रखते थे। रविदास जी कहते थे कि हमें कर्म करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए कर्म हमारा धर्म है, और फल हमारा सौभाग्य है। हमें भी परिश्रम करना है और अच्छे अंक प्राप्त करने हैं।

## मांगों का समाधान न होने पर सफाई कर्मी 17 को करेंगे उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन


ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मीटिंग को संबोधित करते सीटू नेता आनन्द शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**ग्रामीण** सफाई कर्मचारियों की जरनल बॉडी की मीटिंग मुरथल बीडीओ कार्यालय में हुई मीटिंग की अध्यक्षता राजेश कुमार एवं संचालन राजेश ने किया। मीटिंग में मुख्य रूप से सीटू नेता आनंद शर्मा तथा आंगनवाड़ी वर्कर की नेता सोना देवी उपस्थित रहे। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि उनकी लोकल मांगों का समाधान नहीं हो रहा है।

वेतन देरी पर कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष उत्पन्न हो रहा है। यूनियन द्वारा लिखित में पत्र देने के एक महीने बाद भी सफाई कर्मचारियों की रिक्शा मरम्मत नहीं कराई जा रही। सफाई कर्मचारियों ने लिखित में मांग की है कि वेतन देरी होने पर सरकार द्वारा जारी लेटर के मुताबिक पांच सौ रुपये अतिरिक्त सैलरी के साथ खाते में डलवाए जाए।

सफाई से अतिरिक्त काम ना लिया जाए, बेगार प्रथा पर रोक लगाई जाए, गांव के बाहर बड़े नालों पर काम ना लेकर, पंचायत द्वारा बड़े नालों की सफाई करवाई जाए। महीने में एक बार पंचायत अधिकारी व वीडीओ के साथ सफाई कर्मचारी यूनियन की मीटिंग तय की जाए, ताकि गांव की साफ सफाई सहित उनकी लोकल मांगों का समाधान हो सके। ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मचारी के साथ अगर कोई व्यक्ति अभद्र व्यवहार करता है तो उसके प्रति जांच पड़ताल करते हुए उचित कार्यवाही करवाई जाए। जिन कर्मचारियों का ईपीएफ, ईएसआई का काम पेंडिंग पड़ा है, वह जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। जिन ब्लॉकों में सफाई कर्मचारियों के पास काम के औजार नहीं है उनको काम के औजार दिलवाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 17 फरवरी को सफाई कर्मचारी धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। प्रदीप, बलजीत आदि ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मजदूर संगठन सीटू में आस्था जताते हुए सीटू की सदस्यता लेने व संघर्ष तेज करने पर जोर देते हुए कहा कि सीटू दिन प्रतिदिन मजदूरों के लिए लगातार संघर्ष में है।

## एसडीएम ने दिलाई अध्यक्षों व उपाध्यक्षों को शपथ


शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद समिति पदाधिकारी व एसडीएम।

### बीडीपीओ कार्यालय गोहाना में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**गोहाना** स्थित बीडीपीओ कार्यालय में शनिवार को ब्लॉक समिति गोहाना, कथूरा तथा मुण्डलाना के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों को शपथ दिलवाने के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम आशीष कुमार ने विधि व विधान के अनुसार ब्लॉक समिति गोहाना, कथूरा तथा मुण्डलाना के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान गोहाना ब्लॉक समिति अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार व उपाध्यक्ष के रूप में कविता देवी ने थपथ ली। इसी प्रकार कथूरा ब्लॉक समिति अध्यक्ष पद के लिए साक्षी व उपाध्यक्ष पद के लिए इंदुबाला तथा मुण्डलाना ब्लॉक समिति अध्यक्ष पद के लिए सुशीला देवी व उपाध्यक्ष पद के लिए पवन कुमार ने थपथ ग्रहण की। एसडीएम आशीष कुमार ने सभी अध्यक्ष व उपाध्यक्षों को सुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन की तरफ से जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों को पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अपनी पद के कर्तव्यों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पालन करते हुए लोगों की सेवा करें।

## कैंसर के बढ़ते मामलों को लेकर अनुसंधान को एक कमेटी का गठन किया जाएगा: विज



**चंडीगढ़।** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए अनुसंधान हेतु एक कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी कैंसर के मरीजों की हिस्ट्री को रिकॉर्ड करेगी और अनुसंधान के अन्य जो भी तरीके होते हैं उनको अपनाकर इस पर अध्ययन/रिसर्च करवाई जाएगी। विज आज अंबाला में जनता दरबार के दौरान मीडिया कर्मियों द्वारा कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर के बढ़ते मामलों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कैंसर के ऊपर रिसर्च होनी चाहिए और हम भी कोशिश कर रहे हैं कि रोहतक पीजीआई इस पर रिसर्च करे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर बहुत तेजी से अपने पांव पसार रहा है, उसी को देखते हुए हमने अंबाला कैंट में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल बनाया है और लोगों को उसका बहुत लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में अब तक लगभग 125 के आसपास सफलतापूर्वक ऑपरेशन भी किए जा चुके हैं।

## सरल जीवन का सहज सूत्र दे गए संत रविदास : सुभाष कलसाना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राजकीय** उच्च माध्यमिक विद्यालय रामशरण माजरा में संत रविदास की 646वीं जयंती पर कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्यातिथि सामाजिक कार्यकर्ता बौद्धप्रिय कठेरिया, विशिष्ट अतिथि छात्र नेता गौरव सैनी, मुख्यवक्ता शिक्षक सुभाष कलसाना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल जसपाल सिंह ने की। सुभाष कलसाना ने कहा कि भारत ऋषिमुनि व साधुसंतों की भूमि है। समय-समय पर इस भूमि पर अनेक साधु संतों ने जन्म लेकर समाज को दशा दिशा दिखाने का काम किया ऐसे ही संत रविदास ने समाज को नाम, काम और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हरि का नाम जपा करो, श्रम से अपना जीविकापार्जन करो और श्रम से जो प्राप्त हो उसे ईश्वर और जरूरतमंद की सेवा में अर्पित कर दो। संत रविदास जी के जीवन के तप, त्याग और तपस्या एवं जनकल्याण की अनेक कहानियां हैं,

## एक ईंट शहीदों के नाम अभियान के तहत लगाया फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

### 200 लोगों ने करवाई अपने स्वास्थ्य की जांच

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

**एक** ईंट शहीदों के नाम अभियान की तरफ से शनिवार को पारस हॉस्पिटल पंचकूला के सहयोग से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान लोगों की स्वास्थ्य की जाँच की गई और साथ ही बीपी, शुगर, ईसीजी समेत निशुल्क अन्य टेस्ट भी किए गए।

पंचकूला के सेक्टर-2 स्थित राम मंदिर में दोपहर 12 से लेकर शाम 4 बजे तक ये कैंप लगाया गया, जिसमे 200 करीब लोगों ने स्वास्थ्य की जाँच करवाई। कैंप लगाने में मंदिर प्रबंधक यशपालजी ने भी अपना सहयोग दिया।

इस संबंध में अभियान की महासचिव अनु पशरीजा ने कहा कि दोपहर 12 से लेकर शाम चार बजे तक ये कैंप चला, जिसमें हॉस्पिटल के डॉक्टर गगन और उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की और उन्हें उचित सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने इस अभियान की सराहना की है और ऐसे और कैंप लगाने की भी अपील की।

## छात्र छात्राओं ने किया खाद्य विभाग के कार्यालय का भ्रमण

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**राष्ट्रीय** कौशल योग्यता ढांचा योजना के अंतर्गत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन के छात्र- छात्राओं ने मोहन नगर स्थित सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी कार्यालय का भ्रमण किया। शिक्षक हेमंत कौशिक व शिक्षिका दामिनी रोहिल्ला के नेतृत्व में इस भ्रमण दल में सूचना व तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थी शामिल थे।

भ्रमण दल के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का कार्यालय में पहुंचने पर खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा ने अपने सहयोगियों निरीक्षक प्रवीण कुमार चानना, निरीक्षक रिंकू सुहाग, उपनिरीक्षक शैलेंद्र अत्री, अश्विनी, शमिक शर्मा के साथ कार्यालय में अभिनंदन किया। सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को परिवार पहचान पत्र के माध्यम से राशन कार्ड के बनने व कटने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षक प्रवीण चानना ने गेहूं-धान की सरकारी खरीद संबंधी प्रक्रिया बारे विस्तार से बताया।


सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी कार्यालय में भ्रमण के दौरान विद्यार्थी।

निरीक्षक रिंकू सुहाग ने गोदाम में भंडारित अनाज के उचित प्रबंधन बारे जानकारी सांझा की।

भ्रमण दल में शामिल छात्र-छात्राओं को कार्यालय के तकनीकी कर्मचारी किम्मी गुलाटी, शमिक शर्मा, अश्विनी ने भारत सरकार के वन नेशन, वन राशन कार्ड बारे विस्तार से जानकारी दी जिसे छात्र-छात्राओं ने रुचिपूर्वक समझा व सराहा।

भ्रमण दल में कक्षा नौवीं से बारहवी कक्षा तक के छात्र छात्राएं शामिल थे, जिनमें महक, सारिका, सोनम, लक्ष्य, हर्षप्रीत, सानिया, पारस, ईशा, तानिया, रुखसाना, आंचल, सलमान, मोहित, नीशू, वरुण, रितिक, शुभम, रेहान, नितिन, दलजीत, कुणाल सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त इस अवसर पर डिपोधारक वेदप्रकाश, सुनीता रानी, नरेंद्र, गुलशन, राजेंद्र, श्रवण, भूपेंद्र, मोहित, सुरेंद्र, पवन, संजीव, सीता व गौतम मुख्य रूप से मौजूद रहे।


सुकवि-संवाद
सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**शहज़ादा**

सूरज नभ की अनुपम शोभा, धरती का शहज़ादा है
हर कूचा,हर बस्ती रौशन करने को आमादा है
भोर सुहानी,सोने सा दिन,महकी सिंदूरी शामें
हर दिन खुशियाँ बिखराऐगा, इसका अटल इरादा है

## लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी ने रियल एस्टेट कोर्स के लिए हाथ मिलाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**रेरा-विनियमित** रियल एस्टेट क्षेत्र में कुशल पेशेवरों को जरूरी स्किल्स प्रदान करने के उद्देश्य से लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी ने रियल एस्टेट दिग्गज विनीत नंदा के साथ मिलकर स्टेलर स्कूल ऑफ रियल एस्टेट लॉन्च किया, जो अपनी तरह का पहला कोर्स 'रिसीड' है। विनीत नंदा, चेयरमैन, रीजनल अर्बन इंफ्रा कमेटी, फिक्की और डायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग, कृसुमी कॉरपोरेशन को एलटीएसयू, पंजाब के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य के रूप में सम्मानित किया गया है। पाठ्यक्रम को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रियल एस्टेट पेशेवर भास्वर पॉल अभ्यास के प्रोफेसर के तौर पर बोर्ड में शामिल हुए हैं।

महाराष्ट्र रेरा ने रियल एस्टेट एजेंटों को प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना की घोषणा की है। स्टेलर स्कूल ऑफ रियल एस्टेट का उद्देश्य रियल एस्टेट उद्योग में शामिल होने के इच्छुक युवा पेशेवरों और पहले से ही इस सेक्टर में कार्यरत पेशेवरों को नए युग का ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

यूनिवर्सिटी की इस पहल पर यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप सिंह कौरा ने कहा, रीसीड एक लर्निंग इकोसिस्टम का निर्माण करेगा, जोकि युवाओं को वैश्विक स्तर का कौशल प्रदान करके भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमारा मानना है कि स्टेलर स्कूल ऑफ रियल एस्टेट उद्योग के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हम इस क्षेत्र में अग्रणी बनकर रोमांचित हैं। विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य विनीत नंदा ने कहा, रियल एस्टेट सॉफ्ट स्किल्स विकास, क्षेत्र के डिजिटल और तकनीकी डोमेन के ज्ञान परिपूर्ण हों। सेल्स फॉर्स को भाषा कौशल के साथ अच्छी तरह से तैयार और कुशल होना चाहिए।

## पुरानी पेंशन पर खापों व सरपंच एसो. ने किया समिति का समर्थन

### 19 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल होने का आहवान

#### दहिया खाप ने दिया पुरानी पेंशन बहाली के लिए पीबीएसएस को समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**पेंशन** बहाली संघर्ष समिति हरियाणा द्वारा प्रदेश के दो लाख एनपीएस पीड़ित कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करवाने के लिए आगामी 19 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास घेराव कर रही है।

कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की मांग को जायज बताते हुए खाप पंचायतें और सरपंच एसोसिएशन भी संघर्ष समिति के समर्थन में आ गई है। सर्वजातीय कंडेला खाप, बिनैन खाप, माजरा खाप, नरवाना खाप, सीड़ा तोमर खाप, गिल खाप, धनखड़ खाप, नांदल खाप, मांडाण खाप, पुनिया खाप और सरपंच एसोसिएशन और अब दहिया खाप ने भी इस मुद्दे पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति को समर्थन दिया है। दहिया खाप के प्रधान जयपाल सिंह दहिया ने कर्मचारियों की मांग पुरानी पेंशन बहाली को जायज ठहराते हुए मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम का पूर्ण समर्थन किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के सांसद, विधायक, मंत्री एक दिन की सदस्यता व हर बार को सदस्यता पर अलग-अलग पेंशन के हकदार बन जाते हैं पर कर्मचारियों को 30-35 साल सरकार कि सेवा के बाद भी पेंशन नहीं मिल रही। नई पेंशन में कर्मचारियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही। पुरानी पेंशन के लिए पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा जो आंदोलन चलाया जा रहा है।

खाप पंचायतें और सरपंच एसोसिएशन उसमें बढ़ चढ़कर भाग लेगी और 19 फरवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंचकुला पहुंचने का आहवान भी कर रही है। खाप प्रधानों का कहना है कि गरीब, मजदूर, किसान, छोटे दुकानदार और माध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे की सरकारी सेवा में आते है और 30 से 35 साल की सेवा के बाद ही पेंशन का हकदार होते है। इसीलिए उन्हें संविधान द्वारा पेंशन का हक दिया गया।

इसलिए सभी खाप पंचायत व कर्मचारी संगठन पेंशन बहाली संघर्ष समिति के साथ है और सरकार से मांग करते है कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन नीति को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान व राज्य उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने खाप पंचायतों के समर्थन पर कहा कि कर्मचारी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बेनर तले एकता के साथ पुरानी पेंशन बहाली के लिए सरकार से मांग कर रहे है।


पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को समर्थन पत्र सौंपते हुए।

# सीआरपीएफ कंपनी कमांडर रिटायरमेंट के बाद ट्रेन से उतरे, भव्य स्वागत देख भावुक हुए

### स्टेशन से घर तक हजारों ग्रामीणों ने सैन्य अधिकारी पर की फूलों की बर्षा

### खुली जीप में बैठाकर विजयी जुलूस की तरह लेकर चले ग्रामीण व पूर्व सैनिक

पायनियर समाचार सेवा। बलिया

**मैं सौभाग्यशाली** हूं कि 40 वर्ष राष्ट्र की सेवा में बतौर सैनिक रहा। हर भारतीय के लिए यह गर्व की बात होती है कि वह किसी भी रूप में राष्ट्र की सेवा कर सकें। मैंने सेना में जाने का रास्ता चुना। सर्विस के दौरान कई संघर्षपूर्ण परिस्थितियां सामने आईं। घर व बच्चों से दूर चालीस वर्ष निकालना हर किसी के लिए बेहद साहसपूर्ण होता है लेकिन देश सेवा से बढ़कर कुछ नहीं होता। न घर, न बच्चे। यह कहना है केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के सेवानिवृत्त कंपनी कमांडर सुरेंद्र गोस्वामी का।

दरअसल मौका था, जिला बलिया के रेलवे स्टेशन सुरेमनपुर का, जहां सैकड़ों लोग गोस्वामी को सेवानिवृत्ति के बाद स्टेशन से घर लेने पहुंचे थे। रिटायर्ड कंपनी कमांडर को खुद यह मालूम नहीं था कि उनका इस तरह भव्य स्वागत होगा। सम्मान उत्सव की अगुवाई एनजीओ यूथ क्लब हेल्प लाइन के अध्यक्ष पियूष सिंह, प्रबंधक अजय सिंह कर रहे थे।

सुरेंद्र गोस्वामी ने पायनियर से कहा, एक सैनिक जो अपना सब कुछ छोड़कर सीमा पर राष्ट्र की सुरक्षा में तैनात रहता है, उन सभी को इस तरह का ही सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अपने गांव झंडा भारती के मठिया के हर ग्रामीण व आसपास के गांवों से आए सभी भाई, बहन, बच्चों, माताओं और बुजुर्गों का हृदय से सम्मान करता हूं। धन्यवाद देता हूं।

एनसीआर की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी आगमन ग्रुप और एमजीएच आइएमटी रेजिडेंसी के सेल्स हेड प्रदीप गोस्वामी ने बताया कि बतौर पुत्र वे भी अपने पिता को लेने स्टेशन पहुंचे तो यकीन नहीं हुआ एक भव्य विजयी जुलूस की तरह लोग उनके पिता का सम्मान करने के लिए वहां डटे थे। खुली जीप में बैठाकर उन्हें स्टेशन से घर तक ले जाया गया। देश भक्ति से ओतप्रोत गानों ने समां बांध दिया था।

कंपनी कमांडर के सेवानिवृत्त समारोह में मुख्य रूप से सांसद भाई एवं वरिष्ठ साहित्यकार मोहन सिंह मस्त शोभायमान रहे।

सम्मान समारोह का संचालन बाबा लक्ष्मण दास राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक गोपाल सिंह ने किया। इनके अलावा संत सुदृष्टि बाबा इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक आलोक सिंह, रामजी भारती, गौतम भारती, संजय सिंह, सोनू चौबे, रोहित गोस्वामी, रवि प्रकाश पांडे, अजित सिंह गोलू इत्यादि प्रमुख रूप से पहुंचे।



## धर्मेंद्र प्रधान को कर्नाटक के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया

### भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई इन चुनावों के लिए होंगे पार्टी के सह-प्रभारी

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को शनिवार को पार्टी का प्रभारी नियुक्त किया। पार्टी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई इन चुनावों के लिए पार्टी के सह-प्रभारी होंगे।

कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस दोनों ने अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए लोगों तक पहुंच बनाने की अपनी मुहिम जोर-शोर से शुरू कर दी है। प्रधान को पिछले साल उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव समेत अतीत में भी कई चुनावों का जिम्मा सौंपा जा चुका है। उत्तर प्रदेश चुनाव में भाजपा ने बड़े अंतर से अपनी जीत बरकरार रखी थी। पार्टी के पूर्व महासचिव प्रधान ने 2013 में कर्नाटक, बिहार, उत्तराखंड और झारखंड विधानसभा चुनावों में भी अहम भूमिका निभाई थी।

# एचएएल 20 साल में 3-15 टन वजनी 1000 से अधिक हेलीकॉप्टर बनाएगा

## मोदीजी पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण ई-20 की शुरुआत करेंगे

### प्रधानमंत्री मोदी कर्नाटक में भारत ऊर्जा सप्ताह उद्घाटन करेंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी सोमवार को कर्नाटक के एक दिवसीय दौरे पर देश की ऊर्जा क्षेत्र के पावरहाउस के तौर पर बढ़ती ताकत का प्रदर्शन करने के मकसद से पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण ई20 की शुरुआत करेंगे और भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करेंगे। एक बयान के अनुसार, वह ग्रीन मोबिलिटी रैली समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए तुमकुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की एक हेलीकॉप्टर फैक्ट्री का उद्घाटन भी करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 615 एकड़ में फैली ग्रीनफील्ड हेलीकॉप्टर फैक्ट्री को देश की हेलीकॉप्टर संबंधी सभी जरूरतों के लिए एक ही जगह समाधान उपलब्ध कराने के इरादे से बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि यह भारत की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण फैक्ट्री है और शुरुआत में यह लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर बनाएगी।

एचएएल की 20 साल में 3-15 टन वजनी 1,000 से अधिक हेलीकॉप्टर बनाने की योजना है। इस फैक्ट्री के उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। मोदी तुमकुरु औद्योगिक शहर और तुमकुरु में दो जल जीवन मिशन परियोजनाओं की भी नींव रखेंगे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री इंडियन ऑयल की अनबॉटल्ड पहल के तहत यूनीफॉर्म की भी शुरुआत करेंगे और प्रत्येक यूनीफॉर्म प्लास्टिक की करीब 28 बोतलों को फिर से इस्तेमाल में लाकर बनाई गई है। वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की इंडोर सौर कुकिंग प्रणाली के ट्विन-कुकटॉप मॉडल का भी अनावरण करेंगे। यह एक क्रांतिकारी कुकिंग सोल्यूशन है, जो सौर तथा सहायक ऊर्जा स्रोतों दोनों पर काम करता है। इसमें दुनियाभर के 30 से अधिक मंत्री भाग लेंगे। मोदी का वैश्विक तेल और गैस कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ गोलमेज वार्ता करने का भी कार्यक्रम है। वह हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भी कई पहलों की शुरुआत करेंगे। बयान के मुताबिक, एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हासिल करने के लिए सरकार की प्रमुख पहल है। इसमें कहा गया है कि सरकार के सतत प्रयासों के कारण 2013-14 के बाद से एथेनॉल उत्पादन क्षमता छह गुना बढ़ गई है। सरकार का 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण का लक्ष्य है और तेल विपणन कंपनियां 2जी-3जी एथेनॉल संयंत्र स्थापित कर रही हैं।



### बिल गेट्स ने रोटी बनाने में हाथ आजमाया प्रधानमंत्री मोदी ने की तारीफ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोटी बनाने का वीडियो साझा करने वाले माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स की शनिवार को तारीफ की। उन्होंने गेट्स को बाजरे के पकवान बनाने में हाथ आजमाने के लिए प्रोत्साहित भी किया। गेट्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह रोटी बनाते नजर आ रहे हैं। मोदी ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शानदार, भारत में अभी बाजरा काफी पसंद किया जा रहा है, जिसे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को रविवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर 2017 से राजस्थान की राजधानी में लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन करते आए हैं। जयपुर महाखेल, जो इस साल कबड्डी प्रतियोगिता पर केंद्रित है, 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर शुरू हुआ था।

### अमित शाह ने झारखंड में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन किए

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को झारखंड के देवघर पहुंचे और बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन किए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाह ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। बाबा बैद्यनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने मंदिर परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच पुजारियों के साथ पूजा-अर्चना की। बैद्यनाथ मंदिर पांडा धर्मरक्षिणी सभा के महासचिव कार्तिक नाथ ठाकुर ने बताया कि शाह ने विशेष पंचोपचार पूजा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री का बाद में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के 450 करोड़ रुपये के नैनो यूरिया संयंत्र की नींव रखने का भी कार्यक्रम है। इसके बाद, वह भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। बयान के मुताबिक, शाह देवघर में रामकृष्ण मिशन के शताब्दी वर्ष समारोह में भी हिस्सा लेंगे। उनके दौरे को 2024 के लोकसभा चुनाव और झारखंड में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है।

# सरकार अपनी अल्पसंख्यक विरोधी नीति का खुलेआम प्रदर्शन कर रही : चिदंबरम

### कहा, मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप और विदेश पढ़ाई के शैक्षिक कर्ज पर सब्सिडी रद्द कराना है मनमाना

### पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने ट्वीट कर कहा, स्मृति ईरानी ने लोकसभा में की है घोषणा



एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप रद्द करने के फैसले को लेकर शनिवार को केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी अल्पसंख्यक विरोधी नीति का खुलेआम प्रदर्शन कर रही है। लोकसभा में इस सप्ताह की शुरुआत में एक सवाल के लिखित जवाब में अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा था, उच्च शिक्षा के लिए मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप (एमएएनएफ) जैसी विभिन्न फेलोशिप योजनाएं पहले से ही चल रही हैं। इसलिए सरकार ने 2022-23 से एमएएनएफ को रद्द करने का फैसला लिया है।

चिदंबरम ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप और विदेश में पढ़ने के वास्ते शैक्षिक कर्ज पर दी जाने वाली सब्सिडी रद्द करने के पीछे सरकार का बहाना पूरी तरह से तर्कहीन और मनमाना है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने पूछा कि पहले से ही कई योजनाएं चलने की बात स्वीकार करने के बावजूद क्या अल्पसंख्यक छात्रों के लिए केवल यही फेलोशिप और सब्सिडी थी, जो अन्य योजना के जैसी थी। चिदंबरम ने कहा, मनरेगा, पीएम-किसान की तरह है। वृद्ध श्रमिकों के मामले में वृद्धावस्था पेंशन मनरेगा की तरह है। कई ऐसी दर्जनों योजनाएं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अल्पसंख्यक छात्रों का जीवन अधिक मुश्किल बनाने के लिए अधिक तेजी से काम कर रही है। कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, सरकार अपनी अल्पसंख्यक विरोधी नीति का खुलेआम प्रदर्शन कर रही है, मानो कि वह कोई सम्मान की बात हो। शर्मनाक।

### आसियान ने चीन से समझौते का संकल्प लिया

**जकार्ता।** दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों ने शनिवार को इंडोनेशिया की राजधानी में अपनी वार्षिक बैठक में विवादित दक्षिण चीन सागर में संघर्ष को रोकने के उद्देश्य से प्रस्तावित समझौते पर चीन के साथ बातचीत को अंतिम रूप देने का संकल्प लिया। दो दिवसीय बैठक के अंतिम सत्र में, दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) के मंत्रियों ने संगठन के नेताओं और म्यांमा के सैन्य नेता वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलिंग के बीच 2021 में हुए पांच-चरणीय समझौते को लागू करने के लिए अपने दृष्टिकोण में एकजुट होने पर भी सहमति व्यक्त की।

## पाकिस्तान ने विकिपीडिया को ब्लॉक किया

एजेंसी। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने विकिपीडिया द्वारा आपत्तिजनक या ईशनिंदा से संबंधित सामग्री को हटाने से इनकार करने के बाद वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है। शनिवार को मीडिया में प्रकाशित खबर से यह जानकारी मिली है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, विकिपीडिया को काली सूची में डालने की कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कुछ दिन पहले ही विकिपीडिया की सेवा को 48 घंटे के लिए बाधित और धीमा कर दिया था। पीटीए ने विकिपीडिया को चेतावनी दी थी कि अगर वेबसाइट पर उपलब्ध ईशनिंदा से संबंधित सामग्री हटाई नहीं जाती है, तो उसे ब्लॉक कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, जब पीटीए के प्रवक्ता से शुक्रवार देर रात संपर्क किया गया और विकिपीडिया को ब्लॉक करने के बारे में पूछा गया, तो अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए हां में जवाब दिया। उच्च न्यायालय के निर्देश पर पीटीए ने 48 घंटों के लिए विकिपीडिया को बाधित और धीमा कर दिया था, क्योंकि उस पर ईशनिंदा सामग्री थी। विकिपीडिया एक मुफ्त ऑनलाइन विश्वकोश है, जिसे दुनियाभर के कार्यकर्ताओं द्वारा बनाया और संपादित किया गया है। इसका संचालन विकिमीडिया फाउंडेशन करता है। पीटीए के प्रवक्ता ने कहा, विकिपीडिया को नोटिस जारी कर उक्त सामग्री को ब्लॉक करनेहटाने का निर्देश दिया गया था।

# बीएमसी ने पहली बार 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया

### पेश किए बजट 2022-23 के 45,949 करोड़ रुपये के मुकाबले 14.52 प्रतिशत हैं अधिक





एजेंसी। मुंबई

**देश** के सबसे अमीर नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शनिवार को 52,619.07 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बीएमसी ने पहली बार 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया है। इस बार पेश किया गया बजट 2022-23 के 45,949 करोड़ रुपये के मुकाबले 14.52 प्रतिशत अधिक है।

यह बजट बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल के समक्ष पेश किया गया, जिन्हें पार्षदों का पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पिछले साल मार्च में राज्य सरकार ने स्थानीय निकाय का प्रशासक नियुक्त किया था।

बजट दस्तावेजों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित इस बजट में 52,619.07 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया है, जो 2022-23 के बजटीय अनुमान 45,949.21 करोड़ रुपये से 14.52 प्रतिशत अधिक है। यह 1985 के बाद पहली बार है, जब देश के सबसे अमीर नगर निकाय के प्रशासन ने किसी प्रशासक के समक्ष बजट पेश किया है, क्योंकि उसके पार्षदों का पांच साल का कार्यकाल सात मार्च 2022 को समाप्त हो चुका है।

बजट पेश करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में चहल ने कहा, बीएमसी के इतिहास में यह पहली बार है कि अनुमानित बजट 50,000 करोड़ रुपए के पार चला गया है। बजट में नगर निकाय ने पूंजीगत व्यय के लिए 27,247.80 करोड़ रुपए और राजस्व खर्च के लिए 25,305.94 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

चहल ने यह भी कहा कि यह पहली बार है, जब नगर निकाय पूंजीगत व्यय के लिए 52 प्रतिशत और राजस्व खर्च के लिए 48 प्रतिशत बजट आवंटित कर रहा है। बजट दस्तावेज के मुताबिक, महत्वाकांक्षी तटीय सड़क परियोजना के लिए 3,545 करोड़ रुपये, जबकि गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के लिए 1,060 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे मुंबई और ठाणे शहर के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा। साथ ही यातायात संचालन और सड़क परियोजनाओं के लिए 2,825 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

चहल ने कहा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और पारदर्शी कामकाज हमारे बजट के चार स्तंभ हैं। बीएमसी के लिए चुनाव लंबित है। कोरोना वायरस महामारी, वार्डों के परिसीमन और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) कोटा जैसी वजहों से चुनावों में देरी हुई है।

## नोटिस पर सांसद परनीत कौर ने कहा
# कांग्रेस जो चाहे फैसला ले सकती है

### परनीत कौर पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं, जो कांग्रेस, से भाजपा में हुई हैं शामिल



एजेंसी। चंडीगढ़

**पंजाब** के पटियाला से सांसद परनीत कौर ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस जो भी फैसला लेना चाहती है, उसका स्वागत है। हालांकि, कौर ने कहा कि उन्होंने हमेशा पार्टी को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

परनीत कौर की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा उन्हें निलंबित किए जाने के एक दिन बाद आई है। कौर को जारी कारण बताओ नोटिस में उनसे यह भी बताने के लिए कहा गया है कि उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित क्यों नहीं किया जाना चाहिए। कौर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं, जो कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए थे। पटियाला से सांसद कौर ने शनिवार को ट्विटर पर कहा, कांग्रेस जो भी निर्णय लेना चाहती है, उसका स्वागत है। मैंने हमेशा पार्टी और लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, जिन्होंने मुझे बार-बार चुना है। उन्होंने कहा, मैं उनकी (जनता) की आभारी हूं और हमेशा की तरह उनकी सेवा करती रहूंगी। मुझे अपनी ताकत अपने लोगों से मिलती है। बाकी सब गौण है। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में शुक्रवार को लोकसभा सदस्य परनीत कौर को पार्टी से निलंबित कर दिया था और कारण बताओ नोटिस जारी कर यह पूछा था कि उन्हें निष्कासित क्यों नहीं किया जाए। अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शिकायत की थी कि कौर भाजपा की मदद करने के मकसद से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं।

### अफगान तालिबान नेता की मदद लेगा पाकिस्तान

**पेशावर।** पाकिस्तान ने अफगान तालिबान के प्रमुख हैबुतल्लाह अखुंदजादा से प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर लगाम लगाने के लिए मदद मांगी है। शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई।

टीटीपी हाल में पेशावर मस्जिद में हुए आतंकी हमले समेत देश में कई आतंकवादी हमलों में शामिल रहा है। पाकिस्तान न केवल देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में, बल्कि बलूचिस्तान और पंजाब के मियांवाली शहर में भी आतंकवाद की भीषण समस्या का सामना कर रहा है।

## उच्चायुक्त कुमारन ने दो दिवसीय महोत्सव में कहा
# सिंगापुर में सभी संस्कृतियों, परंपराओं को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध भारत

एजेंसी। सिंगापुर

**सिंगापुर** में भारतीय उच्चायुक्त ने कश्मीर पर दो दिवसीय महोत्सव की शुरुआत करते हुए कहा कि भारत देश के विभिन्न हिस्सों की संस्कृति और परंपराओं को सहेजने तथा उन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ए स्लाइस ऑफ पैराडाइज इन सिंगापुर सेलिब्रेटिंग कश्मीर ऐट 75 महोत्सव में भारतीय उच्चायुक्त पी कुमारन ने कहा, हमारी विविधता और विविध संस्कृति हमारे लिए गौरव का विषय और मजबूती का प्रतीक है। कुमारन ने पीढ़ी दर पीढ़ी विरासत में किली कला संस्कृति को रेखांकित करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट संस्कृति, व्यंजन और लोक परंपरा को न सिर्फ भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश के विभिन्न हिस्सों की संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने और उन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव को कश्मीरी कलाकारों, संगीतकारों, पाक कला विशेषज्ञों और हस्तकला में माहिर लोगों के लिए एक बेहतर अवसर हैं। समन्वयक नादिर अली ने कहा, मैं इस महोत्सव को दुनिया के विभिन्न हिस्सों में ले जाना चाहता हूं, क्योंकि हमारा एक समृद्ध इतिहास और संस्कृति रही है। अली (35) महोत्सव में 12 लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

# मप्र में शराब की समस्या के खात्मे को उमा भारती से हाथ मिलाने का तैयार : कांग्रेस विधायक

## विधायक ने कहा, लोगों की शराब पीने की आदत का फायदा सरकार को नहीं उठाना चाहिए


### नई शराब नीति की घोषणा से पहले पूर्व सीएम भारती राज्यभर में शराब के नियमन की कर रही मांग

एजेंसी। भोपाल

**कांग्रेस** के विधायक संजय यादव ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित मध्य प्रदेश में शराब की खपत के खिलाफ भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती के अभियान में शामिल होने के इच्छुक हैं और उन्हें उन गांवों में बुलाएंगे, जहां अवैध शराब की बिक्री हो रही है।

जबलपुर जिले के बरगी विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले यादव ने फोन पर कहा, मैं आज उमा भारती को फोन कर रहा हूं और उनके साथ भोपाल में एक बैठक तय करूंगा। मैं मध्य प्रदेश में परिवारों को बर्बाद कर रही शराब के खतरे को खत्म करने के लिए उनके साथ-हाथ मिलाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि यदि भारतीजी वास्तव में शराब को हतोत्साहित करने के लिए काम करना चाहती हैं तो उन्हें पहले शासन के संरक्षण में गांवों में अवैध तौर पर बेची जाने वाली शराब की बिक्री को रोकना होगा। शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार की नई शराब नीति की घोषणा से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भारती राज्य भर में शराब के नियमन की मांग कर रही हैं। यादव ने कहा कि वह भारती को उन गांवों में आमंत्रित करेंगे, जहां अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। विधायक ने कहा, अगर वह अपने राजनीतिक कॅरियर को पुनर्जीवित करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, तो उन्हें मेरे साथ आना चाहिए और देखना चाहिए कि शराब पीने से परिवार कैसे बर्बाद हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहां, पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि लोगों की शराब पीने के आदत का फायदा सरकार को नहीं उठाना चाहिए।

दो दिन पहले, भारती ने शराब के खिलाफ अपने अभियान के तहत निवाड़ी जिले के ओरछा में एक शराब की दुकान के सामने गायों को बांध दिया था और उन्हें घास खिलाई थी। उन्होंने लोगों से दूध पीने और शराब से दूर रहने का आह्वान किया था।



### नई नीति लेकर आएगा, शराब को हतोत्साहित करेगा

**गणतंत्र** दिवस समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि राज्य एक नई नीति लेकर आएगा जो शराब को हतोत्साहित करेगा। शुक्रवार को राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एक शराब की दुकान के सामने गायों को बांधने के भारती के कदम को एक अच्छी बात बताया था।

### भारती कर रही हैं राज्य में पूर्ण शराबबंदी की मांग

**पूर्व केंद्रीय** मंत्री भारती ने पिछले साल जून में इसी ओरछा शराब की दुकान पर गाय का गोबर फेंका था और पिछले साल मार्च में भोपाल में एक शराब की दुकान पर पत्थर फेंका था। भारती ने राज्य में पूर्ण शराबबंदी की मांग करके शुरुआत की थी, अब वह शराब की बिक्री के नियमन की मांग कर रही हैं।

### श्रीलंका को अपनी गलतियों और विफलताओं को सुधारना होगा : विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौक पर शनिवार को कहा कि देश को अपनी गलतियों और विफलताओं को सुधारने तथा एक राष्ट्र के तौर पर अपनी ताकत की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

उन्होंने यह भाषण ऐसे वक्त में दिया है, जब श्रीलंका अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। श्रीलंका में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में भारत के विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन समेत कई विदेशी गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। विक्रमसिंघे ने समारोह की अध्यक्षता की।

# नोएडा प्राधिकरण के कामकाज की फिर जांच करेगा सीएजी

- पिछले चार सालों के पैसों के लेनदेन पर होगी निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**2004** से 2017 तक समय में प्राधिकरण में करोड़ों अरबों रुपए के वित्तीय अनियमितता सामने आई थी। नियंत्रण एंव महालेखा परीक्षक सीएजी की रिपोर्ट में इसके प्रत्यक्ष प्रमाण भी मिलते है।

अब सीएजी 2018 से 2022 तक के फाइलों की जांच करेगा। ये ऑडिट वित्त से संबंधित होगा। इसके बाद हर साल की बैलेंस शीट की जांच भी सीएजी करेगी। 2017 में सत्ता बदलने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण में व्याप्त वित्तीय अनियमितताएं की जांच के लिए सीएजी को कहा था। उन्होंने करीब एक साल तक प्राधिकरण में जांच की और 400 पेज की एक रिपोर्ट तैयार की। जिसमें 30 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय अनियमितता की बात सामने आई थी। हालांकि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के बाद भी इस पर एक्शन नहीं लिया गया।

रिपोर्ट में ग्रुप हाउसिंग, वाणिज्यिक, एफएआर, भू-आवंटन व विकास परियोजनाओं में बरती गई अनियमितता को बताया गया था। अनियमितता से संबंधित अधिकांश मामले 2004 से 2017 के बीच किए गए ग्रुप हाउसिंग आवंटन के दौरान के है। यह वह दौर था जब पूर्व की सरकारें ने बिल्डरों को लाभ देने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव किया और कुल भूखंड की लागत का 10 प्रतिशत जमा कर भू-आवंटन किए गए। इसके बाद बिल्डरों को लाभ देने के लिए गलत तरीके से एफएआर बढ़ाया गया और बेचा गया। सुपरटेक एमराल्ड भी इसका एक हिस्सा था। जिसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 28 अगस्त को ध्वस्त किया गया।

प्राधिकरण में घोटालों की सूची काफी लंबी है। यहां भूमि आवंटन घोटाला, फार्म हाउस घोटाला, नोएडा स्टेडियम घोटाला, अंडर ग्राउंड केबलिंग, होटल आवंटन घोटाला, किसानों को अधिक मुआवजा देकर मुनाफाखोरी कमाना आदि तमाम कार्य किए गए। लेकिन नोएडा प्राधिकरण में किसी बड़े अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।

बताया गया कि चार सालों में प्राधिकरण की विकास परियोजना, आवंटन नीतियां, लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गई पॉलिसी, प्राधिकरण राजस्व, ग्रुप हाउसिंग, औद्योगिक, कॉमर्शियल, आवास, भवन, संस्थागत, आउटर एजेंसी आदि विभागों के फाइलों की जांच की जाएगी।

# 9500 अंक का होगा स्वच्छता सर्वेक्षण, 15 के बाद होगा टीम के आने का दिन तय

- सभी डिवाइडर और सड़कें ठीक कराई जाएंगी आरओबी, फ्लाई ओवर व डिवाइडर पर रंगाई-पुताई होगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**जल्दी** ही शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण का आगाज होने जा रहा है। 15 फरवरी के बाद गाजियाबाद में सर्वेक्षण की तारीख घोषित की जाएगी। संभावना है कि मार्च के पहले सप्ताह में स्वच्छ सर्वेक्षण शुरू होगा।

इसके लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारी कर दी है। नगर निगम का निर्माण विभाग, हेल्थ विभाग, जलकल आदि विभाग तैयारी में जुट गए हैं। इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 9500 अंकों का होगा। इससे पहले पिछले वर्ष यह सर्वेक्षण 7500 अंक का हुआ था। इस बार स्वच्छता के अलावा वॉटर प्लस, ओडीएम ट्रिपल प्लस भी शामिल होगा। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ का कहना है कि सर्वेक्षण को लेकर अब जल्दी ही सभी डिवाइडर और सड़कें ठीक कराई जाएंगी।

इसके अलावा आरओबी, फ्लाई ओवर व डिवाइडर पर रंगाई.पुताई कराई जाएगी। इसके लिए सभी अलग-अलग विभागों को कहा गया है।

नगर आयुक्त ने बताया गाजियाबाद में सर्वेक्षण के लिए टीम कब आएगी इसके लिए तारीख 15 फरवरी को तय की जाएगी। इस बार सामान्य सर्वेक्षण के भी कई कंपोनेट में बदलाव किया गया है।

इसमें वॉटर प्लस, ओडीएफ ट्रिपल प्लस आदि भी शामिल हैं जिसके लिए अलग से दो हजार अंक मिलेंगे। नगर निगम का सबसे बड़ा फ ोकस अब सॉलिडवेस्ट मैनेजमेंट को लेकर है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस लाइन में नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा ग्राम चौकीदारों को सम्मानित किया गया। सभी को सम्मान स्वरूप जैकेट एवं कंबल वितरित किए।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रति किया जागरूक

**नोएडा।** शहर में लोगों को प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रति जागरूक करने के लिए आज नोएडा के सेक्टर-34 की बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। ये अभियान नोएडा प्राधिकरण, सेक्टर.34 आरडब्ल्यूए और एचसीएल फाउंडेशन के बैनर तले चले गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से सेक्टर 34 की अमलताश मार्केट के दुकानदारों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए 200 कपड़े के बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने के साथ.साथ स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त मार्केट की शपथ भी दिलाई गयी। इस दौरान प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन, महासचिव धर्मेद्र शर्मा, कर्नल डॉ डी महापात्रा, एम सी भारद्वाज, प्रवीन मदान विजय वर्मा अमरेश श्रीवास्तव रजनीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### दस फरवरी को नगर निगम में रहेगी हड़ताल

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 10 फरवरी को गाजियाबाद नगर निगम में भी कर्मचारियों की हड़ताल रहेगी। इस दौरान कर्मचारी कार्य का बहिष्कार रखेंगे। महासंघ के प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत यह कार्यक्रम होने जा रहा है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री राकेश अग्निहोत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि महासंघ लंबे समय से नगर निकाय कर्मचारियों के हित में आंदोलन कर रहा है। कर्मचारियों के हित में कई मांगों को लेकर महासंघ लंबे समय से शासन स्तर पर अपने ज्ञापन दे रहा है। सात सितंबर और 21 दिसंबर 2022 को कई बार महासंघ की ओर से ज्ञापन दिया गया, मगर प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

### भारती सिंह ने किया मातृ सम्मेलन का आयोजन

**गाजियाबाद।** विश्व मंगल सभा लोकप्रतिनिधी परिवार संपर्क विभाग द्वारा आज मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय राष्ट्रीय संवर्ग प्रमुख कंचन राय, पूजा माधव देशमुख, भारती सिंह, अनुराधा, केपी यादव, शुभांगी, सुनील, सुरभि तिवारी, सांसद दीपाली, रजनी गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भारती सिंह ने कहा कि गाजियाबाद उनका परिवार है और हमेशा रहेगा। सांसद का निवास आप का निवास है क्योंकि वह आपके चुने हुए सांसद हैं। उन्होंने महिलाओं से आवाहन किया कि सभी मिलजुल कर काम करें तभी संगठन मजबूत होगा। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक, विनीता सिंह, रेनू चंदेला, सपना बंसल, मृणलिनी सिंह भी मौजूद रहीं।

### पांच सत्रों में होगी भाजपा की महानगर कार्य समिति

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के हवाले से यह बताया गया कि 5 फरवरी को सुबह आईटीएस कॉलेज मोहन नगर में भारतीय जनता पार्टी की महानगर कार्यसमिति बैठक एवं डाटा प्रबंधन कार्यशाला 5 सत्रों में होगी। बैठक में उदघाटन सत्र, राजनीतिक प्रस्ताव, डाटा प्रबंधन कार्यशाला, आगामी कार्यक्रम और समापन सत्र होंगे। महानगर कार्यसमिति बैठक एवं डाटा प्रबंधन कार्यशाला में प्रदेश, क्षेत्र एवं महानगर पदाधिकारी, सांसद, राज्यसभा सांसद, विधानपरिषद सदस्य, पूर्व विधानपरिषद सदस्य, विधायक, पूर्व सांसद पूर्व विधायक, पूर्व महापौर, निगम पार्षद, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चे और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, डाटा प्रबंधन से जुड़े लोग एवं महानगर कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे।

### राजस्व वसूली को बढ़ाएं अधिकारी: मंत्री

**गाजियाबाद।** जिला मुख्यालय सभागार में स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जयसवाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राजस्व वसूली अधिक से अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए ताकि राजस्व वसूली हो सके। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को जिन लोगों ने शुल्क कम दिखाकर अधिक की रजिस्ट्री कराई है उसकी भी गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में बैठक में एआईजी स्टॉर्म सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बकाया टैक्स अदा नहीं करने पर 4 प्रॉपर्टी को नोटिस चस्पा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

**नगर निगम** ने अब बकाया टैक्स नहीं देने वालों पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में नगर निगम प्रशासन की टीम ने चार मकानों पर पैसा अदा नहीं करने के मामले में बकाया पैसे का नोटिस चस्पा किया है। इसके बाद बकाया का चेक नगर निगम को दिया गया, वहीं दूसरी ओर अब कविनगर की तर्ज पर बाकी नगर निगम की जोन में भी इसी तरह से अभियान चलाया जाएगा। निगम की कविनगर जोन की ओर से बकाएदारों के खिलाफ अभियान के दौरान 4 मकानों पर बकाया का नोटिस चस्पा किया गया। इनमें मकान नंबर सी.179/2, सी.168 आदि शामिल हैं। इन पर करीब 35 हजार से लेकर करीब 62 हजार रुपये तक का टैक्स बकाया था। नगर निगम ने पहले भी इन सभी मकान मालिकों को डिमांड नोटिस जारी किया था। डिमांड नोटिस जारी होने के बाद भी बकाएदारों ने नगर निगम को उनका पैसा अदा नहीं किया। ऐसे में नगर निगम प्रशासन ने प्रॉपर्टी को सील करने का नोटिस मकानों पर चस्पा कर दिया। कविनगर जोनल प्रभारी सुनील राय ने बताया कि नोटिस के चस्पा होने के बाद नगर निगम प्रशासन ने बकाया की वसूली की। उनका कहना है कि ऐसे बकाएदार जो नगर निगम का पैसा अदा नहीं कर रहे हैं वे तुरंत नगर निगम को बकाया लौटाएं, नहीं तो नगर निगम बकाएदारों की प्रॉपर्टी को सील करने की कार्रवाई करेगा।


## प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रति किया जागरूक

**नोएडा।** शहर में लोगों को प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रति जागरूक करने के लिए आज नोएडा के सेक्टर-34 की बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। ये अभियान नोएडा प्राधिकरण, सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए और एचसीएल फाउंडेशन के बैनर तले चले गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष केके जैन ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए कपड़े एवं कागज के थैलों का प्रयोग करने की अपील की। आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से सेक्टर 34 की अमलताश मार्केट के दुकानदारों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए 200 कपड़े के बैग का वितरण किया गया।

# चेकिंग के दौराल पुलिसकर्मी को मारी टक्कर

- दो किमी तक घसीटा, दो युवक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**इंदिरापुरम** कोतवाली क्षेत्र के शिप्रा कट पर यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी ने कार सवार तीन युवकों को चेकिंग के लिए रोका तो उन्होंने उन पर कार चढ़ाकर रौंदने की कोशिश की।

यातायात उपनिरीक्षक अनुराग यादव, मुख्य आरक्षी अंकित कुमार यादव, प्रेमपाल व सुनील कुमार बृहस्पतिवार शाम को शिप्रा कट के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। शाम करीब साढ़े चार बजे अंकित कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ से इंदिरापुरम की ओर आ रही कार सवार तीन युवकों को चेकिंग के लिए रोकने की कोशिश की।

कार सवार युवकों ने उन्हें रौंदकर भागने की कोशिश की। कार की टक्कर लगने से वह उछल कर बोनट पर पहुंच गए। कार सवार युवक उन्हें करीब दो किलोमीटर तक घसीटते रहे। आम्रपाली ग्रीन सोसायटी के पास कार सवार युवकों ने बाइक सवार को भी टक्कर मार दी। इससे अंकित कुमार यादव नीचे गिर गए। उन्हें बचाने के लिए पीछे.पीछे आ रहे अन्य यातायात पुलिसकर्मियों ने उन्हें सड़क से उठाया। कार सवार दो युवकों को पकड़ लिया। कार भी कब्जे में ले ली। कार सवार एक युवक फरार हो गया। युवकों की पहचान मकनपुर के अभि त्यागी, गन्नौर, सोनीपत हरियाणा के सगे भाई अक्षित त्यागी व रक्षित त्यागी के रूप में हुई। रक्षित त्यागी मौके से फरार हुआ है।

## निर्माणाधीन दीवार गिरने से श्रमिक की मौत

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित कपड़ा मिल में दीवार की मरम्मत होने के दौरान हुए हादसे में दीवार गिरने के चलते एक श्रमिक की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल के सामने हंगामा किया। परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

भोजपुर थाना क्षेत्र के फजलगढ़ गांव में राहुल अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते थे। राहुल मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन करते थे। गत दो दिनों से राहुल मोदीनगर के एक मिल की एक क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत के काम में मजदूरी कर रहे थे।

शनिवार सुबह को काम के दौरान निर्माणाधीन दीवार अचानक गिर गई, जिसकी चपेट में राहुल आ गया। साथियों ने उसे दीवार के मलबे से बाहर निकाला। अस्पताल में चिकित्सकों ने श्रमिक को मृत घोषित कर दिया।

# कुल्लू में नदी से मिली लाश

- शव गाजियाबाद के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की होने का अंदेशा, पुलिस ने परिवार को बुलाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**हिमाचल** के कुल्लू जिले में मणिकर्ण घाटी में डुंखरा के पास पार्वती नदी से एक शव बरामद हुआ है, जो पिछले 36 दिन से लापता उत्तर प्रदेश के सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिनव मिंगवाल का बताया जा रहा है।

इसलिए शव की शिनाख्त के लिए अभिनव के परिजनों को बुलाया गया है। डीसीपी आशीष शर्मा ने बताया कि दोपहर में नदी में एक शव मिला। कई बातें शव अभिनव का होने की ओर इशारा कर ही हैं, लेकिन जब तक परिजन शिनाख्त नहीं करते, तब तक इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। ने बताया कि शव कटागला से करीब 2 किलोमीटर दूर नदी के बीच पड़ा मिला। लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से निकलवाया और अपने कब्जे में लेकर इसकी सूचना अभिनव के परिजनों को दी।

बता दें कि 27 वर्षीय अभिनव मिंगवाल पुत्र दिगम्बर सिंह मिंगवाल निवासी मकान नंबर-ए-151, फ्लैट नंबर-एस-2, ए ब्लॉक, श्याम पार्क एक्सटेंशन्स, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश 31 दिसंबर 2022 से लापता है।

वह कुल्लू के कसोल में कटागला से शाम के समय न्यू ईयर पार्टी मनाने जंगल की तरफ गया था। बताया जा रहा है कि अभिनव वहां से लौटकर नहीं आया।

# इंजीनियर ने 20वीं मंजिल से कूदकर जान दी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** के सेक्टर.168 की गोल्डन पाम सोसाइटी में 26 साल के युवक ने 20वें फ्लोर के फ्लैट से कूदकर सुसाइड कर लिया। मृतक नमन मदान सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। वह एक लड़की के साथ चंडीगढ़ से आया था। उसने यह फ्लैट कुछ दिन के लिए किराए पर लिया था। जिस समय युवक ने सुसाइड किया, उस समय लड़की भी कमरे में थी।

आशुतोष द्विवेदी के मुताबिक, लड़की और युवक दोनों गुरुवार को एक साथ फ्लैट में आए थे। लड़की ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उन्होंने दो दिन तक शराब पी। शुक्रवार को फिर दोनों के बीच किसी बात को लेकर कंफ्यूजन हुआ। इसके बाद वह गार्ड के पास जाने लगी। रात 9 बजे जैसे ही वह कमरे से निकल रही थी, नमन बालकनी से कूद गया। वह नीचे रेस्टोरेंट में खाना खा रही महिला पर गिरा। हादसे में महिला घायल हुई है। नमन सेक्टर.15 सोनीपत का रहने वाला था। वो वीवान कंपनी बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। इस समय वह वर्क फ्रॉम होम में काम कर रहा था। वहीं, लड़की प्राइवेट कॉलेज में टीचर है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि दोनों क्लासमेट थे। नमन और उसकी महिला मित्र दोनों सोनीपत में 12वीं तक पढ़े थे। इसके बाद युवती चंढ़ीगढ़ चली गई। वहां उसने ग्रेजुएशन किया। वहीं, नमन ने एमिटी से ग्रेजुएशन किया। 2 फरवरी को युवती दिल्ली आई। उसे विदेश जाना था। इसके लिए वह वीजा अप्लाई करने आई थी। दिल्ली में दोनों की मुलाकात हुई। दोनों ने वहीं से सेक्टर.168 स्थित पॉम ओलंपियो सोसायटी में ऑनलाइन स्टूडियो अपार्टमेंट बुक किया। पुलिस ने युवती को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। उसका कहना है कि दोनों के बीच कुछ विवाद हुआ था, जिसके बाद युवक ने सुसाइड किया। पुलिस ने बताया कि लड़के के परिजन आ गए हैं, उनसे बातचीत की जा रही है। वहीं सोसाइटी के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जो भी एप्लिकेशन दी जाएगी, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसे के दिन यानी 3 फरवरी को युवती की एक सहेली भी इन दोनों से मिलने अपार्टमेंट आई थी। कुछ देर के बाद वह भी वहां से चली गई। उस युवती को भी थाने में बुलाकर पूछताछ की गई। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली है। फ्लैट से पुलिस को शराब की बोतल और भांग मिली है। वहां कोई सुसाइड नोट या हाथापाई के निशान, तोड़ फोड़ के निशान नहीं हैं। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद लड़की नशे में थी। ऐसे में माना जा रहा है कि युवक भी नशे में रहा होगा। जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। दोनों के परिजनों से बातचीत की जा रही है। इसके बाद ही सुसाइड की सही वजह का पता चल सकेगा। दोनों ने यह स्टूडियो अपार्टमेंट ऑनलाइन बुक किया था। ये एक तरीके का सर्विस अपार्टमेंट है, जिसे कामकाजी लोगों को किराए पर दिया जाते है। इसमें कुछ घंटों के लिए मीटिंग या अन्य प्रोग्राम के लिए किराए पर भी फ्लैट दिए जाते हैं। इस घटना में बिल्डिंग के नीचे बने रेस्टोरेंट में खाना खा रही एक महिला भी घायल हुई है। दरअसल, नमन उसके ऊपर ही गिरा। महिला के कंधे पर चोट लगी है। फिलहाल महिला का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने अजय कुमार शर्मा को बनाया उत्तर प्रदेश महामंत्री संगठन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**शनिवार** को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने नोएडा मीडिया क्लब गंगा शॉपिंग कंपलेक्स सेक्टर 29 में एक पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया, प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पितांबर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अजय कुमार शर्मा को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश महामंत्री संगठन बनाया गया है। साथ ही अजय कुमार शर्मा को नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्रभारी का पदभार भी दिया गया है। पितांबर शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में सद्भावना बनाए रखना और समाज के नव युवकों जीवन यापन के लिए सही दिशा देना व ब्राह्मण समाज के जो युवक शिक्षा स्वास्थ्य खेल अच्छा कार्य कर रहे हैं उन को प्रोत्साहित करना है। अजय कुमार शर्मा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए महासभा के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा की समाज के उत्थान के लिए मैं अपनी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य का निर्वहन करूंगा।

# ग्रेटर नोएडा में करंट लगने से युवक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में मकान में काम करते समय मजदूर को करंट लगने से वो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में लोगों ने उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिवार के लोगों को सूचित कर दिया गया है। दादरी कस्बे में अलीगढ़ थाना बरेला गांव सूरजपुर निवासी अवधेश मकान में मजदूरी का काम कर रहा था। तभी अचानक अवधेश को करंट लग गया। जिसके बाद वह ऊपर की मंजिल से जमीन पर नीचे गिर गया। लोगों ने घायल अवस्था में उसको दादरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां पर उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर दादरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचित कर दिया है। दादरी थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया, रिठौरी निवासी मनोज का दादरी में जारचा रोड पर मकान का काम चल रहा है। जिसमें शुक्रवार को अवधेश मजदूरी का काम कर रहा था।

काम करते समय अवधेश को अचानक बिजली का करंट लग गया। जिससे वह एक मंजिल से नीचे जमीन पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में अवधेश को दादरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

## गाजियाबाद में सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

# ट्रैफिक पुलिस समेत विभागों के सहयोग से अंतिम दिन निकाली गई जागरूकता रैली



नंदग्राम द्वारा थाना नंदग्राम क्षेत्रान्तर्गत स्थित क्राइस्ट यूनिवर्सिटी में छात्र/छात्राओं से संवाद कर महिला सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गत** 5 जनवरी से शुरू हुए सड़क सुरक्षा माह का समापन बड़े ही गरिमामयी एवं उल्लासित माहौल में हुआ। कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित हुए समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि की हैसियत से शरीक हुए डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने किया। संभागीय परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस के अलावा कई और विभागों के सहयोग से चलाये गये सडक सुरक्षा माह के अंतिम दिन निकाली गई यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी भी अग्रवाल ने ही दिखाई।

समारोह के दौरान मंच संचालन एआरटीओ राघवेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित गाजियाबाद कमिश्नरेट, आरटीओ और शिक्षा विभाग जैसे कई और विभागों के अधिकारियों और गणमान्य लोगों द्वारा यातायात नियमों को अनुपालन करने की शपथ भी दिलवाई गई। इसके बाद सडक सुरक्षा माह को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, आरटीओ व शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के अलावा अन्य क्षेत्रों में भारत, उत्तरप्रदेश व गाजियाबाद का नाम रोशन करने वाले विभूतियों को सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर हाल ही में अंडर.19 महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्या शिखा सहलोत, पर्वतारोही ऋतु जांगिड़ को सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा ज्योति तोमर, ममता गर्ग, तनुज गंभीर, क्षितिज सिंघल, पूजा मलिक, वंदना चौधरी, अंशुमन चौधरी, रेनू, अंजू सैनी, नीलम शर्मा, आवर्त्ति अग्रवाल व प्रीति के अलावा विभिन्न स्कूलों के बच्चों, अध्यापकों, प्रबंधकों, सामाजिक संगठनों के संचालकों और सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों चीफवार्डन ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल, समाजसेवी राकेश छारिया व काजल छिब्बर सहित अनेक लोगों को सम्मानित किया गया।

वहीं डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल, एडीसीपी ट्रैफिक रामानन्द कुशवाहा एआरटीओ राघवेंद्र सिंह समेत दर्जनों पुलिस अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह् एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। उधर, समापन समारोह के मौके पर निकाली गई जागरूकता रैली जिसमें इस बार लगभग 100 महिला पुलिस कर्मियों, अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, का विधिवत समापन महामाया स्टेडियम में हुआ।

इस मौके पर पुलिस, आरटीओ, शिक्षा, प्रशासन और सिविल डिफेंस के अनेक अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हमारे पास स्पिन विभाग में काफी विकल्प हैं: पैट कमिंस

### आस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर एश्टोन एगर को शामिल किया

एजेंसी। बेंगलुरू

**आस्ट्रेलियाई** कप्तान पैट कमिंस ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम स्पिन संयोजन के बारे में ज्यादा सोच-विचार नहीं कर रही है क्योंकि उनके पास गुरुवार से नागपुर में भारत के खिलाफ शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की मदद के लिए काफी विकल्प मौजूद हैं।

भारत का दौरा कर रही आस्ट्रेलियाई टीम ने लियोन का साथ देने के लिए मिचेल स्वेपसन के साथ उंगली के स्पिनर एश्टोन एगर को शामिल किया है। कमिंस ने भारत पहुंचने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत करते हुए पत्रकारों से कहा, जब मिचेल स्टार्क वापसी करेगा तो हमारे पास उंगली और कलाई की स्पिन और बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी के काफी विकल्प हैं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से हम ऐसे गेंदबाजों का चयन करेंगे जिनके बारे में हमें लगेगा कि वे 20 विकेट चटका लेंगे। लेकिन हम इसमें कितने स्पिनर और कितने तेज गेंदबाज चुनेंगे, इसके बारे में अभी तक शत



प्रतिशत सुनिश्चित नहीं हैं। टीम में दो स्पिनरों के आक्रमण को शामिल करने के बारे में पूछने पर कमिंस ने कहा, निश्चित रूप से यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। विशेषकर पहले टेस्ट में जब हम नागपुर पहुंचेंगे तभी देखेंगे। आस्ट्रेलियाई टीम सोमवार को नागपुर के लिए रवाना होने से पहले यहां ट्रेनिंग करेगी। उन्होंने कहा, अच्छी चीज है कि एगर जैसा खिलाड़ी हमारी पिछली टीम में था, स्वेपसन पिछले दो विदेशी दौरों खेला इसलिए थोड़ा अनुभव है। उन्होंने कहा, (टॉड) मर्फी (ऑफ स्पिनर) पिछले दौरे में खेले थे। हमें लगता है कि हमारे पास लियोन की मदद के लिए इस विभाग में काफी खिलाड़ी हैं। कमिंस (29 वर्ष) ने भी यह भी कहा कि मध्यक्रम बल्लेबाज ट्रेविस हेड के रूप में भी उनके पास ऑफ स्पिन विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ट्रेविस हेड भी काफी अच्छी ऑफ स्पिन फेंकता है। हमारे पास चीजों का संतुलन है। हमारे पास चुनने के लिए काफी वैराइटी है। हमने अभी तक गेंदबाजी लाइन तय नहीं किया है।

### टीम अपने खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण को नहीं भूल सकती

**स्पिन** गेंदबाजी के बारे में इतनी बातें हो रही हैं लेकिन कमिंस ने कहा कि उनकी टीम को अपने खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण को नहीं भूल सकती। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कभी कभार आप स्पिनरों के बारे में बात करते हुए आप भूल जाते हो कि हमारे पास सभी तरह की परिस्थितियों के लिए काफी तेज गेंदबाज मौजूद हैं।



# रोमांचक बीबीएल फाइनल में जीता पर्थ स्कॉर्चर्स

### ब्रिसबेन हीट को पांच विकेट से हराया, 5वीं बार बने चैंपियन

एजेंसी। पर्थ

**पर्थ** स्कॉर्चर्स ने ऑस्ट्रेलिया की टी-20 लीग बिग बैश लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने रोमांचक फाइनल में ब्रिसबेन हीट को 5 विकेट से हराया। टीम को आखिरी ओवर में 10 रन की जरूरत थी। पहली बॉल पर एक रन आया, दूसरी बॉल पर निक हॉबसन ने छक्का जड़ दिया और तीसरी बॉल पर चौका मारकर टीम को लगातार दूसरी बार और ओवरऑल 5वीं बार बीबीएल चैंपियन बना दिया।

पर्थ स्कॉर्चर्स को आखिरी 18 बॉल पर 38 रनों की जरूरत थी। निक हॉबसन और कूपर कोनोली ने हीट के बॉलर जेम्स ब्रेजली के ओवर में दो छक्के, एक चौका और दो रन लेकर कुल 18 रन बना दिए। 12 बॉल पर 20 रन की जरूरत थी। तब स्पेंसर जॉनसन के ओवर में दोनों खिलाड़ियों ने 10 रन जोड़ लिए। आखिरी ओवर में भी 10 ही रन चाहिए। माइकल नेसर बॉलिंग करने आए, लेकिन स्कॉर्चर्स के बैटर्स ने शुरुआती तीन बॉल पर ही टारगेट हासिल कर लिया।

पर्थ स्टेडियम में ब्रिसबेन हीट ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। उन्होंने 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। टीम के लिए जोस ब्राउन ने 25, सैम हीजलेट ने 24, नाथन मैकस्वीनी ने 41, मैक्स ब्रायंट ने 31 और सैम हेन ने 21 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पर्थ के लिए जेसन बेहरनडॉर्फ और मैथ्यू केली ने 2-2 विकेट लिए। वहीं, आरोन हार्डी, डेविड पेन और एंड्रूय टाई को एक-एक सफलता मिली।

177 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पर्थ ने 8 ओवर में ही 3 विकेट गंवा दिए। इस वक्त टीम का स्कोर 54 रन ही था। टीम ने 16.5 ओवर में 137 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। आखिरी 3 ओवर में 38 रन चाहिए थे। पर्थ के हॉबसन और कूपर ने बागडौर संभाली और 16 बॉल में 41 रन की नॉटआउट पार्टनरशिप कर टीम को जीत दिला दी। पर्थ के कप्तान एश्टन टर्नर ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। उनके अलावा कूपर कोनोली ने नाबाद 25, जोस इंग्लिश ने 26, स्टीफन एस्कीनाजी ने 21, आरोन हार्डी ने 17, कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने 15 और निक हॉबसन ने नाबाद 18 रन बनाए। फाइनल में ब्रिसबेन हीट के जेवियर बार्टलेट, स

# डोप टेस्ट में नाकाम दीपा कर्माकर पर 21 महीने का प्रतिबंध

## कर्माकर का प्रतिबंध इस साल दस जुलाई को खत्म होगा

एजेंसी। नई दिल्ली



**स्टार** जिम्नास्टिक खिलाड़ी दीपा कर्माकर पर अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) द्वारा कराए गए डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद 21 महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल भारतीय अधिकारियों द्वारा किया गया यह दावा कि उसका निलंबन डोपिंग संबंधित नहीं है, गलत साबित हुआ।

कर्माकर के डोप नमूने आईटीए द्वारा प्रतिस्पर्धा से इतर लिए गए। आईटीए अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) के डोपिंग निरोधक कार्यक्रम का जिम्मा संभालने वाली स्वतंत्र एजेंसी है। कर्माकर का प्रतिबंध इस साल दस जुलाई को खत्म होगा क्योंकि उसके नमूने 11 अक्टूबर 2021 को लिए गए थे। आईटीए ने एक बयान में कहा, आईटीए इसकी पुष्टि करता है कि दीपा कर्माकर पर 21 महीने का प्रतिबंध लगाया गया था जो 10 जुलाई 2023 को खत्म होगा। वह हिजेनामाइन के सेवन की दोषी पाई गई थी जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में है। आईटीए ने आगे कहा कि कर्माकर का डोप मसला एफआईजी के डोपिंग निरोधक नियमों और वाडा के प्रावधानों के तहत निपटा लिया गया था। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट में चौथे स्थान पर रही कर्माकर 2017 में सर्जरी के बाद से चोटों से जूझ रही है।



उनका आखिरी टूर्नामेंट बाकू में 2019 विश्व कप था। कर्माकर और उनके कोच बिशेश्वर नंदी ने उस समय डोप निलंबन के बारे में चुप्पी साधे रखी। भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने भी कहा था कि उन्हें इस संबंध में एफआईजी से कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों ने यह तक कहा था कि उसे अनुशासन कारणों से निलंबित किया गया है, डोपिंग की वजह से नहीं।

### सात खिलाड़ी डोप में फंसे

**गुजरात** नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले दस खिलाड़ी डोप में फंसे हैं। इनमें मेडल जीतने वाले सात खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें पहली बार लॉन बॉल्स का खिलाड़ी भी दोषी पाया गया है।

### दो पहलवान, वेटलिफ्टर भी दोषी

**गुजरात** नेशनल गेम्स में कुश्ती में मेडल जीतने वाले तीन पहलवान भी डोप में फंसे हैं। नेशनल डोप टेस्ट लैबोरेटरी की रिपोर्ट के अनुसार 97 किलो वेट में गोल्ड और सिल्वर जीतने वाले पहलवान भी डोप के दोषी पाए गए हैं। दोनों पहलवान हरियाणा के हैं। दीपांश ने गोल्ड और रवि राजपाल ने सिल्वर जीता था। दोनों पहलवान के सैंपल में स्टेरायड मिथेंडियोनॉन पाया गया है। पहलवानों के अलावा वेटलिफ्टिंग में मेडल जीतने वाले दो वेटलिफ्टर भी इसके दोषी पाए गए हैं। दो बार की गोल्ड मेडलिस्ट विजेता संजीता चानू, चंडीगढ़ की वीरजीत कौर डोप में फंसी हैं। दोनों ने गुजरात में रजत जीते थे।



# भारत का फोकस पंत जैसे लेफ्टी बैटर पर

### स्वीप शॉट की प्रैक्टिस कर रहे ताकि ऑस्ट्रेलियन स्पिनर्स परेशान न करें

पायनियर समाचार सेवा। नागपुर

**ऑस्ट्रेलिया** और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत नौ फरवरी से होगी। पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमों ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। दोनों ही टीमें स्पिन अटैक से निपटने के लिए अलग-अलग तरह से प्रैक्टिस कर रही हैं। टीम इंडिया ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में लेफ्ट हैंड अटैकिंग बैटर पर भी फोकस कर रही है।

टीम इंडिया इस समय नागपुर में प्रैक्टिस कर रही है। यहां प्लेयर्स को स्पिनर के खिलाफ स्वीप शॉट लगाते देखा गया। दरअसल, स्वीप शॉट स्पिनर के खिलाफ कई बार कारगर हथियार होता है। स्पिन के सामने बैट का किनारा लगने से बचने के लिए भी स्वीप शॉट का यूज किया जाता है। देश यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी भी स्पिन के खिलाफ स्वीप शॉट खेलते नजर आते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों में भारतीय बल्लेबाज भी स्पिन के खिलाफ फंसते नजर आए। ऐसे में वह भी स्वीप शॉट की प्रैक्टिस कर रहे हैं।

टीम इंडिया ऋषभ पंत के बिना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उतर रही है। उनकी कमी दूर करने के लिए मैनेजमेंट लेफ्ट हैंडर पर भी फोकस कर रहा है। इसके लिए टीम में लेफ्ट हैंड विकेटकीपर बैटर ईशान किशन को शामिल किया गया है। जो व्हाइट बॉल में अटैकिंग स्किल्स साबित कर चुके हैं।

ईशान के अलावा टीम में रवींद्र जडेजा भी लेफ्ट हैंड बैटर हैं। अगर ईशान को मौका नहीं मिला और विकेटकीपर के रूप में केएस भरत खेले तो जडेजा को ही बैटिंग में पंत की कमी पूरी करनी होगी।

## सऊदी इंटरनेशनल गोल्फ में शर्मा शीर्ष भारतीय



**काएक।** शुभंकर शर्मा 50 लाख डॉलर ईनामी राशि के सऊदी अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट के कट में प्रवेश करने में कामयाब रहे। शर्मा के अलावा भारत के शिव कपूर, राशिद खान और अनिर्बान लाहिड़ी ने भी 36 होल के कट में जगह बना ली। अजितेष संधू, गगनजीत भुल्लर और वीर अहलावत हालांकि चूक गए। कैमरन स्मिथ जैसे बड़े खिलाड़ी भी कट में प्रवेश नहीं कर पाए। मैक्सिको के अब्राहम एंसेर चार अंडर पार 66 के स्कोर के साथ बढत बनाए हुए हैं। पेंसर जॉनसन और मैथ्यू कुनमैन को एक-एक विकेट मिला। 2 बैटर्स रन आउट हुए।

# आस्ट्रेलिया जीत सकती है, भारत घर पर कमजोर : ग्रेग चैपल

### बोले, विराट कोहली पर बहुत अधिक दारोमदार होगा

एजेंसी। मेलबर्न



**महान** बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि आस्ट्रेलिया चार मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला जीत सकता है क्योंकि ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है।

पंत सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद से लगभग पूरे साल नहीं खेल सकेंगे जबकि कमर की चोट से जूझ रहे बुमराह पहले दो टेस्ट से बाहर है। चैपल ने एक रिपोर्ट में लिखा, आस्ट्रेलिया श्रृंखला जीत सकता है। ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम कमजोर लग रही है। विराट कोहली पर बहुत अधिक दारोमदार होगा। हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने घुटने की चोट से उबरने के बाद रणजी ट्रॉफी के जरिए वापसी की और वह गुरुवार से नागपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए टीम में हैं। चैपल ने कहा कि टर्निंग विकेटों पर नाथन लियोन की जगह एश्टोन एगर को तरजीह दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, स्पिनरों की मददगार पिच होने पर एश्टोन एगर को चुना जाना चाहिए क्योंकि उंगली की स्पिन अधिक सटीक होती है। अनिल कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिए और वह तेज और सपाट लेग ब्रेक डालता था। बल्लेबाजों को पता होता था कि चूकने पर उनका विकेट गिर सकता है। एगर को भी यही करना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया को कई पहलुओं पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, डेविड वॉर्नर फॉर्म में नहीं है और भारत में उन्हें अपना टेस्ट रिकॉर्ड बेहतर करना होगा। उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कारी, ट्रेविस हेड और कैमरन ग्रीन को शानदार स्पिनरों के सामने खुद को परखना होगा। मार्नस लाबुशेन अपने कैरियर का पहला बड़ा टेस्ट देंगे। कहा, आस्ट्रेलिया को अपनी प्रतिभा और हुनर का पूरा निचोड़ लगाना होगा। भारत में जीतना अब उतना मुश्किल नहीं है। अब नियमित दौरे हो रहे हैं और आईपीएल से काफी अनुभव मिल ही गया है।

# डेविस कप : नागल ने भारत को मैच में लौटाया

### होल्गर रूने ने 6-2, 6-2 से हराया

एजेंसी। हिलरोड (डेनमार्क)



**सुमित** नागल ने डेनमार्क के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप प्लेआफ मुकाबले में दूसरे एकल मैच में पिछड़ने के बाद जीत दर्ज करते हुए भारत की वापसी कराई। पहले मैच में युकी भांबरी को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने ने 6-2, 6-2 से हराया। कठिन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ युकी 58 मिनट में ही हार गए।

भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल ने दो घंटे 27 मिनट तक चले मैच में आगस्ट होल्मग्रेन को 4-6, 6-3, 6-4 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 506वें स्थान पर काबिज नागल ने 484वीं रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया। दूसरे सेट में वापसी करते हुए उन्होंने 5-2 की बढ़त बनाई और नौवें गेम में सेट अपने नाम करके मुकाबला निर्णायक सेट तक खिंचा। निर्णायक सेट में उन्होंने अपनी लय कायम रखते हुए जीत दर्ज की। शनिवार को युगल और उलट एकल मुकाबले खेले जाएंगे। भारत हार जाता है तो विश्व ग्रुप दो में खिसक जाएगा।

## रिवर्स स्विंग की कारी ने आस्ट्रेलिया को दिलाई याद

**अलूर।** भारतीय स्पिनरों पर फोकस करके अभ्यास में जुटी आस्ट्रेलियाई टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कारी ने याद दिलाया है कि भारतीय तेज गेंदबाज भी चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रिवर्स स्विंग से खतरनाक साबित हो सकते हैं।

आस्ट्रेलिया ने भारत दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। इसकी बजाय सिडनी में स्पिनरों की मददगार पिच पर एसजी गेंदों से अभ्यास किया। कारी ने यहां चार दिवसीय अभ्यास शिविर से इतर पत्रकारों से कहा, पाकिस्तान दौरे से पहले स्पिनरों को लेकर काफी फोकस था लेकिन मुझे रिवर्स स्विंग काफी कठिन लगी। उन्होंने 2018 में बेंगलुरू में अभ्यास मैच की याद दिलाई जब मोहम्मद सिराज ने 11 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा, मैने 2018 में भारत ए के खिलाफ आस्ट्रेलिया ए के लिए चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला था। उस समय स्पिन को लेकर काफी बात हो रही थी लेकिन हम यह भूल गए कि दोनों टीमों के तेज गेंदबाज भी रिवर्स स्विंग से कितने खतरनाक हो सकते हैं।

# नागपुर टेस्ट में खेल सकते हैं ग्रीन : कोच मैकडोनाल्ड



एजेंसी। बेंगलुरू

**आल** राउंडर कैमरन ग्रीन उंगली की चोट से तेजी से उबर रहे हैं जिससे देखते हुए लगता है कि उन्हें नौ फरवरी से नागपुर में भारत के खिलाफ शुरू हो रहे शुरुआती टेस्ट के लिए आस्ट्रेलिया के अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। सीम गेंदबाजी आल राउंडर ग्रीन अपने बाएं हाथ की उंगली की चोट से उबर रहे हैं, इस 23 साल के खिलाड़ी ने अलूर में नेट में गेंदबाजी अभ्यास भी किया।

मैकडोनाल्ड ने यहां चार दिवसीय ट्रेनिंग शिविर के मौके पर पत्रकारों से कहा, हमने टीम शीट में उनकी जगह तय नहीं की है। मैं यह नहीं कहूंगा कि वह गेंदबाजी करते हुए असहज था। हालांकि उनकी बल्लेबाजी को लेकर अब भी कुछ चिंताएं हैं। मुख्य कोच ने यह बात स्वीकार करते हुए कहा, मैं कहूंगा कि जब उसने गेंदबाजी की तो एक गेंद बल्ले के नीचे गई जो किसी के लिए भी असहजता भरी हो सकती है। उसने पिछले दो दिन में काफी अच्छी प्रगति की है जो मेरे लिए हैरानी भी है। कोच ने कहा, इसलिए अब भी उसके पास टीम में शामिल होने का मौका है, सबकुछ अच्छा जा रहा है, वह शायद टीम शीट में हो सकता है। कप्तान पैट कमिंस ने पहले कहा था कि अगर टेस्ट में ग्रीन को शामिल किया जाता है तो वह नहीं गेंदबाजी करेंगे। लेकिन मैकडोनाल्ड ने कहा कि उन्होंने अच्छी प्रगति की है। ग्रीन को टीम में शामिल करने से आस्ट्रेलिया को एक अतिरिक्त विशेषज्ञ स्पिनर को शामिल करने का विकल्प मिलेगा। मैकडोनाल्ड ने कहा कि उनके विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पूरी तरह से ऊर्जा से भरे हैं और आगामी टेस्ट श्रृंखला में पिछले दौरे के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने के लिए तैयार हैं। कोच ने कहा, जब से मैं यहां आया हूं, मैंने डेविड वॉर्नर में जरा भी थकान नहीं देखी है।

## उमरान की स्पीड पर पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज का तंज, सोहेल बोले

# पाकिस्तानी घरेलू क्रिकेट में उमरान जैसे गेंदबाजों की भरमार



### उमरान भारत की ओर से सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज

एजेंसी। नई दिल्ली

**पाकिस्तान** के पूर्व पेसर सोहेल खान ने भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक की स्पीड पर लेकर तंज कसा है। उन्होंने नादिर अली के यूट्यूब चैनल पर कहा कि उमरान जैसे गेंद फेंकने वाले गेंदबाजों की भरमार है। शोएब अख्तर के सबसे तेज गेंद फेंकने के रिकॉर्ड को तोड़ने पर पूछे गए सवाल पर कहा कि शोएब का रिकॉर्ड बॉलिंग मशीन ही तोड़ सकती है, किसी गेंदबाज के लिए तोड़ना मुश्किल है।

सोहेल ने कहा कि उमरान को कुछ मैचों में गेंद फेंकते हुए देखा है। वह अच्छे गेंदबाज हैं। उनका गेंद पर नियंत्रण है। पर 150-155 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गेंद फेंकने वालों की पाकिस्तानी क्रिकेट में भारमार है। शाहीन शाह, नसीम शाह, हारिस रऊफ सहित कई तेज गेंदबाज हैं जो 150-155 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने की क्षमता रखते हैं।

उमरान भारत की ओर से सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 156 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। उमरान ने एक इंटरव्यू में कहा था कि ऐसी कोई वजह नहीं दिख रही है कि शोएब अख्तर के सबसे तेज गेंद फेंकने के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ा जा सकता है। पर उनका फोकस भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है। शोएब अख्तर ने 2003 वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में 161.3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से एक गेंद डाली थी और आज 20 साल बाद भी उनसे तेज़ गेंद कोई भी गेंदबाज नहीं डाल पाया है। पाकिस्तानी गेंदबाज सोहेल ने कहा कि शोएब अख्तर का रिकॉर्ड तोड़ना आसान नहीं है। उनका रिकॉर्ड वही तेज गेंदबाज तभी तोड़ पाएगा, जो उनके जैसा मेहनत करे। वह पहाड़ों पर वजन के साथ दौड़ते थे। वह एक दिन में 32 राउंड की दौड़ पूरा करते थे।

### उमरान अब तक 16 मैचों में ले चुके हैं 24 विकेट

**पिछले** साल जून में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वाले उमरान मलिक ने 16 खेले हैं। उन्होंने 24 विकेट लिए हैं। उन्होंने 8 वनडे में 6.45 की इकोनॉमी रेट से 13 विकेट लिए हैं। जबकि 8 टी-20 मैच में 10.49 की इकोनॉमी रेट से 11 विकेट लिए हैं।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 5 फरवरी, 2023
रविवासरीय साहित्य कसौटी


# क्या सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

मंथन

**सूरजकुंड** हस्तशिल्प मेले को पिछले 36 सालों से हरियाणा पर्यटन विभाग केंद्र सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग से लगा रहा है। हर बार देश के किसी एक राज्य को थीम स्टेट का दर्जा भी मिलता है। आयोजकों का दावा रहता है कि मेले में हस्तशिल्पी और हथकरघा कारीगरों के अलावा विविध आंचलों की वस्त्र परपंरा लोककला, लोक व्यंजनों के अतिरिक्त लोग संगीत, लोक नृत्यों का भी संगम रहता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि उपरोक्त मेले को लगाने का उद्देश्य प्रदेश व अन्य राज्यों के हस्तशिल्पकारों को प्रोत्साहन देना था, उनके माल के लिए बाजार उपलब्ध करवाना था, दिल्ली के समीप एक ही स्थान पर पूरे देश के रहन-सहन, खान पान व कला को प्रस्तुत करना था ताकि जो लोग पूरा देश नहीं घूम सकते वो इस मेले में पूरे देश की झलक देख ले परंतु क्या हरियाणा प्रदेश का नाम इस मेले के माध्यम से रोशन हो रहा है।

अभी दो फरवरी को मेला स्थल पर आयोजित प्रेस वार्ता में एमडी स्तर के एक अधिकारी ने मेले के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि देश दुनिया के लोग बेशक हरियाणा को नहीं जानते परंतु सूरजकुंड मेले के बारे बहुत कुछ जानते है, उनके इस कथन से बड़ी हैरानी हुई कि दूध-दही का प्रदेश हरियाणा जो अनेक मामलों में अन्य राज्यों से आगे है। विशेषकर खेलों में प्रदेश के बड़े योगदान को लेकर यह प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है, उस प्रदेश को कोई जानता पहचानता नहीं। हालांकि उनके इस बात पर जब इस पत्रकार ने सवाल किया कि हरियाणा से सूरजकुंड मेला पहचाना जाता है और आप कहते है हरियाणा को कोई बेशक न जानता हो, सूरजकुंड मेले को सभी जानते है तो उक्त एमडी स्तर के अधिकारी से जवाब देते नहीं बन रहा था।

दरअसल जब इस मेले को 36 वर्ष पूर्व शुरू किया गया था तो उसका मूल उद्देश्य और था परंतु धीरे-धीरे इसे अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने के नाम पर अन्य देशों के उत्पादो को बेचने के लिए मार्किट उपलब्ध करवा दी गई, जबकि उन देशों के कलाकारों का इसमें कोई विशेष योगदान नहीं रहा। इसका नुकसान यह हुआ कि लोग भारतीय हस्तशिल्पियों का सामान खरीदने के बजाए विदेशी स्टालों पर भीड़ लगाने लगे है। अब बात आती है कि हरियाणा के शिल्पकारों को इस मेले के माध्यम से क्या हासिल हुआ है, 1987 में जब यह मेला पहली बार लगाया गया था तो दावा किया गया था कि इस शिल्प मेले में भारत के हजारों शिल्पकारों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का स्थान व बाजार मिलेगा और जिससे भारत शिल्पकला विरासत को पुर्नजीवित करने में मदद मिलेगी। हरियाणा के शिल्पकारों व कलाकारों को विशेष पहचान दिलाने में मेला अहम भूमिका निभाएगा क्योंकि मेला हरियाणा में हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है परंतु 36 वर्षो बाद भी ऐसा दिखाई नहीं देता। हरियाणा में कुल 22 जिले है, जिस प्रकार उत्तरप्रदेश में एक जिला एक उत्पाद का प्रचार योगी सरकार जोरशोर से करती है, उस तर्ज पर आज तक हरियाणा सरकार एक जिला एक उत्पाद का कांस्पैट लाने में सफल नहीं हो पा रही है। हरियाणा के अलग-अलग जिलों में क्या प्रमुख तौर पर उत्पाद मशहूर है, इसका पता हरियाणा सरकार के अधिकारियों को भी नहीं है। प्रदेश के जो शिल्पकार, कलाकार यहां मेले में शामिल होने आते है, उनका कहना है कि अधिकारी उन्हें सहयोग नहीं करते, हरियाणा के केवल चुनिंदा शिल्पकारों व कलाकारों को ही यहां बुलाया जाता है, जबकि नए कलाकारों शिल्पकारों को मेले में घुसने का मौका तक नहीं मिलता, उन्हें यहां स्टाल बुक करवाने व आवासीय सुविधा के लिए कोई तवज्जो नहीं मिलती, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री, अधिकारी दावा करते है कि हरियाणा के शिल्पकारों को यहां प्रमुखता मिलती है परंतु जमीनी हकीकत पर ऐसा दिखाई नहीं देते।

**अन्य देशों व राज्यों का मंच बन चुका है यह मेला :** मेला परिसर में अगर घूम कर जमीनी हकीकत टटोली जाये तो पता चलता है कि यहां हरियाणवियों को ज्यादा महत्व नहीं मिलता, अन्य देशों के जो स्टाल यहां लगते है, उनमें ज्यादातर दिल्ली के जनपथ व खान मार्किट में आसानी से मिलते है। बहुत सी स्टालों पर जो माल बेचा जा रहा है वो भी सदर बाजार में आसानी से उपलब्ध है। बेजोड़ शिल्पकारों की कला के यहां चंद ही स्टाल है। हालांकि कुछके स्टाल पर अवार्ड हासिल करने के प्रमाण पत्र लगे है परंतु वो बहुत पुराने है, जहां तक खानपीन की स्टॉलों का ताल्लुक है, दावा किया जाता है कि यहां उन राज्यों का असली स्वाद मिलेगा, जिन राज्यों के खान पान से यह ताल्लुक रखती है परंतु ऐसी एक भी स्टाल नहीं है, जिसके भोजन को चटखारे लेकर खाया जा सके। खुद हरियाणा पर्यटन विभाग की स्टालों पर हरियाणवीं खानपान का स्वाद नहीं मिलता, जबकि जो व्यंजन यहां परोसे जा रहे है, उससे ज्यादा स्वादिष्ट स्ट्रीट फूड में खाने को मिल जाते है, जबकि यहां के दाम भी अच्छे खासे रेस्तरां के बराबर है। मेले में शाम के वक्त जो कलाकारों को बुलाकर जो प्रस्तुतियां दी जाती है, उसमें भी बड़ा घालमेल है।

दूसरे दर्जे के कलाकारों को बुलाकर पहले दर्जे के कलाकारों के अनुसार भुगतान दिया जाता है। कई बार तो वही पुराने घीसेपीटे कलाकारों को प्रस्तुती के लिए मोटी फीस दी जाती है। इन कलाकारों का चयन करने व उनकी फीस तय करने के लिए कौन सी कमेटी या अधिकारी जिम्मेदार है, इसकी पूछताछ करने की हिम्मत किसी में नहीं है। मेला सुचारू रूप से चले इसके लिए प्रशासन के सभी विभाग व उनके अधिकारी हजारों की संख्या में पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर लगाया जाता है।

इन 15 दिनों में फरीदाबाद के सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति नाममात्र रहती है, जिससे रूटीन कार्यो में देरी होती है। जहां तक मेले का प्रश्न है, यह जरूर लगना चाहिए इससे पूरे देश के लोगों को जानने पहचानने व उनके खानपान, रहन-सहन एवं पहरावे का ज्ञान होता है परंतु इसी के साथ जो कमियां हर बार मेला समाप्त होने के बाद संज्ञान में आती है, उनको दूर भी किया जाना चाहिए। हरियाणा के शिल्पकारों कलाकारों को प्रमुखता मिलनी चाहिए और यह आम आदमी की पहुंच में रहे, इसके लिए टिकट से लेकर ट्रांसपोर्ट, पार्किंग, खानपान एवं वहां बेचे जाने वाले उत्पादों के दामों पर भी सरकार की नजर होनी चाहिए, तभी यह मेला प्रदेश का नाम रोशन करेगा। अब देखना यह होगा कि किसके दावों में दम है।

## प्रापर्टी विवाद और लेनदेन सुलझाने में पुलिस ज्यादा सक्रिय



फरीदाबाद पुलिस विभाग के कर्मचारी जघन्य अपराधों को सुलझाने के बजाए प्रापर्टी और लेन-देन के मामलों को हल करने में ज्यादा रुचि दिखाते हैं। जिले भर के थानों-चौकियों में चोरी, वाहन चोरी, बलात्कार, छीना झपटी जैसे संगीन अपराधों की एफआईआर दर्ज करने में अक्सर आनाकानी की जाती है, जबकि अगर कोई व्यक्ति आपसी रूपयों के लेन-देन व प्रापर्टी संबंधी मामलों को लेकर थानों चौकियों में जाते है तो तुरंत पुलिस हरकत में आ जाती है। दोनों पार्टियों को थानों में कई-कई बार बुलाकर मुकदमों का भय दिखाकर फैसले करने को मजबूर किया जाता है। आमतौर पर देखने में आया है कि ज्यादातर लोग पुलिस के चक्कर में फंसने के बजाए इस तरह के विवादों को निपटा लेते है, पुलिस के हाथ दोनों तरफ से कुछ न कुछ सुविधा शुल्क लग जाता है। हालांकि इस तरह के सभी विवाद दिवानी श्रेणी के आते है। इस श्रेणी के विवादों का निपटारा अदालत में होना चाहिए परंतु पुलिस लेनदेन के मामलों में दबाव बनाकर धोखाधड़ी का केस दर्ज करने का भय दिखाकर फैसला करवा देते है। प्रापर्टी के झगड़ों में पुलिस की रुचि और भी ज्यादा रहती है। हालांकि पुलिस को पहाड़ की जमीन व एग्रीकल्चर जमीन से संबंधित कोई जानकारी नहीं होती, इसके लिए राजस्व विभाग से सैटेलाईट पैमाइश करवाकर जमीन को चिन्हित करना जरूरी होता है परंतु पुलिस ऐसे मामलों में भी बिना राजस्व विभाग का सहयोग लिए हल करवाती है। ऐसे में जो व्यक्ति दब जाता है, उसे हल करवा दिया जाता है। पुलिस ऐसे मामलों में कानून से बाहर जाकर रुचि लेती है क्योंकि लेनदेन व प्रापर्टी विवाद में अधिक सुविधा शुल्क मिलने की संभावना रहती है परंतु ऐसे मामले जो न्यायालय में विचाराधीन है। उन मामलों में भी कई पुलिस के अधिकारी दायरे से बाहर जाकर लोगों को डराते धमकाते है, ऐसा नहीं है कि इन मामलों में मात्र सब इंस्पेक्टर या इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी हाथ डालते है, एसीपी व डीसीपी स्तर के अधिकारी भी बड़े मामलों को सुलझाने में रूचि दिखाते है परंतु ऐसे मामले जहां संबंधित पक्ष कानून का जानकार है। ज्यादा जागरूक है व इस बात को समझता है कि पुलिस दिवानी मामलों में दखल नहीं दे सकती, ऐसे लोग पुलिस के प्रभाव में नहीं आते और ऐसे मामलों को पुलिस दाखिल दफ्तर यानी छोड़ देती है। हरियाणा के आला अधिकारी जो चंडीगढ़, पंचकूला में बैठे है, उनके पास भी ऐसी शिकायतें आती रहती है परंतु बावजूद इसके पुलिस ऐसे मामलों को हल करने में पूरी रुचि लेती है, जबकि जघन्य अपराध जिसका असर समाज के हर तबके पर पड़ता है, ऐसे मामले ट्रेस नहीं हो पाते या बहुत कम ट्रेस हो पाते है। यही कारण है कि प्रदेश में अपराधियों का मनोबल कम नहीं हो रहा।

# अब सरकार मोबाइल वैन और खुदरा दुकानों पर 29.50 रुपये में बेचेगी आटा



## नेफेड और एनसीसीएफ छह फरवरी 2023 से 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम के दाम पर आटा बेचना शुरू करेंग

अब सरकार की तरफ से मोबाइल वैन के जरिए व खुदरा दुकानों पर 29.50 रुपए किलो आटा बेचा जाएगा। यह काम राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) करेंगी। नेफेड और एसीसीएफ ने इस पर सहमति व्यक्त की है। इसे भारत आटा या कोई अन्य उपयुक्त ब्रांड नाम से बेचा जाएगा। केन्द्रीय भंडार पर 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आटे की बिक्री शुरू कर दी गई है। हालांकि, एनसीसीएफ और नेफेड 6 फरवरी 2023 से आटे की आपूर्ति करेंगे।

बीते वर्ष असमान्य मौसम के चलते गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ था। वहीं बाजार में गेहूं और आटे की कीमतों में इजाफा भी देखने को मिला था। इस वक्त खुदरा बाजार में गेहूं आटा की कीमत 35 से 38 रुपये किलो चल रही है। दो फरवरी को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव ने एक बैठक में खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) की प्रगति की समीक्षा की थी। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी निगम /सहकारिता समिति /संघ/राज्य सरकारों/ केंद्र शासित प्रदेशों के स्वयं सहायता समूह को भी संबंधित राज्य सरकार /केंद्र शासित प्रदेशों की सिफारिश पर उपभोक्ताओं को 29.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आटा उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की तरफ से 23.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गेहूं आवंटित किया जा सकता है। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति ने 25 जनवरी, 2023 को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की समीक्षा की थी और खुला बाजार बिक्री योजना के माध्यम से भारतीय खाद्य निगम स्टॉक से 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं जारी करने का फैसला किया था। इसके तहत

भारतीय खाद्य निगम द्वारा अपनाई जाने वाली सामान्य प्रणाली के अनुसार व्यापारियों, आटा मिलों आदि को ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से 25 लाख मीट्रिक टन की पेशकश की जाएगी।

बोलीकर्ता प्रति नीलामी प्रति क्षेत्र अधिकतम 3000 मीट्रिक टन की मात्रा के लिए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं।

ई-नीलामी के बिना राज्य सरकारों को उनकी योजनाओं के लिए 10,000 मीट्रिक टन/राज्य की दर से 2 लाख मीट्रिक टन की पेशकश की जाएगी।

सरकारी पीएसयू /सहकारी समितियों /संघ जैसे केंद्रीय भंडार/ एनसीसीएफ/ नेफेड आदि को बिना ई-नीलामी के 3 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह आवंटन इस शर्त के अधीन होगा कि वे गेहूं को आटा में परिवर्तित करेंगे और इसे अधिक से अधिक 29.50 रुपये /किलोग्राम की एमआरपी पर जनता को उपलब्ध कराएंगे।

